सुप्रभात


रांची, बुधवार
23.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 278 | 12 | संसद ही सर्वोच्च, इससे ऊपर कोई नहीं



## न्यूज डायरी

### 24 कैरेट सोना प्रति दस ग्राम एक लाख हुआ

**नयी दिल्ली।** सोना ने मंगलवार को नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव सोमवार को 99,800 रुपये था।

### पीएम के प्लेन का सैन्य विमानों ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के प्लेन की जेद्दा में लैंडिंग से पहले सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पीएम मोदी के प्लेन को रॉयल सऊदी वायु सेना के लड़ाकू वीमानों ने एस्कॉर्ट किया। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, दोस्ती की ऊंची उड़ान। पीएम मोदी की राजकीय यात्रा के एक विशेष संकेत के रूप में, उनके विमान को सऊदी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी वायु सेना ने एस्कॉर्ट किया।

### अंधविश्वास में नतिनी ने कर दी नानी की हत्या

**सरायकेला।** सदर थाना क्षेत्र के जगन्नाथ मंदिर के समीप रहने वाली तनीषा खंडेत ने अपनी नानी सुमित्रा नायक (72) की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित नतिनी रात भर शव के पास बैठी रही और मंगलवार सुबह तक नानी को जिन्दा करने का दावा कर रही थी। उसके दावे के आगे परिवार के लोग विवश हो गये, क्योंकि उसने अपने हाथ में धारदार हथियार पकड़ा हुआ था। घटना सोमवार देर रात की है। घटना की सूचना मिलने पर मंगलवार की सुबह सरायकेला पुलिस पहुंची और आरोपित तनीषा को उसकी दोनों बहनों के साथ पकड़कर थाना ले आयी।

### बाइक और कमांडर में टक्कर, दो की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के गढ़वा के केतार बाजार के समीप पंडा नदी पुल पर बाइक और कमांडर जीप की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। संजीव सिंह के साथ पड़ोसी प्रेम सागर सिंह मायर ग्राम से केतार बाजार बाइक से आये थे। घर लौटते वक्त पंडा नदी पुल पर सामने से आ रही कमांडर जीप से जोरदार टक्कर हो गयी।

### आतंकी हमले रायपुर के कारोबारी की मौत

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार हमले में गंभीर रूप से घायल दिनेश मिरानिया ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रायपुर के समता कॉलोनी निवासी दिनेश मिरानिया अपनी पत्नी नेहा मिरानिया और दो बच्चों शौर्य व लक्षिता मिरानिया के साथ पहलगाम घूमने गये थे।

## बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं विशेषज्ञों से मिले

# झारखंड आकर निवेश करें, हम तैयार हैं : सीएम

**एजेंसी**

**बार्सिलोना/रांची।** झारखण्ड में निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। इस क्रम में झारखंड के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की। राज्य सरकार ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखण्ड में एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जतायी। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखण्ड में निवेश के लिए आमंत्रित किया है।



इस क्रम में आरसीडी स्पेनयोल फुटबॉल क्लब ने झारखण्ड सरकार को खेल विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया। यह झारखंड में फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा।

### गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का दिया प्रस्ताव

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टेसला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की और झारखण्ड में गीगा फैक्ट्री लगाने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी।

**सरकार ने रखा प्रस्ताव :** प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि झारखंड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स की मैपिंग की जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखण्ड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्द्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावना तलाशने का सुझाव दिया। इसके अलावा पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान विषय रहे।

**मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त :** मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन एवं अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि झारखण्ड ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र एवं सहज रूप से धरातल पर उतारने को प्रतिबद्ध है।

## पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को बनाया निशाना

# आतंकवादी हमले में 26 से अधिक पर्यटकों की मौत

### पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला

- आतंकियों ने नाम पूछ-पूछकर गोली मारी, इजराइल और इटली के भी टूरिस्ट के मरने की खबर





**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला कर दिया, जिसमें 26 से अधिक पर्यटकों की मौत हो गयी और कम से कम 20 लोग घायल होने की खबर है। यह हमला बैसरन घाटी में हुआ जहां पर्यटक घूमने पहुंचे थे और यहां केवल पैदल या खच्चरों से पहुंचा जा सकता है। हमले की जिम्मेवारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े टीआरएफ ने ली है। हमले के बाद सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस हमलावरों की तलाश में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। यह घटना दोपहर 3 बजे हुई। आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस जगह को हरे-भरे घास के मैदानों के कारण मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। बता दें कि यह आतंकी हमला ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

**मुस्लिम नहीं हो कहा और मार दी गोली...** आतंकी हमले का बेहद ही दिल दहला देना वाला वीडियो सामने आया है। महिला वीडियो में कह रही है, मैं और मेरे पति एक जगह शांत बैठकर भेल खा रहे थे, तभी कुछ आतंकी वहां आ पहुंचे। उन्होंने हमें देखा और कहा कि ये लोग मुस्लिम नहीं लगते, इन्हें मार दो। उन्होंने मेरे पति को गोली मार दी। एक अन्य महिला रोते हुए कह रही थी- मेरे पति को बचा लो, वो जमीन पर पड़े हैं। एक और महिला अपने घायल पति को कुर्सी पर संभालते हुए मदद की गुहार लगा रही थी- 'प्लीज, मेरी मदद करो, इन्हें गोली लगी है।

उधर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या पता लगायी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हाल के वर्षों में हुए किसी भी हमले से यह हमला बड़ा है। वहीं पहलगाम अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि घायल पर्यटकों को भर्ती कराया गया है और सभी की हालत स्थिर है। घायलों में पर्यटक और स्थानीय दोनों शामिल हैं।

### गृह मंत्री श्रीनगर पहुंचे, कहा- आतंकियों को बख्शा नहीं जायेगा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को नयी दिल्ली से श्रीनगर पहुंचे। श्री शाह श्रीनगर स्थित राजभवन में अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जायेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सऊदी अरब से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर उचित कदम उठाने के साथ घटनास्थल का दौरा करने का निर्देश दिया। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा,'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कठोरतम कार्रवाई करेंगे। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घटना की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



श्रीनगर में बैठक करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य।

### दोषियों को छोड़ेंगे नहीं, हम अडिग हैं : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हो जायें। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अटल है और यह और भी मजबूत होगा।

### टीआरएफ, जिसका हमले में आया नाम

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका होने का संदेह है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद टीआरएफ का गठन किया गया था। माना जाता है कि टीआरएफ का निर्माण पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य लश्कर-ए-तैयबा से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाना था। इसका संस्थापक शेख सज्जाद गुल है। टीआरएफ ने कश्मीरी पंडितों, सिखों, हिंदुओं और मुसलमानों सहित विभिन्न लोगों को निशाना बनाया है।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित

# प्रयागराज की शक्ति दुबे टॉपर शीर्ष पांच रैंक में तीन लड़कियां

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग- यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे ने प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं हर्षिता गोयल ने दूसरा, अर्चित पराग डोंगरे ने तीसरा, मार्गी चिराग शाह ने चौथा, आकाश गर्ग ने पांचवां, कोमल पुनिया ने छठा और आयुषी बंसल ने सातवां स्थान हासिल किया है। वहीं राज कृष्ण झा को आठवां, आदित्य विक्रम को नौवां और मयंक त्रिपाठी को दसवां रैंक हासिल हुआ है।

**शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल**
इस बार के परीक्षा परिणाम में शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले 45 व्यक्ति भी हैं।

**5,83,213 उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में हुए थे शामिल :** सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 16 जून, 2024 को आयोजित की गई थी।

रैंक-1




शक्ति दुबे

रैंक-२



हर्षिता गोयल

रैंक-३



अर्चित पराग डोंगरे

**सर्विस वाइज चयनित उम्मीदवार**

| | |
|---|---|
| भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) | 180 |
| भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) | 155 |
| भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) | 55 |
| इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स सर्विस (ग्रुप अ) | 20 |
| इंडियन सिविल अकाउंट्स सर्विस (ग्रुप अ) | 25 |
| इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस (ग्रुप अ) | 24 |
| इंडियन कॉर्पोरेट लॉ सर्विस (ग्रुप अ) | 7 |
| इंडियन रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स सर्विस (ग्रुप अ) | 19 |
| इंडियन रिवेन्यू सर्विस (कस्टम्स एंड इनडायरेक्ट टैक्स) | 96 |
| इंडियन रिवेन्यू सर्विस (इनकम टैक्स) | 180 |
| इंडियन रेलवे मैनेजमेंट सर्विस (आईआरएमएस) | 150 |

कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए योग्य घोषित हुए। इनमें से 2,845 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए चुने गए। कुल 1009 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग ने अनुशंसित किया।

### सर्च ऑपरेशन में दो नक्सली पकड़े गये

**बोकारो।** गोमिया के लुगु पहाड़ी में बीते सोमवार को मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को जांबाजों ने मार गिराया था। इसके बाद सर्च कांबिंग ऑपरेशन के दरम्यान दो नक्सली पकड़ गये। पकड़े गये नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी है। जानकारी के अनुसार इसका नाम अनिता बताया गया है। वह दुमका की रहने वाली है। उसका पति राजू मांझी भी एक हार्डकोर नक्सली है। वहीं, गिरफ्तार किये गये दूसरे नक्सली का नाम दयानंद है। वह बिहार के जमुई का रहने वाला है। एनकाउंटर में वह जख्मी हो गया था और एक घर में पनाह लेकर वहां अपना इलाज करवा रहा था। सुरक्षा बलों को उम्मीद है कि नक्सलियों के कई राज का खुलासा होगा।

## बोकारो वन भूमि घोटाले की जांच का मामला

# रांची सहित कई जिलों में ईडी ने की छापेमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बोकारो वन भूमि घोटाले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो गई है। बोकारो में हुए 100 एकड़ से ज्यादा के वन भूमि घोटाले मामले में ईडी ने मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची सहित कई अन्य शहरों के करीब एक दर्जन के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। रांची के लालपुर, बरियातू सहित बोकारो और रामगढ़ इलाके के कुछ जगहों पर रेड हुआ है।

ईडी ने रांची और बोकारो में आधा दर्जन भू-माफिया, कई बिल्डर, कई अंचलकर्मी के घर और कार्यालय में ईडी ने रेड डाला, जो देर शाम तक जारी रहा। अब तक की छापेमारी में क्या कुछ बरामद हुआ है, इसकी अधिकृत जानकारी फिलहाल ईडी द्वारा नहीं दी गई है। बता दें कि इससे पूर्व झारखंड सीआईडी ने बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू की थी। जमीन माफिया को लेकर बोकारो वन प्रमंडल के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षक रुद्र प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

## कार्टून कोना





## जमशेदपुर, दुमका, रांची, बोकारो, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग जिले के बच्चों ने मारी बाजी

# यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में झारखंड का रहा जलवा

- यूपीएससी में बिहार के छात्रों का दबदबा बरकरार



छाया कुमारी



राजकुमार महतो



आस्था शरण



ऋत्विक वर्मा



सौरभ सिन्हा

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के कई बच्चों ने इस बार यूपीएससी की परीक्षा में झारखंड का नाम रोशन किया है। बोकारो जिले के चास प्रखंड के तियाड़ा गांव के निवासी राजकुमार महतो ने साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी हों, मेहनत का रास्ता सफलता तक जरूर पहुंचाता है। राजकुमार महतो ने 557वां रैंक हासिल कर झारखंड को गौरवान्वित किया है। राजकुमार के पिता ने अखबार बेचकर बेटे को पढ़ाया और आज वही बेटा यूपीएससी में 557वीं रैंक लाकर अफसर बनने जा रहा है। यह कहानी पूरे झारखंड को गर्व से भर देती है। वहीं उपराजधानी दुमका के 28 वर्षीय सौरभ सिन्हा ने चौथी बार यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर यह चरितार्थ कर दिया कि कभी हार नहीं माननी चाहिए। साधारण परिवार से आये सौरभ सिन्हा ने 49वां रैंक हासिल कर अपने राज्य और दुमका जिला का मान बढ़ाया। कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर बरही (हजारीबाग) के जरहिया गांव निवासी शिवशरण गोप की सुपुत्री की आस्था शरण ने 354वां रैंक हासिल कर माता-पिता के साथ झारखंड का गौरव बढ़ाया। वहीं लौहनगरी जमशेदपुर के ऋत्विक वर्मा ने 115वां रैंक लाया। उन्होंने दिल्ली विवि के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल विषय से स्नातक किया था। साल 2023 में उनका चयन आइपीएस के लिए हो चुका था। वे फिलहाल सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में आईपीएस प्रोबेशनर के रूप में ट्रेनिंग ले रहे हैं। वहीं जमशेदपुर की डॉ इशिका सिंह ने 206वां रैंक लाकर झारखंड का मान बढ़ाया। जमशेदपुर में पली बढ़ी डॉक्टर बिटिया अपने प्रथम प्रयास में ही 206वीं रैंक हासिल किया।


### रांची में रही बिहार की संस्कृति त्रिवेदी को 17वीं रैंक

रांची में पली-बढ़ी और 10वीं और 12वीं की पढ़ाई रांची के जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली से पूरी करने वाली बिहार की संस्कृति त्रिवेदी ने आल इंडिया 17वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल कर ली। संस्कृति की यह कामयाबी मेहनत, लगन और अनुशासन का नतीजा है। खास बात यह है कि उन्होंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की और सफलता हासिल की है।

लातेहार जिले के महुआडांड के चटकपुर गांव निवासी बिपुल गुप्ता को 368 रैंक हासिल हुई है। वहीं जमशेदपुर से रोहित कुमार गौरव को 518 रैंक मिला है।

**गढ़वा की छाया ने किया कमालः** गढ़वा की छाया कुमारी ने यूपीएससी परीक्षा में 530वां रैंक हासिल कर कमाल कर दिया। गांव में खुशी का माहौल है। पिता के आंखों से खुशी के आंसू छलक रहे हैं। पिता बताते हैं कि बीएससी में गोल्ड मेडिलिस्ट छाया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सम्मानित भी हो चुकी है। माता और पिता ने कहा- अब मैं बेटी के नाम से जाना जाऊंगा, इससे बड़े गर्व की बात क्या हो सकती है, क्योंकि मैंने बेटियों की पढ़ाई के लिए गांव में कर्ज लेकर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### 26 को पोप फ्रांसिस का होगा अंतिम संस्कार



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल यानी शनिवार को किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे होगा। पोप का अंतिम संस्कार सेंट पीटर्स बेसिलिका के सामने किया जाएगा। इससे पहले पोप का पार्थिव शरीर बुधवार सुबह नौ बजे सेंट पीटर्स बेसिलिका लाया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार होने तक यहीं पर रखा जाएगा, ताकि लोग उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दे सकें। अभी उन्हें सेंटा मार्टा के आवास के प्रार्थना घर में रखा हुआ है, जहां पोप रहते हुए वो 12 साल से रह रहे थे।

# संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस राज्यभर में निकालेगी रैली

## प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान बचाओ अभियान के जरिए प्रदेश कांग्रेस ने जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत गांव से लेकर प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले वृहत कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश प्रभारी के. राजू की मौजूदगी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को प्रेस क्लब रांची में हुई जिसमें वृहद कार्ययोजना बनाई गई।



प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पिछले दिनों गुजरात के अहमदाबाद में पार्टी अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अनुरूप दृढ़ संकल्प, समर्पण और संघर्ष के साथ संविधान बचाओ रैली आयोजित करने के संबंध में लिए गए निर्णय के अनुरूप पूरे राज्य में रैलियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों को इस अभियान में शामिल करने पर सहमति जताई गई। कई घंटों तक चली इस बैठक में प्रदेश स्तर के नेताओं के अलावा पार्टी के विधायक, सरकार के मंत्री और जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखे।

**प्रमंडल से लेकर गांव-गांव होगी कांग्रेस की रैली :** प्रदेश कांग्रेस ने संविधान बचाओ अभियान को लेकर अप्रैल महीने की 30 तारीख तक सभी प्रमंडल में रैली करने का निर्णय लिया है। तत्पश्चात 1 मई से 10 मई तक सभी जिलों में रैली होगी। 10 मई के बाद विधानसभा स्तर पर रैली और फिर गांव-गांव और शहर में हर वार्ड में पदयात्रा जनसंपर्क कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रदेश प्रभारी के राजू के अनुसार रैली के जरिए कांग्रेस जनता के बीच जाएंगी और भाजपा सरकार के द्वारा जनहित के खिलाफ लिए जा रहे हैं निर्णय को बताने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पार्टी जनता को बताएगी कि किस प्रकार भाजपा द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का इस्तेमाल करते हुए हमारे नेताओं की जुबान बंद करने की कोशिश की गई। हम वक्फ संशोधन जैसे राष्ट्रीय मुद्दे पर भी चर्चा करेगें।

**मंत्रियों ने साझा किए अपने विचार :** प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा, सेमिनार आयोजित किए जायेंगे। इसमें सामाजिक संगठनों से भी सहयोग लिया जायेगा।

वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि संविधान बचाओ अभियान देश की धर्मनिरपेक्षता बचाने का अभियान है ताकि इस देश के ओबीसी, दलित, पिछड़ा समाज सभी के अधिकार बचे रहें।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से ईडी का इस्तेमाल कर सोनिया गांधी, राहुल गांधी पर हमले किए जा रहे हैं इसका सीधा मतलब है कि लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भी रैली आयोजित की जाएगी जिसके लिए स्थान निर्धारित किए जा रहे हैं। बैठक में सहप्रभारी बेला प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू, राज्य सरकार में कांग्रेस कोटि की मंत्री दीपिका सिंह पांडे, इरफान अंसारी आदि मौजूद थे।

### संविधान बचाओं अभियान का समन्वयक बनाये गए प्रदीप बलमुचु

इधर बैठक की समाप्ती के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि संविधान बचाओ अभियान क्रियान्वयन का समन्वयक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचु को बनाया गया है। अभियान की सफलता के लिए केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का प्रभारी सूर्यकांत शुक्ला एवं लाल किशोरनाथ शाहदेव, एम तौसीफ, सुरेन राम, नरेंद्र लाल गोपी, सुंदरी तिर्की,अख्तर अली, जितेंद्र त्रिवेदी, प्रेमनाथ मुंडा को बनाया गया है। वहीं हिमांशु सदस्य के रूप में रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संविधान बचाओ अभियान के कार्यक्रमों को क्रियान्वयन हेतु जिला नोडल प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिसकी जिम्मेदारी प्रमुख कांग्रेसियों को दी गई है।

## खबर एक नजर में

### मतदाता सूची में सुधार से संबंधित झारखंड में एक भी अपील नहीं

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार हर मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। हर बूथ पर हर राजनीतिक दल को बूथ लेवल एजेंट नामित करने का अधिकार होता है। देश का हर नागरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, वह निर्वाचक बन सकता है। इसके लिए नए मतदाता के रूप में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म 7 एवं मतदाता सूची में प्रविष्टि में सुधार या बदलाव करने के लिए फॉर्म 8 का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके उपरांत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा इसका सत्यापन किया जाता है एवं उक्त सूची पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) द्वार संशोधन करने हेतु अंतिम निर्णय लिया जाता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24(क) के तहत अगर किसी व्यक्ति को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्णय पर आपत्ति है तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील दायर की जा सकती है।

**झारखंड में 2.62 करोड़ निर्वाचक हैं :** झारखंड में लगभग 2 करोड़ 62 लाख निर्वाचक हैं। राज्य में 29 हजार से भी अधिक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमों में घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत निर्वाचकों को सत्यापित एवं नये निर्वाचकों का पंजीकरण का कार्य किया जाता है। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स ने भी बूथ स्तर पर इन सूचीयों को सत्यापित करने का कार्य किया है। वर्तमान में झारखंड में एक भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी/डीईओ या सीईओ कार्यालय के समक्ष मतदाता सूची में संशोधन हेतु कोई भी अपील लंबित नहीं है।

### मिथिलेश ठाकुर के जरिये सरकार तक पहुंची होगी कमीशन की राशि : बाबूलाल

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में हुए करोड़ों के घोटाले को लेकर झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा कर गंभीर आरोप लगाये हैं। साथ ही बाबूलाल ने इस घोटाले को राज्य की साख पर गहरा धब्बा बताते हुए इसे संगठित लूट का उदाहरण करार दिया है। बाबूलाल ने लिखा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से करोड़ों रुपये की अवैध निकासी के मुख्य आरोपी, कैशियर सह अपर डिविजनल क्लर्क ने स्वीकार किया है कि निकाले गये पैसे को विभाग के तत्कालीन मंत्री, तत्कालीन सचिव और अभियंताओं के बीच बांटा गया था। इस पूरी साजिश को अंजाम देने के दौरान गिरिडीह जैसे कोडवर्ड का इस्तेमाल कर पैसा ठिकाने लगाने की योजना बनायी गयी थी। मरांडी ने दावा किया है कि यह घोटाला सिर्फ विभागीय स्तर तक सीमित नहीं था, बल्कि इसकी कड़ी राज्य सरकार के शीर्ष पदों तक जुड़ती है। उन्होंने आशंका जतायी कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के माध्यम से कमीशन की राशि सरकार तक भी पहुंची हो। बाबूलाल ने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने झारखंड की साख को जो धक्का पहुंचाया है, वो अकल्पनीय है।

## रक्षा राज्य मंत्री ने अवैध बालू कारोबार को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड में तेजी से बढ़ रहे अवैध बालू कारोबार को लेकर चिंता जताई है। इसको लेकर उन्होंने झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को एक पत्र लिखा है और इस पूरे मामले में राज्य स्तरीय विशेष टास्क फोर्स गठित करने की मांग की है उन्होंने पत्र में लिखा है कि रांची सहित पूरे झारखंड में बालू की कालाबाजारी और अवैध खनन अपने चरम पर है। इससे न सिर्फ नदियों का अस्तित्व खतरे में है, बल्कि नदियों पर बने पुल भी कमजोर हो रहे हैं। यह सिर्फ अवैध कारोबार का मामला नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ है।

**अधिकारियों पर हमला भी कर चुके हैं कारोबारी :** संजय सेठ ने बताया कि अवैध कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब अधिकारियों पर हमला करने से भी नहीं हिचक रहे। कुछ दिन पहले रांची में एसडीओ उत्कर्ष कुमार और जिला खनन पदाधिकारी जब जांच के लिए गये थे, तो कारोबारियों ने उन्हें कुचलने की कोशिश की थी।

### सीएस से संजय सेठ ने की विशेष टास्क फोर्स गठित करने की मांग



**प्रशासन अब तक खामोश :** केंद्रीय मंत्री ने अफसोस जताते हुए कहा कि इतने गंभीर मामले के बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आम लोग जरूरत के लिए बालू नहीं पा रहे हैं, और जो मिल रही है, उसकी कीमत बहुत ज्यादा वसूली जा रही है। संजय सेठ ने मांग की है कि सरकार को जल्द से जल्द एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बनाकर इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करानी चाहिए। साथ ही अवैध कारोबारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि लोगों का सरकार और प्रशासन पर भरोसा बना रहे।उन्होंने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाया गया तो आम जनता के साथ-साथ अधिकारियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

### बोकारो जिला महिला बाल विकास परियोजना में कार्यरत संविदा कर्मी होंगी नियमित

**रांची।** बोकारो जिला में कार्यरत संविदा कर्मी की ओर से अपनी सेवा नियमित करने को लेकर दाखिल रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। रिट याचिका के माध्यम से वर्ष 2021 में अपनी सेवा को नियमित करने का आग्रह किया गया था। हाई कोर्ट के न्यायाधीश दीपक रोशन की खंडपीठ ने कमल रजवार और गीता कुमारी सांख्यिकी सहायक के पद पर वर्ष 2008 से संविदा पर कार्यरत के पक्ष फैसला सुनाया। प्रार्थियों के अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने कोर्ट को बताया कि यह दोनों ही प्रार्थी वर्ष 2008 से बोकारो जिला में महिला बाल विकास कार्यालय में कार्यरत है।

## वक्फ संपत्ति का सही उपयोग हो तो सऊदी अरब से भी ज्यादा धनी होंगे भारत के मुसलमान : दुष्यंत गौतम

### वक्फ संशोधन कानून को लेकर जनता के बीच संपर्क, संवाद को बढ़ाएगी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को वक्फ (संशोधन ) संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले जागरण अभियान की प्रदेश टोली, प्रदेश पदाधिकारी,अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सहित विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के जिलाध्यक्ष शामिल थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम ने वक्फ संशोधन अधिनियम की बारीकियों, संशोधन से होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है। इसमें इस्लामी कानून के तहत पवित्र,धर्मार्थ कारणों से किए गए सभी दान शामिल हैं। 2018 की केंद्रीय वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति ह, जिसकी कीमत 10 लाख करोड़ से अधिक है। बैठक का संचालन जागरण अभियान के प्रदेश संयोजक कमाल खान ने और धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक अमर कुमार बाउरी ने किया।

**आज 31% मुसलमान गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं :** उन्होंने कहा कि कहा कि बावजूद इसके आज 31% मुसलमान गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं। वक्फ संपत्ति से गरीब मुसलमानों केलिए की कुछ नहीं किया गया। धार्मिक नेताओं और राजनेताओं के बड़े गुट ने वक्फ संपत्तियों को लूटकर आम मुसलमानों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर दिया।

इस प्रकार जन कल्याण केलिए बना वक्फ भारत का सबसे बड़ा घोटाला बन चुका है। लगभग 70% वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा हो चुका है जबकि बाकी संपत्तियां मॉल,होटल और उद्योगों केलिए नाम मात्र किराए पर लीज दे दी गई है।

यदि वक्फ की संपत्ति का सदुपयोग होता तो आज भारत के मुस्लिम भाई बहन सऊदी अरब के मुसलमानों से भी ज्यादा अमीर होते। यह संशोधन कही से भी धार्मिक मान्यताओं पर अतिक्रमण नहीं है। यह संपत्ति से जुड़े मामलों को पारदर्शी बनाने की पहल है। यह विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने का प्रयास है।




### कांग्रेस ने वक्फ कानून में संशोधन से जमीन लुटेरों को अधिकार दिया : बाबूलाल मरांडी

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वक्फ की जमीन को लुटेरों से बचाने केलिए वक्फ संशोधन अधिनियम लाया गया है। कांग्रेस पार्टी का स्वभाव है दुष्प्रचार करना। पहले सीएए के बारे में, तीन तलाक के बारे में दुष्प्रचार किया। संविधान के बारे में दुष्प्रचार किया। कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है। संविधान की कॉपी हाथ में लेकर ये अपने पाप को छुपाना चाहते हैं। लेकिन जनता जानती है कि इन्होंने संविधान और संविधान निमार्ता बाबा साहब का कितना अपमान किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा 2013 में किया गया वक्फ बोर्ड संशोधन नैसर्गिक न्याय के खिलाफ था। जमीन लुटेरों को असीमित अधिकार दिए गए थे। मोदी सरकार ने वक्फ की जमीन दान दाताओं के उद्देश्यों की पूर्ति केलिए और लुटेरों से जमीन को बचाने केलिए वक्फ संशोधन कानून बनाया है। यह गरीब मुसलमानों के हित में लाया गया संशोधन है। संशोधन कानून से वक्फ बोर्ड अमीर बनेगा। वहीं, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी जनता के बीच संपर्क संवाद के माध्यम से वक्फ संशोधन कानून को लेकर जनता के बीच जाएगी। कार्यशाला में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश,जागरण अभियान के प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह ,राकेश प्रसाद ,नीलकंठ सिंह मुंडा,विकास प्रीतम,आरती कुजूर, गणेश मिश्र,दुर्गा मरांडी,सुनीता सिंह सरोज सिंह ,मनोज महतो,आरती सिंह,पवन साहू,अमरदीप यादव, किशुन दास,शशांक राज, अनवर हयात, शिवपूजन पाठक ,प्रतुल शाह देव ,रमाकांत महतो, अविनेश कुमार सिंह, विजय चौरसिया, राफिया नाज, अशोक बड़ाइक, सोना खान, सुधीर श्रीवास्तव और तारिक इमरान आदि उपस्थित थे।

## बोकारो एनकाउंटर : फायरिंग में जख्मी नक्सली सहित दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को हुए एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद एक और बड़ी सफलता सुरक्षाबलों के हाथ लगी है। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने एक महिला सहित दो नक्सलियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार दो नक्सलियों में से एक घायल अवस्था में इलाज करवाते पकड़ा गया है। मामले को लेकर जल्द ही झारखंड पुलिस के द्वारा आधिकारिक सूचना दी जाएगी।

**सर्च अभियान के दौरान मिली कामयाबी :** बोकारो के लुगु पहाड़ी पर सोमवार को हुए एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी विवेक सहित आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद मंगलवार को एक और बड़ी सफलता मिली है। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने महिला नक्सली अनीता और नक्सल कैडर दयानंद को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को हुए एनकाउंटर में कई नक्सलियों के घायल होने की बात सामने आई थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल के आसपास कई किलोमीटर तक सघन सर्च अभियान चलाया।

सुरक्षा बलों की सर्च ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति के गोली से घायल होने की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने उस घर को घेर लिया। जहां पर घायल व्यक्ति इलाज करवा रहा था। अंदर जाने पर नक्सली कैडर दयानंद घायल अवस्था में पकड़ा गया। दयानंद को दो गोलियां लगी थी। उसके पास से दो हथियार भी बरामद किए गए हैं। दयानंद का इलाज अब पुलिस की सुरक्षा में करवाया जा रहा है।

**पहले पकड़ी गई अनिता :** बोकारो में हुई मुठभेड़ में सोमवार को एक करोड़ के इनामी विवेक के साथ 5 से 6 महिला नक्सली भी मौजूद थी। नक्सलियों और पुलिस के बीच जब मुठभेड़ शुरू हुआ तो आगे की पंक्ति में गोली चला रही दो महिला नक्सली तालो दी और रंजू मांझी मौके पर ही मारी गईं। पास ही मौजूद नक्सली अनीता किसी तरह पुलिस की गोलियों से बचते हुए जंगल की तरफ भाग गई और जाकर छिप गई। इसी बीच सुरक्षाबलों ने जब सर्च ऑपरेशन शुरू किया, तब वह पकड़ी गई। हालांकि सूत्र यह भी बता रहे हैं कि पुलिस के अभियान से घबराकर जंगल में छिपी अनीता ने खुद ही हथियार डाल दिया। अनिता झारखंड के दुमका जिले की रहने वाली है। उसका पति राजू मांझी भी एक हार्डकोर नक्सली है।

**विवेक के दस्ते में अब कौन! :** दो नक्सलियों के जिंदा पकड़े जाने की वजह से मारे गए एक करोड़ के इनामी विवेक के दस्ते से जुड़ी कई जानकारियां अब बाहर आ पाएंगी। सोमवार को विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। ऐसे में अब और कितने नक्सली उस क्षेत्र में बचे हैं और कौन उन्हें लीड कर सकता है, इसकी सारी जानकारी दयानंद और अनिता से पुलिस इकळा करेगी।

# झारखंड पुलिस के निशाने पर शेष बचे एक करोड़ के ईनामी तीन नक्सली

**सत्येन्द्र**

**रांची।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन के खिलाफ झारखंड पुलिस का अभियान अब रंग दिखाने लगा है। सेंट्रल कमेटी के मेंबर और एक करोड़ के ईनामी नक्सली प्रयाग माझी उर्फ विवेक के साथ आठ नक्सलियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराये जाने के बाद झारखंड पुलिस का मनोबल काफी बढ़ गया है। शेष बचे ईनामी नक्सलियों का सफाया करने के लिए पुलिस ने अपने सूचना तंत्र के माध्यम से कुछ अलग ही किस्म का अभियान चलाने का निर्णय लिया है। वर्तमान समय में नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा जिस तरह से अभियान चलाया जा रहा है, उसे देखकर एक बात तो स्पष्ट हो चला है कि भविष्य में शायद कोई ऐसा नक्सली बचे जिसके सिर पर एक करोड़ का इनाम घोषित किया जा सके। फिलहाल झारखंड में मात्र एक करोड़ के ईनामी तीन ही नक्सली बचे हुए है। वहीं कुछ ऐसा भी है जो करोड़ के ईनामी नक्सली बनने की राह पर है।

**एक करोड़ के ईनाम वाले बचे है सिर्फ तीन नक्सली :** झारखंड में अब मात्र तीन ऐसे नक्सली बच गए हैं जिनके सिर पर एक-एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित है। पूर्व में पांच नक्सलियों के ऊपर एक-एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, लेकिन एक के गिरफ्तार होने और एक के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद अब मात्र 3 नक्सली ही झारखंड में बचे है जिन पर एक करोड़ रुपए का इनाम है। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को झारखंड में भाकपा माओवादियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक समेत पूरे दस्ते के सफाए से उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में एक ही झटके में माओवादी संगठन का खात्मा हो गया है। विवेक झारखंड पुलिस के द्वारा मार गिराया गया पहला एक करोड़ का इनामी था। इससे पहले झारखंड पुलिस ने एक करोड़ के इनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में ही कामयाबी पाई थी।

### सुरक्षा बलो के निशाने पर है शेष बचे एक करोड़ के ईनामी नक्सली

झारखंड में अब मात्र तीन नक्सली बच गए हैं, जिनके सिर पर एक करोड़ का इनाम घोषित है। उनमें पहला नाम भाकपा माओवादियों के ईआरबी सचिव मिसिर बेसरा का है। दूसरा सेंट्रल कमेटी मेंबर पतिराम मांझी और तीसरा आकाश मंडल उर्फ अनमोल है। तीनों के सिर पर एक करोड़ का इनाम घोषित है और सबसे खास बात यह है कि ये तीनों ही कोल्हान में एक्टिव हैं, लेकिन तीनों सुरक्षा बलों के निशाने पर हैं।




झारखंड पुलिस के एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर ने बताया कि विवेक के मारे जाने के बाद अब मात्र तीन ऐसे नक्सली बच्चे हैं जिनके ऊपर एक-एक करोड़ का इनाम घोषित है। वहीं डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि एनकाउंटर में बच निकले प्रवेश के ऊपर भविष्य में एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसा कोई नक्सली झारखंड में नहीं बचा है, जो अब एक करोड़ के इनाम के दायरे में भविष्य में आएगा।

**झारखंड पुलिस के लिए सबसे बड़ी गिरफ्तारी प्रशांत बोस की थी :** झारखंड के नक्सली इतिहास में जिस तरह से सबसे बड़ा एनकाउंटर विवेक का था। उसी तरह सबसे बड़ी गिरफ्तारी प्रशांत बोस की थी। प्रशांत बोस के ऊपर एक करोड रुपए का इनाम था। भाकपा माओवादियों का सेकेंड इन कमान प्रशांत बोस माओवादियों के सभी ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का प्रमुख था।

ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो के अधीन ही झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ व पूर्वोतर के सभी राज्य आते हैं। माओवादी संगठन में ईआरबी के प्रमुख का पद दूसरा सबसे बड़ा पद माना जाता है। यही वजह थी कि प्रशांत बोस पर एक करोड़ का इनाम घोषित था। प्रशांत बोस को 2 वर्ष पहले उसकी पत्नी के साथ गिरफ्तार किया गया था।

**पुलिस के टारगेट पर है माओवादियों का शीर्ष नेतृत्व :** दरअसल झारखंड पुलिस माओवादियों के शीर्ष नेतृत्व को टारगेट में रखकर अभियान चला रही है। मात्र ढाई सालों में झारखंड पुलिस के द्वारा बेहतर रणनीति के बल पर चलाए गए अभियान की वजह से भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेतृत्व को लगातार झटके लगते रहे हैं। पुलिस के आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं कि झारखंड में पिछले ढाई सालों में जब कभी भी बड़े नक्सल कमांडर ने सक्रियता दिखाई, उसे उसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ गया।

### माओवादियों का शीर्ष नेतृत्व हो चुका है नेस्तनाबूद

झारखंड में भाकपा माओवादियों के नेतृत्व को लगातार बड़े बड़े झटके लग रहे हैं। भाकपा माओवादियों के सेकेंड इन कमांड प्रशांत बोस उर्फ किशन दा और माओवादियों थिंक टैंक माने जाने वाले कंचन दा उर्फ कबीर समेत दर्जनभर बड़े नक्सली नेताओं की गिरफ्तारी और दर्जन भर बड़े नक्सलियो के आत्मसमर्पण ने भाकपा माओवादियों के सामने नेतृत्व का संकट खड़ा कर दिया है। रही सही कसर एक करोड़ के इनामी विवेक के मारे जाने ने पूरी कर दी।

वर्तमान समय में आलम यह है कि जब भी संगठन अपने आप को मजबूत करने की कोशिश करता है, तभी उन पर पुलिस का कड़ा प्रहार हो जा रहा है। पिछले साल चतरा में एक साथ पांच इनामी नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। अब एक साथ आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए, नतीजा संगठन की कमर ही टूट गई है।

### अब सिर्फ सारंडा में ही बचे है एक करोड़ के ईनामी तीन नक्सली

झारखंड के सारंडा में फिलहाल तीन नक्सली ऐसे हैं, जिन पर 1 करोड़ का इनाम घोषित है। इनके साथ 40 से 50 की संख्या में नक्सली कैडर मौजूद हैं। लेकिन सभी की घेराबंदी सुरक्षा बलों के द्वारा करके रखी गई है। इसलिए वे चाह कर भी कुछ कर नही पा रहे हैं। जंगल से निकलते ही वे या तो पकड़े जा रहे हैं या फिर एनकाउंटर में मारे जा रहे हैं। वर्तमान समय में कोल्हान के अलावा दूसरे जिलों में नक्सलियों की भी मौजूदगी है लेकिन वहां पर उनकी संख्या काफी कम हो गई है। कोल्हान के अलावा चतरा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, बोकारो और गिरिडीह में इनामी नक्सली सक्रिय हैं। जिनपर एक से लेकर 25 लाख तक के इनाम घोषित हैं।

सुप्रभात

बुधवार 23.04.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 360

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### रैयतों ने बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया



कतरास। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रैयतों ने बाघमारा अंचल कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना दिया। रैयतों का कहना है कि अंचल कार्यालय में जमीन डिजिटलाइजेशन, म्यूटेशन, मापी एवं लगान अद्यतन के काम सुचारु पूर्वक नहीं होता है। बिचौलिए हावी है। सूचना अधिकार के तहत आवेदन की जानकारी नहीं मिलता है। धरना में कमल महतो, दिलीप महतो, गौरी लाल महतो, रुपेश रवानी, विकास रजवार, प्रदीप रजवार, मणिलाल साव, मंत्र महतो, भुवन महो,सहित अन्य लोग थे।

### सड़क दुर्घटना में बाईक सवार तीन जख्मी

कतरास। बाघमारा थाना अंतर्गत बड़ा पांडेयडीह होटल के पास हीरक रोड पर दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पूजा कुमारी, सुख सागर महतो एवं रोहन कुमार शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोग चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले गए। बाघमारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों बाइक को अपने कब्जे में लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक पल्सर बाइक में रोहन कुमार एवं पूजा कुमारी शादी समारोह से आ रहे थे। इनके पीछे दूल्हा दुल्हन गाड़ी भी आ रही थी। बड़ा पांडेयडीह होटल के पास स्प्लेंडर सवार सुख सागर महतो की बाइक से टक्कर हो गई।

### डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया



महुदा। डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रूप सज्जा कर नुक्कड़ मंचन में हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आधुनिक विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन से बचने एवं उसका संरक्षण करना आदि विषयों को उठाया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक आर के सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 22 अप्रैल के दिन विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद पर्यावरण संरक्षण की तरफ सभी का ध्यान खींचना और यह कोशिश करना है कि पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में योगदान दें। भारी मात्रा में पेड़ काटे जाने, नदी व वायु प्रदूषण के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए खतरे का संकेत है। हर किसी को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। विश्व पृथ्वी दिवस के दिन सभी को पर्यावरण को बेहतर बनाने व पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से छात्रों के साथ पर्यावरण को अभिन्न अंग मानते हुए जल, वायु, पृथ्वी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



सिंदरी। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति संभाग निरीक्षक विवेक नयन पांडेय ने कक्षा साम 'अ' में अंग्रेजी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र सक्षम मिश्रा को सम्मानित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है, तभी आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। निरंतर प्रयासरत रहें सफलता मिलेगी। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार पाठक सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### डीएवी मॉडल स्कूल में मनाया गया अर्थ डे

जोड़ापोखर। डीएवी मॉडल स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे- मुन्ने बच्चों ने धरती को बचाने की रूपरेखा का भेष धारण किए हुए थे जिसमें वे अति सुंदर और प्रासंगिक लग रहे थे। इस सभा में कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर प्रतिज्ञा, विचार, भाषण तथा प्रस्तोता प्रस्तुत किए। सभा में विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने अर्थ डे के महत्व के बारे में समझाया। विद्यालय की सभा के बाद सीएफआरआई के कैंपस में प्रभातफेरी छात्रों द्वारा की गई।

## गौशाला बाजार मे अवैध अतिक्रमण मुक्त अभियान को लेकर तनाव व्यापत

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। गौशाला बाजार में न्यायालय के आदेश से एफसीआई प्रबंधन आज अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने की तैयारी पूरी कर चुका है। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया है कि गौशाला में प्लाट नंबर 987 पर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। एफसीआई प्रबंधन इन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाएगी और बुलडोजर की आहट मात्र से गौशाला के लोगों में गुस्सा है।

**लोगों ने एफसीआई प्रबंधन का पुतला दहन किया**



आवासों और दुकानों में रह रहे लोगों ने मंगलवार को इस अभियान के खिलाफ एफसीआई प्रबंधन का पुतला दहन किया और नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि मर जाएंगे, मिट जाएंगे पर जमीन खाली नहीं करेंगे। इस अवसर पर सीपीआईएम के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने लोगों के आशियाना पर बुलडोजर चलाने को गलत निर्णय बताया। वहीं इस संबंध में झामुमो के एक प्रतिनिधि मंडल ने एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी से मुलाकात कर गौशाला बाजार के अतिक्रमण क्षेत्र के निवासियों को 15 दिनों की मोहलत देने का आग्रह किया है। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अब निर्णय को वापस लेने की कोई संभावना नहीं है।

## पूजा स्थल पर हुए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

पुटकी। मंगलवार को पुटकी 13 नंबर में हनुमान मंदिर प्रांगण में दोपहर को ग्रामीणों द्वारा प्रेस वार्ता सह बैठक आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में पुटकी 13 नंबर पुल के समीप पूजा स्थल पर हुए अतिक्रमण को लेकर विरोध जताया गया। जिसमे युवक वर्ग, पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए। प्रेस वार्ता में जानकी देवी व अन्य ने बताया कि पुटकी 13 नंबर हनुमान मंदिर का पुटकी पुल के समीप पूजा स्थल है जहाँ हनुमान पूजा सह अखाड़ा, सरस्वती पूजा, गणेश पूजा व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन पिछले 2009 से होता आ रहा है। इस जगह पर पुटकी दो नंबर का रहने वाला मनु कुमार भुइया दबंगई दिखाते हुए पूजा स्थल पर अवैध कब्जा कर मछली का दुकान लगा रखा है। अतिक्रमण करने वाले के विरोध में ग्रामीणों ने पुटकी थाना एवं पुटकी



अंचल अधिकारी को आवेदन दे अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई गई है जिसके बाद भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर अवैध कब्जा को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जाता है तो पुटकी अंचल अधिकारी कार्यालय के समीप एक दिवसीय शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### डीसी के जनता दरबार में पहुंचा बलियापुर इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी का मामला

## छात्रों ने शिक्षक पर पैसा एठने का लगाया आरोप, डीसी से मदद की लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शिक्षा भी अब व्यापार बन चुका है। स्कूली संस्थानों से लेकर कोचिंग सेंटर छात्रों के साथ लोकलुभावन बाते कर पैसा एठने का काम कर रहे है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा के जनता दरबार में पहुंचा। बलियापुर इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के छात्रों ने बताया कि हमारे यहां एक शिक्षक, जो अलग से कोचिंग सेंटर भी चलाते है। वहां सैकड़ों छात्र उनसे ट्यूशन पढ़ते हैं। इंस्टिट्यूट में छात्रों की ट्यूशन फीस जमा कराने के लिए उक्त शिक्षक ने लगभग 70 छात्रों से 10-10 हजार रुपए लिए। लेकिन इसमें से केवल 2000 रुपया ही इंस्टिट्यूट



में जमा किया। बाकी रकम लेकर भाग गए। हमलोगों ने इस संबंध में बलियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है। छात्रों ने डीसी से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उनके पिता बीसीसीएल में कार्यरत थे। उनके पेंशन की राशि बैंक में जमा हो रही थी। पिता की मृत्यु के बाद भूलन बरारी के कार्मिक पदाधिकारी बैंक में आवश्यक कागजात नहीं भेज रहे हैं। इसके कारण बैंक एकाउंट से राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। डीसी ने बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक से बात कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। एक बुजुर्ग ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की चिरकुंडा शाखा में पत्नी का खाता था। पत्नी की मृत्यु के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी राशि वापस करने में बैंक आनाकानी कर रही है। डीसी ने एलडीएम को फोन कर समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा जनता दरबार में जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा नहीं मिलने, अबुआ आवास स्वीकृत हो जाने के बावजूद भाई द्वारा निर्माण कार्य नहीं करने देने, जमीन का म्यूटेशन नहीं करने, जमीन मापी में बाधा उत्पन्न करने आदि शिकायतें आईं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया।

एक नजर में

### विद्युत कटौती के खिलाफ झरिया व्यवसायों का भडका गुस्सा, पुतला दहन किया

झरिया। बाटा मोड में डीवीसी के चैयरमैन का पुतला दहन झरिया के विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया। दिनांक 04 अप्रैल से डीवीसी द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर झरिया में अनियमित विद्युत आपूर्ती की जा रही है। जिससे छात्र, गृहणी दुकानदार तथा जल संकट से यहां के नागरिक त्रस्त है। वक्ताओं ने क्रोधित होते हुएं कहा कि डीवीसी बिजली कटौती बंद करे नही तो हमलोग बेबस होकर डीवीसी के विरोध में रोड पर तीव्र आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में उपेन्द्र गुप्ता, शिवशरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, पूर्व पार्षद अनूप साव, अरिंदम बनर्जी, विजय वर्मा, दिलिप केशरी, श्रावण केशरी, विजय साव,राजेश साव, अनिल स्वर्णकार, सुरज मिया, संतोष गुप्ता, मनोज वर्मा, संतोष साव, पप्पू केशरी, विनोद साव, रवि वर्मा, गुड्डू वर्मा, संतोष रविदास, विकास गुप्ता आदी उपस्थित थे।



### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में बाह्य विभाग की स्वास्थ्य सेवा शुरू

धनबाद। मंगलवार से भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद में बाह्य विभाग की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा डॉ जिम्मी अभिषेक के द्वारा सुचारू रूप से शुरू की गई जिसमें 9 पेशेंट ने परामर्श एवं मुफ्त में आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार दवा और मलहम लिया इसी क्रम में गणेश चक्रवर्ती ने अपने द्वारा ऑडियोमेट्री परीक्षण का नि:शुल्क सेवा देने का एलान किया। वो प्रत्येक गुरुवार को नि:शुल्क बहरेपन की जांच, ऑटिज्म बच्चे एवं हकलेपन के लिए स्पीच थैरेपी की सेवा देंगे। प्रत्येक बुधवार को डाक्टर मेजर चंदन के द्वारा वाह्य विभाग की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य लीला मांजी एवं गणेश चक्रवर्ती एवं अन्य उपलब्ध रहें।



### सिंदरी एसडीपीओ को झामुमो सिंदरी नगर कमेटी ने भगवत गीता देकर किया सम्मानित

सिंदरी। झारखंड मुक्ति मोर्चा सिंदरी नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम को श्रीमद्भागवत गीता देकर सम्मानित किया प्रतिनिधि मंडल में मौजूद धनबाद महानगर सचिव रामू मंडल ने कहा कि सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। इससे आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है। क्षेत्र में कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यों के जरिए पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था में सिंदरी एसडीपीओ की सक्रिय भूमिका को लेकर जनसमुदाय ने आभार व्यक्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में सिंदरी नगर उपाध्यक्ष जगदीश हाँसदा, मलई चंद्र महतो, अशोक चंद्रा, सचिव शिवलाल मुर्मू, सोहन सोरेन, नीतीश सिन्हा, रोहित मंडल, सुरेश मंडल उपस्थित थे।



## बीबीएमकेयू के पर्यावरण विज्ञान व आपदा प्रबंधन विभाग ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान और आपदा प्रबंधन विभाग ने पृथ्वी दिवस मनाया। कुलपति डॉ रामकुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आपदा प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षा डॉक्टर रूपम मलिक के द्वारा कुलपति का अभिनंदन पौधा देकर किया गया। कुलपति ने जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के बारे में जागरूकता पर जोर देते हुए हमारे ग्रह पृथ्वी को सुरक्षित करने के महत्व पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। डॉ रूपम मलिक ने तथा सेमेस्टर 4 के छात्रों द्वारा इस विषय पर नाटक प्रदर्शन किया गया। पर्यावरण प्रदूषण जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न विभागों के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉक्टर पुष्पा कुमारी, रजिस्ट्रार डॉक्टर धनंजय कुमार सिंह तथा अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर गिनी रानी के द्वारा किया गया। वहीं बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग डॉ मुकुंद रविदास को जनसंपर्क पदाधिकारी बनाया गया है। कुलपति डॉ रामकुमार सिंह ने डॉ मुकुंद रविदास को पौधा देकर सम्मानित किया।

## झरिया कोयला क्षेत्र के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर निकाली एक अनूठी रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बच्चों ने अपने सिर पर पृथ्वी का मॉडल रखा और नारे लगाए धरती मां क्या चाहती है, मेरा पुराना रूप लौटा दो,धरती मां क्या चाहती है, मेरी हवा को शुद्ध कर दो। पेड़ लगाओ और धरती बचाओ आदि। रैली की अवधारणा पृथ्वी सबके लिए है, कुछ बच्चे पशुओं की मुखटा पहन कर रैली में चल रहे थे, कुछ बच्चें पृथ्वी दिवस की तख्तियां लिए हुए थे। कुछ रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह में रैली राजापुर कोलियरी क्षेत्र के पास रजवार बस्ती और कोरीबांध और सहनपहाड़ी क्षेत्र से गुजरी, जहां भूमि पूरी तरह से विनाश हो चुका है। रैली के उपरांत एक कार्यक्रम वसुंधरा वंदना आयोजित किया गया, जहां पृथ्वी के पांच तत्वों वायु, पृथ्वी, जल, अग्नि और



आकाश को नमन किया गया। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा यह एक रैली नहीं है यह अगली पीढ़ी का आग्रह है, यह पृथ्वी को बचाने की पुकार है। सभी को लगता है कि प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और असंतुलित कोयला खनन अभ्यास से पृथ्वी बर्बाद हो रही है। यदि पृथ्वी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा।कार्यक्रम में पिनाकी रॉय, कला शिक्षक संजय पंडित, शिक्षिका मौसमी रॉय के अलावा केंदुआ इकाई के बच्चे सुमन कुमारी, दुर्गा कुमारी, राजवीर कुमार, राधिका कुमारी, अंजलि कुमारी, मुस्कान कुमारी, दुर्गी कुमारी। सहानापहाड़ी की छात्रा सोनाली कुमारी, सपना कुमारी और खुशी कुमारी, तथा दीपुधोरहा( लोदना) के बच्चे मोनू कुमार, कोमल कुमारी, रिंकी कुमारी, सिमरन कुमारी, अमन कुमार, देव कुमार, एवं बस्ताकोला से पायल कुमारी, निधि कुमारी, लवली कुमारी, काजल कुमारी खुशी कुमारी उपस्थित थे।

## एमपीएल में पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रम

### हरा भरा जीवन ही स्वस्थ्य समाज का आधार: सीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। एमपीएल में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी को हरा भरा एवं स्वस्थ्य रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही पौधारोपण, जागरुकता रैली सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण के बावत कर्मियों के बीच कपड़े का झोला भी वितरित किया गया।मौके पर एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्पति के कारक पृथ्वी को संरक्षित करना हम सभी का मूल कर्तव्य होना चाहिए। यह हमें अपनी ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करके पृथ्वी की रक्षा



और संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग पृथ्वी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस वर्ष का फोकस नवीकरणीय ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव को तेज करना है। ताकि 2030 तक स्वच्छ बिजली उत्पादन को तीन गुना करने के लिए दुनिया भर के लोगों को संगठित किया जा सके। पर्यावरण विभाग के हेड मलय कुमार राकेश ने भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में एमपीएल अधिकारी संजीव सिन्हा, सुप्रतीक मुखर्जी, श्रीनिवासा तिवारी, श्रीनिवास राव, उमाकांत राव पाटकर, अमन सिंह, अजय कुमार सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया।

## डीएवी स्कूल सिंदरी में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पृथ्वी दिवस पर सभी ने संकल्प लिया कि हम प्रदूषण को कम करेंगे, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे और अपनी धरती को हरा-भरा और सुरक्षित बनाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देना था।

इस अवसर पर विद्यालय



प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक उत्सव है। यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व पृथ्वी दिवस पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना है। हमें वनों की कटाई, प्रदूषण और वन्यजीव के अवैध व्यापार जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अजय कृष्ण मोहन के साथ दो छात्राओं अप्सरा कुमारी और अनुप्रिया मंडल ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसे मुद्दों पर चिंता व्यक्त की।

### पेड़ मत काटो विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता

डी ए वी स्कूल सिंदरी में विश्व पृथ्वी दिवस पर कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों के बीच पेड़ मत काटो विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार तिवारी और उर्मिला कुमारी यादव के मार्गदर्शन में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता और रिक्ट के जरिए बच्चों के बीच पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पेड़ों के महत्व के बारे में एक शक्तिशाली संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भाजपा आज निकालेगा मंत्री हफीजुल के बयान के खिलाफ विशाल आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर में जिला पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्ष, मंडल कमेटी, एवम प्रमुख कार्यकताओं की अहम बैठक की गई। 23 अप्रैल 2025 को यानी आज भाजपा धनबाद महानगर के द्वारा पूर्वघोषित कार्यक्रम, हेमंत सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान के खिलाफ विशाल आक्रोश मार्च की सफलता हेतु तैयारी को लेकर बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की एवं संचालन महामंत्री मानस प्रसून ने किया।

वही विधायक राज सिन्हा ने सभी जिला पदाधिकारी एवं सातों मंडल अध्यक्षों से अब तक की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। एवं सभी कार्यकताओं से गंभीरता पूर्वक तैयारी सुनिश्चित करने की बात कही। 23 अप्रैल को आहूत आक्रोश यात्रा की सफलता हेतु धनबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों, वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाये जाने एवं बैठक करने का आहवान किया। आज के बैठक में अब तक हुए तैयारी की



मंडलवार समीक्षा भी की गई एवं सभी प्रमुख कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेवारियां दी गई. उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी कार्यकताओं ने एक स्वर में झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के राष्ट्रविरोधी बयान की निंदा कड़े शब्दों में की। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने उपस्थित सभी कार्यकताओं को कल के आक्रोश यात्रा की जोरदार तैयारी में जूट जाने का आहवान करते हुए कहा कि रहर कदम संविधान के साथ होगा, हर विरोध अन्याय के खिलाफ होगा। विधायक सिन्हा ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के चहेते मंत्री हफीजुल हसन खुलेआम मार -काट की धमकी देते फिर रहे हैं। झारखंड के लोगों ने झामुमो-कांग्रेस के नेताओं को वोट क्या इसलिए दिए थे कि यह आज झारखंड को मुर्शिदाबाद बनाने की धमकी दें। हेमंत सरकार के मंत्री अब राज्य की शांति और संस्कृति को बर्बाद करने पर तुले हैं, यह सरिया की आड़ और संविधान का अपमान कर हिंदुओं के खिलाफ जहर घोलने का कार्य कर रहे हैं। कहा आम लोगों में भी इन झामुमो-कोंग्रेस के मंत्रियों के खिलाफ उबाल है, और कल के आक्रोश यात्रा में आमलोगों की भी बड़ी भागीदारी होगी।

महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि सुबह 9:30 बजे सभी कार्यकर्ता गोल्फ ग्राउंड शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचेंगे एवं वहां से एकजुट हो पार्टी के झंडा बैनर के साथ नगर निगम कार्यालय लुबी सर्कुलर रोड होते हुए रणधीर वर्मा चौक जाएंगे.धनबाद अनुमंडलाधिकारी को झारखंड के राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक को संबोधित करने वालों में महामन्त्री मानस प्रसून, जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, रीता यादव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह, अनुसूचित जाती मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामजीत भुइयाँ आदी थे।मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में ओबीसी मोर्चा जिला महामन्त्री राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविंदा राउत, राजाराम दत्ता, सन्नी रवानी, सूरज पासवान, संजय कुशवाहा, किशोर मंडल, निर्मल प्रधान, किरण सिंह,बसंती देवी, तमाल राय, सुमन सिंह, मौसम सिंह, अमरजीत कुमार, मनोज मालाकार,बालमुकुंद राम, रंजय सिंह, बबलू सिंह, विकाश मिश्रा, सुनील कुमार, सचिन सिंह, सदानंद बरणवाल, पप्पू गुप्ता, दिलीप सिंह, रामचंद्र पंडित, संजय गोस्वामी, नीरज सिन्हा,मनोज सिंह ,विकाश सिन्हा, बेबी यादव ,अजीत पोद्दार, उमेश सिंह, राजू मालाकार, अरविंद सिंह, सतीश रजक, जिराखन सिंह सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

स्पीड न्यूज

### खानुडीह के ग्रामीण मधुबन कोल वाशरी के लोडिंग प्वाइंट पर धरना

**कतरास।** पानी, बिजली सहित छह सुत्री मांगों को लेकर खानुडीह बस्ती के ग्रामीण मंगलवार को मधुबन कोल वाशरी लोडिंग प्वाइंट का चक्का जाम कर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। जिससे रैक लोडिंग एवं वासड कोल का ट्रांसपोटिंग बाधित हो गया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया गोपाल महतो ने कहा कि मांगों का शीघ्र समाधान के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने महाप्रबंधक को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया है। मौके पर सासंद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार, सुभाष रवानी, पिंकू पांडेय, खानु महतो, शंकर महतो, राजेश महतो, संदीप पांडेय, अमृत माँझी, सोनू पांडेय, सिताराम माझी, अशोक महतो, खोगन दास, संतोष महतो, पिंटू महतो, मनोज महतो, डेगलाल महतो, तुलसी महतो, महेश झांझी, धनीराम महतो, चंदन कुमार महतो आदि मौजूद थे।

### महिलाओं ने झाड़ू के साथ प्रदर्शन किया

**कतरास।** धूलकण से फैल रहे प्रदूषण से परेशान नागरिकों ने मंगलवार को मोदीडीह कोल डंप के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में झाड़ू और तख्तियां लिए हुए थे। बीसीसीएल के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। उनका कहना था कि कोयला परिवहन और परियोजना में खनन से भारी मात्रा में धूलकण उड़ रहा है। जिससे पूरा वातावरण प्रदूषण के चपेट में आ गया है। कोयला लदे हाइवा को तिरपाल से ढका नहीं जा रहा है। ओबी की कटाई के कारण भी उड़ रहे धूलकण से लोग परेशान हैं। प्रदूषण के चलते लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। नागरिकों ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे।

---

## निगम और यातायात पुलिस की अतिक्रमण अभियान के नाम पर बईमानी

# अतिक्रमण कराने वाले अस्पताल को दी क्लीन चीट, सिर्फ वाहन चालकों से वसूले जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के 8 लेन सड़क पर मंगलवार को नगर निगम और यातायात पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। सबसे बड़ी कार्यवाई असर्फी अस्पताल के सामने की। 80 दो पहिया और चार पहिया वाहनों से जुमार्ना वसूला गया तथा कुछ निजी एंबुलेंस को टोइंग कर साथ ले जाया गया। लेकिन जिस अस्पताल के कारण सड़क पर वाहन पार्किंग की गई थी, उस अस्पताल पर कोई कार्यवाई नहीं हुई। खुद को सुपर स्पेशलिस्ट कहने वाले असर्फी अस्प्ताल ने अस्पताल में आने वाले मरीजों या उनके परिजनों के लिए



वाहन पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की है। लेकिन दोंनो विभाग के अधिकारियों की अस्पताल प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाई करने में हाथ पांव फूल जाते है।

इस संबंध में अभियान का नेतृत्व कर रहे यातायात पुलिस के सार्जेंट राकेश दूबे से जब पूछा गया कि अस्पताल प्रबंधन पर आपलोग कार्यवाई क्यों नहीं करते। इसपर उनका जवाब था प्रबंधन ने अपने गेट के बाहर नो पार्किंग का बोर्ड लगा रखा है। साथ ही यह भी लिखा है कि कोई गाड़ी लगाता है, इसका जिम्मेवार वह व्यक्ति खुद होगा। एसे में कार्यवाई कैसे हो सकता है। आज हमलोगों ने बिनोद बिहारी चैक से कुमीर्डीह मोड़ तक अभियान चलाये है। करीब 80 लोगों से जुमार्ना भी लिया है। प्रत्येक वाहन से 650 रुपया करके जुमार्ना लिया गया है। कुछ वाहनों को भी उठाया गया है। हमलोग वाहन चालकों से यही अपील करते है कि सर्विस लेने आने जाने का रास्ता होता है।

यहां गाड़ी नहीं लगाये। जब तक अतिक्रमण खत्म नहीं हो जाता, अभियान चलता रहेंगा। वहीं निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने भी असर्फी अस्पताल प्रबंधक को क्लीन चिट दिया। सिर्फ सड़क पर वाहन पार्किंग करने वालों को दोषी मानते हुए कार्यवाई की बात कही।

ज्ञात हो कि अतिक्रमण के खिलाफ शहर में चल रहा अभियान सिर्फ आईवास है। इस अभियान का असर ना तो गुमटी, झोपड़ी लगाने वालों पर है और ना ही अस्पताल, मॉल या अन्य प्रतिष्ठानों पर कोई असर है। इतना ही नहीं निगम के अधिकारी भी इसका स्थायी समाधान नहीं चाहते है। यातायात पुलिस सिर्फ जुमार्ना लेने तक ही सीमटी हुई है। वहीं निगम कार्यवाई के नाम पर बड़े संस्थानों को सिर्फ नोटिस भेजते है और शांत हो जाते है। यही कारण है कि शहर की मुख्य सड़कों का चैड़ीकरण होंने के बाद भी जाम की स्थिति जस की तस बनी रहती है।

---

## नाबालिग हिंदू युवतियों को अपहरण करने के मामले में चारों मुस्लिम युवकों पर केस दर्ज

### तीन को बाल सुधार गृह एक को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** चार नाबालिग हिंदू युवतियों को बरगलाकर ले जाने के मामले में चारों मुस्लिम युवकों पर बलियापुर थाना में मंगलवार को अपहरण का मामला दर्ज हुआ। सिंदरी अंचल निरीक्षक विष्णु राउत ने बताया कि इस संवेदनशील मामले में पुलिस ने चारों नाबालिग युवतियों से बयान लिया और अपहरण की पुष्टि होने पर चारों मुस्लिम युवकों में तीन नाबालिग आरोपियों सहित मो रज्जाक के पुत्र सोहेल अब्बास के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।अंचल निरीक्षक ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों खासकर बच्चियों पर नजर रखें और मोबाइल का अनावश्यक उपयोग नहीं करने दें। इस प्रकरण में सोहेल अब्बास के बड़े भाई ताहिर अब्बास की खूब चर्चा हो रही है। ताहिर अब्बास विगत 6 फरवरी को सिंदरी से ही एक हिंदू लड़की को लेकर भाग गया था। लड़की के पिता ने बलियापुर थाना में आवेदन पत्र देकर ताहिर अब्बास पर अपनी पुत्री के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि इस मामले में बलियापुर थाना में मामला दर्ज हुआ है। परंतु लड़की ने अपने पिता और बलियापुर थाना को आवेदन पत्र देकर बताया है कि उसकी उम्र 24 वर्ष है और वह बालिग है तथा वह स्वेच्छा से गयी थी कोई उसका अपहरण नही किया था।

---

# पुटकी डीएवी मुनीडीह में धरती बचाओ दिवस पर पृथ्वी संरक्षण दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** डीएवी मुनीडीह में शिक्षक और बच्चों ने व्यापक स्तर पर पृथ्वी संरक्षण दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री महामंत्र और पृथ्वी देवो भव पूजन' से हुआ। इस दिवस पर धरती बचाओ जागरूकता रैली निकाली गई जिसके माध्यम से यह सन्देश दिया गया कि जल की सुरक्षा, ऊर्जा की सुरक्षा, जलवायु की सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा करना बहुत आवश्यक है। इससे हमारे जीवन की सुरक्षा होती है। स्कूल के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने धरती महिमा के गीतों पर झूमे -नाचे और सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कपड़े के थैले लोगों को बांटकर यह संदेश दिया गया कि पांलीथीन का और केमिकल वस्तुओं का उपयोग करना जीवन के लिए बहुत नुकसानदायक है।स्कूल की प्राचार्या और शिक्षक -शिक्षिकाये सब एक साथ मिलकर सर्वाधिक संख्या में पेड़- पौधों का रोपड़ कार्य किए। इसके बाद 'पृथ्वी संरक्षण दिवस' विषय पर कक्षा 6 वीं से कक्षा 10 वीं तक के बच्चों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अधिक संख्या में भाग लिया.समारोह के समापन में प्राचार्या इंदू प्रसाद ने अपने संबोधन में 'पृथ्वी संरक्षण दिवस ' पर कहा कि मनुष्य अपनी जरूरतों से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से दोहन कर रहा है जिससे विकराल समस्याएं पैदा हो गई है।इसके दुष्परिणाम स्वरूप कहीं बे-मौसम वर्षा, तो कहीं सूखा, तो कहीं तेज आंधी-तूफान, तो कहीं उच्चतम तापमान ,तो कहीं जंगलों में भीषण आग ,तो कहीं हिमखंडों का तेजी से पिघलना जिसके कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ने से बड़े-से बड़े शहरों,राज्यों की डूबने की आशंका है. यदि इस तरह की स्थिति बनी रही और पृथ्वी की सुरक्षा हम लोगों के द्वारा नहीं की गयी तो भावी पीढ़ी को जीवित रहने के लिए पृथ्वी कुछ न कर पाएगी।इसके लिए हमें सजग रहना बहुत आवश्यक है।

---

# बोकारो वन भूमि घोटाले को लेकर ईडी की टीम ने रजिस्ट्रार के आवास में की छापमारी, जारी है पूछताछ

### धनबाद से पहले बोकारो में पदस्थापित थे रजिस्ट्रार

### 117 एकड़ जमीन घोटाले को लेकर चल रही पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बोकारो वन भूमि घोटाले की आंच मंगलवार की सुबह धनबाद आ धमकी। हीरापुर हटिया रोड स्थित रजिस्ट्रार रामेश्वर सिंह के सरकारी आवास में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सुबह से जमी हुई है। घोटाले से जुड़े मामले को लेकर कागजातों की जांच और रजिस्ट्रार से पूछताछ चल रही है। बताया जाता है कि रजिस्ट्रार धनबाद से पहले बोकारो में पदस्थापित थे। इस छापेमारी के बाद रजिस्ट्री कार्यालय में भी हड़कंप है। आवास में आने जाने वालों पर रोक है। परिसर को सुरक्षा बलों ने अपने घेरे में ले रखा है। हालांकी ईडी की ओर से इस मामले में अभी तक कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। समाचार लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी। वहीं सूत्रों का कहना है कि वन भूमि घोटाले को लेकर ईडी की टीम रांची के हरिओम टॉवर में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी, बोकारो में वन भूमि कार्यालय, धनबाद में रजिस्ट्रार सहित बिहार के कुछ ठीकानों पर एक साथ छापामारी कर रही है। कई बिल्डर, अंचल कर्मी और कार्यालय के कर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। बोकारो वन भूमि की 117 एकड़ जमीन बोकारो इस्पात संयंत्र को लौटानी थी लेकिन इसे वापस नहीं किया गया और इस पूरी जमीन को गलत दस्तावेज के आधार पर दूसरे को बेचने का आरोप है। इस संबंध में प्राथमिकी 18 मार्च 2024 को दर्ज की गई थी। इस मामले की जांच पहले सीआईडी कर रही थी। लेकिन अब इसे ईडी को सौंपा गया है।

### बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुम्मा में पृथ्वी दिवस मनाया गया। बच्चों ने धरती बचाओ, जीवन बचाओ नारे के साथ इस पृथ्वी को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। बच्चों में पृथ्वी दिवस के महत्व एवं पृथ्वी रक्षा हेतु पर्यावरण का संरक्षण कितना आवश्यक हैं बताया गया। बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यालय की सहायक अध्यापिका फूलमती कुमारी ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है और आज हम सभी को पर्यावरण एवं अन्य जीव-जंतुओं की रक्षा करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

---

# गोविंदपुर के नागरिकों के साथ सड़क के अधूरे कार्यों का मुआयना किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** जीटी रोड चचौड़ीकरण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर विजेंद्र तोमर ने मंगलवार को गोविंदपुर के नागरिकों के साथ सड़क के अधूरे कार्यों का मुआयना किया। गोविंदपुर पश्चिमी पंचायत की मुखिया ममता देवी की अपील पर सेठ सुखीराम विद्यालय के पास सीधी नाली बनाने और कचरा साफ करने का निर्देश दिया। श्री तोमर ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल तक गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में सभी शेष



कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा । नाली निर्माण कार्य में कई स्थानों पर पानी के पाइप और बिजली के तार के कारण परेशानी हो रही है। इसके लिए दोनों विभागों से संपर्क साधा गया है और समस्या का बहुत हद तक समाधान निकाल लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि बारिश का पानी नाली में घुसे, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। सड़क और नाली जनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही है । इसमें किसी भी तरह की ढलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

यदि नागरिकों को असुविधा होगी तो वह उनसे संपर्क कर सकती है। समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजार इलाके में 80% काम पूरा हो गया है । शेष कार्य 8 दिनों में पूर्ण कर लिए जाएंगे । इस अवसर पर सुरेश सरिया, मृगेंद्र यादव, आनंद जायसवाल, वीरेंद्र रजक, अनूप साव आदि मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ गोविंदपुर ऊपर बाजार से साहिबगंज मोड तक सड़क का निरीक्षण किया और संबंधित लोगों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।जीटी रोड पर कचरा फेंकने पर होगी।

**कार्रवाई :** प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि जीटी रोड को साफ- सुथरा रखना सभी की जवाब देही है। जीटी रोड किनारे रहने वाले नागरिकों और दुकानदारों का विशेष दायित्व है कि सड़क पर कचरा न फेके। उन्होंने कहा कि यदि जीटी रोड या जीटी रोड की जमीन पर कचरा फेंका जाता है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा बार-बार सड़क के किनारो के कचरे की सफाई की जा रही है पर कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति पैदा हो जाती है उन्होंने कहा कि कचरा रखना और उसे फेंकने के लिए गोविंदपुर के दुकानदारों और नागरिकों को व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जीटी रोड साफ सुथरा रह सके।

---

## एक नजर में

### डब्लू मिश्रा के आवेदन पर सुनवाई

धनबाद। नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपी डब्लू मिश्रा के आवेदन पर मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अधिवक्ता देवी शरण सिन्हा व मुहम्मद जावेद ने कहा कि घटना की तिथि 31 मार्च 17 को वह अपनी पत्नी के साथ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड समस्तीपुर दलसिंहसराय में टेंट हाउस के लिए लिए गए लोन की रकम 25 हजार रुपए निकाल रहा था। परंतु उसे इस मुकदमे में घटना के दिन धनबाद में होना बताया गया है इसलिए बैंक के मैनेजर को गवाही के लिए बुलाया जाए। जिसका विरोध अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने किया।जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने अभियोजन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।वहीं दूसरी ओर धनजी सिंह एवं डब्लू मिश्रा के पूर्व के आवेदन पर आज भी आदेश पारित नहीं हो सका अदालत ने अभियोजन के बहस के लिए के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है।दोनो ने आवेदन देकर कहा था कि चूंकि पुलिस ने रिंकू सिंह के विरुद्ध दिए आरोप पत्र में हत्या के कारणों के विषय में कहा है जिसका अभिलेख पर आना आवश्यक है। इसलिए कांड के अनुसंधानकर्ता को गवाही के लिए फिर से बुलाया जाए।21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

### अदानी एसीसी सीमेंट कारखाना में बर्खास्त कर्मियों की पुनर्बहाली को लेकर सरगर्मी तेज

सिंदरी। अदानी एसीसी सीमेंट कारखाना में वर्ष 2020 में बर्खास्त किए गए 20 अस्थायी और 2 स्थायी कर्मियों के पुनर्बहाली के मामले को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। एटक संबद्ध यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन के केन्द्रीय सचिव सह धनबाद सांसद ढुलू महतो ने विगत 9 अप्रैल को अदानी एसीसी सीमेंट कारखाना के प्लांट निदेशक को आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया था कि 23 अप्रैल तक सभी बर्खास्त कर्मियों को पुनर्बहाल करें। निर्धारित समय सीमा पर पुनर्बहाली नहीं हुई तो सीमेंट कारखाना को 24 अप्रैल को बंद कर दिया जाएगा। सांसद ने यूनियन और पार्टी के सदस्यों को निर्देश दिया है के वे 24 अप्रैल को कारखाना बंदी को लेकर पूरी शक्ति लगा दें। बंदी को लेकर सांसद और सीमेंट प्रबंधन के बीच संभावित शक्ति परीक्षण से टकराव की संभावना है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**धनबाद।** धनबाद जिला विधिक प्राधिकार के सचिव दुसन्तों टोपो के निदेश पर दामोदरपुर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुराधा कुमारी मुख्य रूप में उपस्थित थी। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस संगोष्ठी में सभी शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी भागीदार बने। वैधानिक स्वयंसेवक पूजा झा,पूनम कुमारी,साबित कुमारी, योगेश कुमार व विनय कुमार सिंह ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका पर्यावरण संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आज की पीढ़ी सतर्क और जागरूक हो जाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ पृथ्वी सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना और पृथ्वी को बचाने की दिशा में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। संगोष्ठी के अंत में विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण से संबंधित संकल्प भी लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में राष्ट्रीय पोषण पर सेमिनार

कतरास। शिशु मंदिर श्यामडीह सीबी एस ई के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का भव्य आयोजन हुआ। जिसका शुभारं कतरास की समासेवी डा. मधुमाला ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के कई भैया बहनों ने स्वस्थ्य जीवन पर आधारित खान-पान संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। वरिष्ठ आचार्य डा. संजय कुमार ने भैया बहनों को पोषण और कुपोषण के अंतर को समझाते हुए बताया कि हमारा खान-पान इसका प्रमुख कारण है। जंक फूड्स खाने से बच्चे मोटापा और कुपोषण का शिकार हो जाते है। हमें यदि बीमारियों से बचना है तो जंक फूड्स, सोफ्ट ड्रिंक को छोड़कर प्राकृतिक कंद- मूल, फल, सब्जियाँ, दूध, दही, पनीर इत्यादि का सेवन करना चाहिए।

### जीजीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**धनबाद।** नावाडीह में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष असेम्बली आयोजित की गई। सामाजिक शास्त्र विभाग की शिक्षिकाएं के निर्देशन में बच्चों ने पृथ्वी संबंधित जानकारियाँ, तथ्य, विचार तथा स्कीट की प्रस्तुत दी। स्कीट के द्वारा हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए, एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग बंद करना चाहिए, पृथ्वी को स्वस्थ रखने के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने चाहिए, तथा पूरे दिल और आत्मा से माँ प्रकृति को बचाना, प्यार करना और उसका सम्मान करना चाहिए का संदेश दिया। असेम्बली में प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने बच्चों तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबसे सौभाग्य शाली है, कि हमे पृथ्वी ग्रह पर जीवन मिला, किन्तु हम मनुष्य ही पृथ्वी को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे।

### जोड़ापोखर श्रेत्र हुआ भक्तिमय, कही समापन तो कही कलश शोभायात्रा

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह 10 नंबर बीसीसीएल कॉलोनी में तीन दिवसीय हनुमंत सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली।नगर भ्रमण करते हुए सिंफर डिगवाडीह तालाब से जल उठाया। इस दौरान महिलाएं भक्ति गीत गा रही थी। बुधवार को वेदी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती, गुरुवार को अभिषेख, हवन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। जजमान में सुभाष तांती व विना देवी थे जबकि पुरोहित में रंजय कुमार शास्त्री व राम रतन पांडेय थे।आयोजक मंडली में प्रह्लाद तांती,सतीश तांती,विकास तांती,विक्रम तांती,मोती मंडल, रंजीत पासवान आदि शामिल थे। वही जेलगोड़ा मानस मंदिर में आयोजित नो दिवसीय महाधिवेशन का समापन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक से हुआ। सुबह होली दिवाली एक साथ मनाई गई।प्रवचन के दौरान अशोकानंद महाराज ने कहा कि दुनिया मे जितने भी राजा हुए वह किलोमीटर में रहे जबकि प्रभु श्री राम लोगों के दिलों में रहे।

### 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष पत्रकार देंगे धरना, दोषियों पर जल्द हो कार्यवाई

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब ने गांधी सेवा सदन में मंगलवार को महासचिव की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर चर्चा की गई। यह हमला रणधीर वर्मा चौक पर हुआ था, जब कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी, उनके बेटे और भाइयों ने पत्रकारों पर हमला किया था। इस हमले में पत्रकारों के मोबाइल छीन लिए गए और उन्हें गाली-गलौज और पिटाई का सामना करना पड़ा।घटना 16 अप्रैल की है, घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी उनके भाई और बेटे के द्वारा कांग्रेस के दूसरे गुट से उलझ पड़े आपस में झगड़ रहे थे, जिसका कवरेज पत्रकारों ने करना शुरू कर दिया था। इससे नाराज होकर उन्होंने पत्रकारों पर हमला बोल दिया। पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रेस क्लब के द्वारा बैठक में चर्चा की गई अगर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो जिला प्रशासन को एक पत्र देकर गुरुवार, 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन और विरोध किया जाएगा। पत्रकारों पर हमला करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग। पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग।24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन और विरोध किया जाएगा।प्रेस क्लब के पदाधिकारी ने सभी पत्रकारों को एकजुट होने को कहा है।

## बीपी डीएवी स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

# पृथ्वी हमारी मां है, हमें इसकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : एबिन बेनी

- छात्रों ने पृथ्वी संरक्षण और पर्यावरण के महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभार कर दिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण, चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा (दक्षिणी) के जिला वन पदाधिकारी एबिन बेनी अब्राहम थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल और शिक्षकगण उपस्थित थे। छात्रों ने स्वागत गीत मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मङ्गलं, स्वागतं स्वागतं स्वागतं प्रस्तुत किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद, छात्रों ने पृथ्वी संरक्षण और पर्यावरण के महत्व पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए।

मौके पर मुख्य अतिथि एबिन बेनी अब्राहम ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है, और हमें इसकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने ऊर्जा की बचत, जल संचयन और पौधरोपण जैसे छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना की और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने मुख्य अतिथि को शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में आर्या भारती, सृष्टि रानी, राखी कुमारी, कनक कृपाली और किशन कुमार कश्यप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में आराध्या आनंद, करिश्मा कुमारी, अंजना वर्मा, श्रेया कुमारी और आराध्या कुमारी, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में अर्णव सोनी, सान्वी सोनी, वैष्णवी मिश्रा और अश्विनी कुमारी का नाम शामिल है। मुख्य अतिथि और प्राचार्य ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मझिआंव बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, बुलडोजर चलाने की तैयारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मझिआंव। मझिआंव शहरी क्षेत्र के मुख्य बाजार में सड़क अतिक्रमण के कारण बार-बार हो रहे जाम और दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि दुकानदार और स्थानीय लोग स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो प्रशासन बुलडोजर की कार्रवाई करेगा। प्रशासन की ओर से बाजार समिति क्षेत्र की मापी कराई जाएगी और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की पहचान की जाएगी। राजस्व कर्मचारियों से सरकारी भूमि का ब्यौरा मांगा गया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कितने लोगों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जाएगा, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई के तहत बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया जाएगा।

**AFFIDAVIT**

I, Arman Ahmad S/o Irfan Ahmad, R/o Edalhatu Road, Near Masjid, Upper Tola, P.S.-Bariatu, Morabadi, Dist.-Ranchi, Jharkhand-834008. That in my daughter's aadhar card no.-2347 7804 1150 name written as Shivani which is wrong. I want to rectify my daughter's name as Amreen Ahmad in place of Shivani. Vide affidavit no. 65, dated- 21 april 2025.

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004,**
**Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799**
**https://www.jbvnl.co.in**

**1st Extension Notice**

**NIT No. 361/PR/JBVNL/2024-25 has been extended.**

A revised Date and Time for Bid Submission and Technical Bid Opening is as follows:

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL. |
| 2 | Last Date / Time for receipt of bids | 28.04.2025 02:00 PM |
| 3 | Date and Time for Opening of Technical bid | 29.04.2025 11:30 AM |

PR No. 348985

Sd/-
General Manager (IT)
JBVNL

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 350796 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

## दशगात्र घाट व स्नानघर निर्माण को लेकर सरकारी भूमि के सीमांकन की मांग

**कांडी।** कांडी गांव के ग्रामीणों ने सीओ राकेश सहाय को आवेदन देकर ढबरिया गांव पोखरा के पास दशगात्र घाट और स्नानघर निर्माण हेतु सरकारी भूमि की मापी और सीमांकन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान केंद्र के पास दशगात्र कार्य किया जाता है, जहां महिलाओं को स्नान में कठिनाई होती है। ग्रामीणों की इस मांग को जिला पार्षद सुषमा कुमारी, मुखिया विजय राम और उप मुखिया दिलीप राम ने भी उचित बताते हुए समर्थन दिया है। सीओ ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अमीन धर्मदेव राम और धर्मेंद्र को भूमि मापी के लिए नियुक्त किया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही घाट और स्नानघर का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

## ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित सुंदर कलाकृतियों और पेंटिंग्स का किया प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के प्रतिष्ठित ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी और उप प्राचार्य बीके ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में छात्रों ने पर्यावरण से संबंधित सुंदर कलाकृतियों और पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल में 'इको क्लब' की स्थापना भी की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों को प्रकृति के प्रति सजग और सक्रिय बनाना है। सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। निदेशक श्री केशरी ने अपने संबोधन में पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता के ह्रास जैसे गंभीर मुद्दों पर छात्रों को जागरूक किया और सतत विकास के मूल्यों को अपनाने की अपील की। शिक्षक कृष्ण कुमार ने अपने पर्यावरणीय गीत के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति नई चेतना जगाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खुर्शीद आलम ने किया और विषय प्रवेश उप प्राचार्य बीके ठाकुर ने कराया। धन्यवाद ज्ञापन इको क्लब के स्कूल इंचार्ज शिक्षक कृष्ण कुमार ने किया।

मौके पर नीरा शर्मा, बीरेंद्र गुप्ता, संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, नीलम केशरी, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी समेत विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

**—: कार्यालय :—**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी—सह—समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल।**
**—: आवश्यक सूचना :—**

बिहार पब्लिक लैण्ड इन्क्रौचमेन्ट एक्ट, 1956 (Bihar Act XV 1956) की धारा—2(3) के अंतर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा से संबंधित सुनवाई हेतु तिथि **24.04.2025** को निर्धारित की जाती है :—

| क्र0 सं0 | शिकायत वाद संख्या | बी0पी0एल0 ई0 मुकदमा सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अतिक्रमित रकबा (एकड़ में) | पी0एफ0 का नाम | प्लॉट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16/2020 | 07/2025 | दशरथ गंझू, पिता—महेश्वर गंझू, नन्दकिशोर गंझू, पिता—जगेश्वर गंझू, दोनों ग्राम—डरेया, थाना—चंदवा, लातेहार | 0.05 | डरेया | 142 |
| 02 | 94/2020 | 08/2025 | मधुसुदन दूबे, पिता—स्व0 अर्जून दूबे, ग्राम—पथरही, थाना—लेस्लीगंज, पलामू, कमलेश उरांव, पिता—मतन उरांव, ग्राम—डुडंगी कला, थाना—लातेहार, नन्दलाल सिंह, पिता—सूर्यदेव सिंह, ग्राम—तुलबुल, लातेहार | 0.05 | डुडंगी कला | 239 |
| 03 | 162/2020 | 09/2025 | बालेश्वर उरांव, पिता—स्व0 दुखी उरांव, ग्राम—सिरम, थाना—बालूमाथ, लातेहार | 0.20 | सिरम | 526 |
| 04 | 53/2023 | 10/2025 | अवधेश यादव, पिता—बैजू यादव, पिन्टु यादव, पिता—बैजू यादव, दोनों ग्राम—सिरम, टोला—पण्डरिया, थाना—बालूमाथ, लातेहार | 0.03 | सिरम | 03 |
| 05 | 380/2023 | 11/2025 | घनश्याम राम, पिता—मुन्नीलाल मोची, ग्राम—डुडंगी कला, थाना—लातेहार | 0.03 | डुडंगी कला | 341 |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि **24.04.2025** को 11:00 बजे पूर्वाह्न में वन प्रमण्डल पदाधिकारी—सह— समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकपक्षीय उचित आदेश पारित कर दी जायेगी।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
—सह— समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 350788 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

## विश्व पृथ्वी दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जनक विकास धारा ऑर्गेनाइजेशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में आरके एक्सीलेंस उच्च विद्यालय, गढ़वा में एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक राजकुमार चंद्र ने की, जबकि शुरूआत संस्था के सचिव एवं पीएलवी रमाशंकर चौबे ने सर्वधर्म प्रार्थना से की।

अपने संबोधन में रमाशंकर चौबे ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन या अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, ताकि बढ़ते वैश्विक तापमान को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा, जैव ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, महासागरीय ऊर्जा और हाइड्रोजन ऊर्जा जैसे विकल्पों पर गंभीरता से काम हो रहा है। विद्यालय के शिक्षक राजकुमार चंद्र ने भी वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में पीएलवी तृप्ता भानु ने बच्चों के बीच पौधे लगाकर उन्हें संरक्षण के लिए प्रेरित किया। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा, पीएलवी केएन दुबे, पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी, विकास कुमार, प्रभात कुमार, नगमा परवीन और साइना प्रवीण सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## केतार में कमांडर और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

केतार। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे केतार थाना क्षेत्र के पंडा नदी पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मुकुंदपुर पंचायत के मायर गांव निवासी 45 वर्षीय प्रेमसागर सिंह और 19 वर्षीय संजीव सिंह मोटरसाइकिल से केतार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात कमांडर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में प्रेमसागर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल संजीव सिंह को केतार उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल भेजा गया, जहां से गढ़वा रेफर किया गया। हालांकि, वंशीधर नगर पहुंचने से पहले ही संजीव ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। हादसे की खबर से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची।**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नयासराय ROB के पहुँच पथ का निर्माण कार्य के कारण दिनांक—23.04.2025 से अगले आदेश तक नयासराय रेलवे क्रासिंग No.-RL-5 के दो गेट में से 1 गेट (रिंग रोड से हाईकोर्ट आनेवाले) से आवागमन बाधित रहेगा, साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हाईकोर्ट से नयासराय होते हुए रिंग रोड आवागमण करने वाले व्यवसायिक वाहन CRPF कैम्प के बगल से होटवासी होते हुए रिंग रोड (टुन्डूल मोड़) पर आवागमन कर सकते है।

असुविधा के लिए खेद है।





PLAN FOR ALTERNATE TRAFFIC ROUTE FOR HEAVY COMMERCIAL VEHICLE

आदेशानुसार
पथ निर्माण विभाग।

PR.NO.350800 Road(25-26):D

## 68 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत



**कांडी।** थाना क्षेत्र के पतरिया गांव निवासी 68 वर्षीय नरेश राम की मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे ट्रेन से कटने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों के अनुसार, नरेश राम अपने पुत्र मनोज राम के साढ़ू के घर शादी समारोह में शामिल होने पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बंजारी गांव गए हुए थे। वहीं सुबह शौच के लिए निकलने पर रेलगाड़ी की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में उनके शरीर के कई टुकड़े हो गए थे। घटना की सूचना रेलवे ड्राइवर द्वारा उंटारी रोड रेलवे स्टेशन को दी गई थी। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि खंभा संख्या 337/14,16 के पास दुर्घटना की सूचना मिलने पर रेलवे कर्मी व पुलिस मौके पर पहुंची और शव को वहां से हटाया गया।

## डीएवी स्कूल में हाउस कैप्टन का परिणाम घोषित




**डोमचांच (कोडरमा)।** डीएवी. पब्लिक स्कूल डोमचांच में शनिवार को हुए हाउस कैप्टन के मतदान की गणना सोमवार को की गई। साथ ही मंगलवार को इसके परिणाम की घोषणा की गई। वहीं ग्रीन हाउस से कैप्टन पद पर रोशन कुमार एवं उप कैप्टन तलत नसरीन को चुना गया। वहीं ब्लू हाउस में कैप्टन के लिए रंजन कुमार व उप-कैप्टन एंजल परी, जबकि रेड हाउस के लिए शेखर कुमार और उप-कैप्टन के लिए कुमकुम कुमारी एवं सुधीर कुमार चुने गए। वहीं येलो हाउस के लिए कैप्टन पद के लिए अभिनंदन कुमार, रोशन कुमार और उप-कैप्टन रागिनी कुमारी चुने गए।

वहीं बतौर निदेशक सुनील कुमार ने सभी कैप्टन और उप-कैप्टन को ध्यानपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं निर्देशक दिलीप यादव ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अकादमिक प्रभारी अंजनी सिंह और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कैप्टन और उप-कैप्टन को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# दिव्यांग बहन की शादी में भाई बनकर मदद को आगे आए समाजसेवी शौकत खान, भावुक हुए परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** कहते हैं बेटियां अनमोल होती हैं और जब कोई उनके सपनों को पूरा करने में कदम बढ़ाए, तो वह मिसाल बन जाती है। ऐसा ही एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला जब गढ़वा शहर से करीब 70 किलोमीटर दूर एक दिव्यांग बहन अपनी शादी के लिए मदद की आस लेकर समाजसेवी शौकत खान के पास पहुंची। उन्होंने न सिर्फ इस बहन की बात ध्यान से सुनी, बल्कि उसकी शादी की तैयारियों में एक सगे भाई की तरह मदद भी की। दिव्यांग युवती की बहन ने जब शौकत खान से अपनी 11 मई को होने वाली शादी में सहयोग की बात कही, तो उन्होंने तुरंत आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की। साड़ी सेट, डिनर सेट, मिक्सर, आयरन, जूसर मशीन, टी-शर्ट, वॉल सेट सहित ढेर सारे बर्तन और जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया गया।

इस मदद को पाकर दिव्यांग बहन और उनके परिजन भावुक हो उठे और आंसुओं के साथ ढेरों दुआएं दीं। उन्होंने शौकत खान से आग्रह किया कि वह उनकी शादी में शामिल होकर आशीर्वाद जरूर दें। शौकत खान ने वादा किया कि वे एक भाई की तरह उनकी शादी में शामिल होंगे और जीवनभर हर जरूरत में उनके साथ खड़े रहेंगे।

गौरतलब है कि समाजसेवी शौकत खान अब तक सैकड़ों बेटियों की शादी में मदद कर चुके हैं और दस लाख से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा चुके हैं। उन्होंने गढ़वा में निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक और पुस्तक बैंक जैसी अनोखी पहल शुरू की हैं, जिनसे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शौकत खान की यह पहल न सिर्फ मानवता की मिसाल है, बल्कि समाज में बेटियों और दिव्यांगों के सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## काफिर शब्द की गलत व्याख्या और गलत उपयोग समझ और एकता के लिए एक अपील : सैयद अबु

शब्दों में रिश्तों को प्रभावित करने, लोगों की धारणा को बदलने और लोगों को एक साथ लाने या उन्हें अलग करने की क्षमता होती है। एक शब्द जिसे व्यापक रूप से गलत समझा गया है और दुरुपयोग किया गया है, वह है काफिर। बहुत से लोग सोचते हैं कि यह शब्द सभी गैर-मुस्लिमों को शामिल करता है, हालांकि इस्लामी शिक्षाओं पर एक करीबी नजर अन्यथा दिखाती है। काफिर शब्द का उपयोग ऐतिहासिक रूप से पैगंबर मुहम्मद साहब के समय के दौरान लोगों के एक विशेष समूह को संदर्भित करने के लिए किया गया था, जो पूरी तरह से परिस्थितिजन्य था और जिसे सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता है, विशेष रूप से समकालीन दुनिया मेंकाफिर शब्द की निकट जांच आवश्यक है। क्योंकि आधुनिक प्रवचन में इसके लापरवाह अनुप्रयोग ने अनावश्यक रूप से अलगाव और संघर्ष का कारण बना है। अरबी में काफिर शब्द का अर्थ है कवर करने के लिए या इनकार करने के लिए। कुरान में काफिर का उपयोग सभी गैर-मुस्लिमों को संदर्भित करने के लिए नहीं किया जाता है। पैगंबर मुहम्मद साहब के समय के दौरान, इसका उपयोग विशेष लोगों को संदर्भित करने के लिए किया गया था। यह समझना अनिवार्य है कि काफिर शब्द किसी भी नस्ल, समुदाय या धर्म के लिए एक सामान्य शब्द के बजाय एक व्यक्तिगत विवरण है। व्यापक रूप से गलतफहमी है कि सभी गैर-मुस्लिम काफिर हैं एक ऐसी विरूपण है जो कुरान में पाए गए दृष्टिकोण के साथ असंगत है। उदाहरण के लिए, बाइजेन्टाइन को सूरा अर रम, में काफिर बाइजेन्टाइन नहीं कहा जाता है बल्कि सिर्फ बाइजेन्टाइन भले ही वे ईसाई हैं। इसी तरह, यमन के गैर-मुस्लिम शासक अब्राहा को यमन के काफिर शासक के बजाय सूरा अल-फि ल में हाथियों का आदमी के रूप में संदर्भित किया जाता है। इंटरफेथ संबंधों के लिए इस्लाम के दृष्टिकोण को शब्दावली के इस सावधानीपूर्वक उपयोग द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, जो दूसरों को अलग किए बिना मतभेदों को स्वीकार करता है। शब्द काफिर के उपयोग से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सभी गैर-मुसलमानों के खिलाफ युद्ध छेड़ना से संबंधित कुरान की छंदों की गलत व्याख्या। कुरान स्पष्ट रूप से बताता है कि युद्ध केवल आत्मरक्षा में उचित है और निश्चित रूप से पूरे समुदायों को नष्ट करने के लिए नहीं है। कुरान के सूरा अल-बकरा (1: 190) ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि जो लोग तुमसे युद्ध करते हैं उनसे केवल अल्लाह के मार्ग में युद्ध करो, किन्तु सीमा का उल्लंघन न करो। इससे पता चलता है कि मुसलमानों को सिर्फ इसलिए लोगों से लड़ने के लिए नहीं कहा जाता है क्योंकि वे गैर-मुस्लिम हैं, बल्कि कुरान धैर्य और इस्लाम की शिक्षाओं के बुद्धिमत्तापूर्ण प्रसार के साथ अहिंसक संचार को बढ़ावा देता है। समय के साथ काफिर शब्द के दुरुपयोग के परिणामस्वरूप गंभीर नतीजे हैं। इसका उपयोग कुछ मुस्लिम शासकों द्वारा बहिष्करण के एक उपकरण के रूप में किया गया था, जिन्होंने भेदभाव और उत्पीड़न का बचाव करने के लिए कुछ समूहों के पदनाम का काफिरों के रूप में उपयोग किया था। इंटरफेथ संबंधों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के साथ, इस अभ्यास ने मुस्लिम समुदाय के भीतर सांप्रदायिक संघर्ष को बढ़ा दिया है क्योंकि विभिन्न गुटों ने कुफर के एक दूसरे पर आरोप लगाया है। भारत जैसे देशों में शब्द के दुरुपयोग के परिणामस्वरूप हिंदू-मुस्लिम संबंधों को बहुत नुकसान हुआ है। शब्द काफिर का उपयोग अपमानजनक शब्द के रूप में किया गया है, दुश्मनी को बढ़ाता है और लोगों को विभाजित करता है। औपनिवेशिक युग के दौरान नस्लवाद और दासता के साथ जुड़ने के कारण, दक्षिण अफ्रीका ने कानूनी रूप से काफिर के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, इसके गहन आक्रामक अर्थों को स्वीकार करते हुए। आधुनिक दुनिया में हमारे शब्दों और कर्मों से सावधान रहना आवश्यक है, जहां कई धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान सह-अस्तित्व में हैं। पैगंबर मुहम्मद साहब ने ऐ लोगों या ऐ मानव जाति के रूप में लोगों को संदर्भित संदर्भित न की ऐ काफिर संदर्भित करके सम्मान और समावेश को दिखाया। इस्लाम का कहना है कि किसी के विश्वास की परवाह किए बिना, हर कोई सम्मान के साथ व्यवहार करने के योग्य है। जोर व्यक्तियों को वर्गीकृत या विभाजित करने के बजाय, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और एक दूसरे के लिए सम्मान पर होना चाहिए। काफिर शब्द के दुरुपयोग ने पर्याप्त नुकसान किया है। यह इस विभाजनकारी शब्दावली को छोड़ने और समझ और करुणा की भावना को गले लगाने का समय है। शब्दों का वजन होता है, और उनके लापरवाह उपयोग से गहरे घाव हो सकते हैं। शत्रुता पर बहिष्करण और सम्मान पर समावेशीता का चयन करके, हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ सकते हैं। जहां मतभेदों को स्वीकार किया जाता है लेकिन विभाजन के स्रोत नहीं बनते हैं। सही रास्ता लेबलिंग और परेशान करने में नहीं है, बल्कि संवाद, सम्मान और साझा मानवता का है।

# घाटे से भय नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत अपने सरकारी ऋण का बेहतर प्रबंधन कर रहा है ऐसे में राजकोषीय घाटे के अनियंत्रित होने का सवाल ही नहीं उठता है। इस साल संशोधित अनुमानों (वित्त वर्ष 2025 के लिए) में हमने कहा कि हम जीडीपी के 4.8 फीसदी के स्तर को छू लेंगे। संशोधित अनुमानों में जो भी कहा गया है, उसे वास्तव में हासिल कर लिया जाएगा। वित्त वर्ष 2026 में हमें जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचना चाहिए। सीतारमण की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पूवार्नुमान एजेंसियों ने वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए भारत के वित्त वर्ष 2026 के वृद्धि अनुमानों को कम कर दिया है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने चालू वित्त वर्ष में सरकारी राजस्व में कमी का अनुमान लगाया है। राजकोषीय अनुशासन के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता महज एक बयान भर नहीं है बल्कि यह सरकार के कर्ज प्रबंधन के रुझान से भी स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा, ह्यकोविड के तुरंत बाद, हमारी कर्ज की स्थिति ऐसी थी कि हम जीडीपी के 62 फीसदी से ऊपर के स्तर पर चले गए। लेकिन अब चार वर्षों के भीतर हम इसे घटाकर जीडीपी के 57.4 प्रतिशत के स्तर पर ले आए हैं। चार वर्षों के भीतर आप जीडीपी-ऋण अनुपात को स्वीकार्य स्तर पर लाने के लिए उठाए गए कदमों को साफतौर पर देख सकते हैं। पिछले वर्ष जुलाई के बजट में हमने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि 2030 तक ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत के करीब आ जाएगा जबकि विकसित देशों में जीडीपी के अनुपात में 100 प्रतिशत से अधिक ऋण है। हम अपने कर्ज का प्रबंधन इस तरह कर रहे हैं। देश का रिकार्ड वित्तीय घाटे पर बेहतर रहा है। सरकार वित्त मामलों पर विशेष रुप से गंभीर है। देश का इस दृष्टिकोण से ट्रैक रिकार्ड बेहतर है। केन्द्र और राज्यों में बेहतर ताल-मेल है।




मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# धधकती धरती: विकास की दौड़ या विनाश की ओर?



न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल, वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।



\- योगेश गोयल

> विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है,जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सबकुछ नष्ट कर डालने में पलभर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है,जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है।

अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी।

धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है,जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल,अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है,उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**–अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला झकझोर देने वाला है।

मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

\- हेमंत सोरेन सीएम

# भारत में शहरी नक्सलवाद के इरादे

समस्या

**पंकज जगन्नाथ**

**भारत** शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है। एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं। वे अब 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' के खिलाफ लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं।

शहरी नक्सली, ऐसा शब्द जो हाल के वर्षों में लोकप्रिय हुआ है, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी विद्रोह के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। ये शहरी नक्सली और माओवादी, स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापार दिग्गजों की तरह, भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं। उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है। एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आदर्शवाद और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के समर्थक बनकर विद्यार्थियों में कट्टरपंथी धारणाएं भरते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने तथा हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

भारत विरोधी नारे और हिंसा जो भी हम अलग-अलग शिक्षा परिसरों में देखते हैं, वह काफी हद तक शहरी नक्सलियों द्वारा छात्रों को प्रभावित करने का परिणाम है। इस तरह का ब्रेनवॉश समाज और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को कमजोर करता है। ये नक्सली, वैश्विक डीप स्टेट मार्केट ताकतों की मदद से, हर उस चीज को खारिज करते हैं जो राष्ट्र के पक्ष में है और अंतरराष्ट्रीय मालिकों और फाइनेंसरों के अनुकूल है जिनके लिए वे स्वार्थी कारणों से काम करते हैं। उन्हें केवल जाति विवाद, कश्मीरी अलगाववाद और खालिस्तानी आंदोलन जैसे विभाजन को भड़काते है, जो अजीब तरह से ज्यादातर सोशल मीडिया, मुख्यधारा के मीडिया और कैंपस चिटचैट जैसे प्लेटफार्मों पर अनिवासी भारतीयों द्वारा फैलाया जा रहा है। इससे पहले कि आप यह जान पाएं, भारत को पूरी तरह से भीतर से नष्ट करने के लिए पर्याप्त आत्म-कट्टरपंथी तयार हो जाते है। यहां तक कि उनके अनुयायियों और कार्यकताओं के साथ-साथ माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के अधिकांश लोगों का भी माओवाद से बहुत कम सैद्धांतिक संबंध है। उदाहरण के लिए, बिहार में जाति विवाद, आंध्र प्रदेश में जमींदारों के प्रति दुश्मनी, आदिवासी क्षेत्रों में वन कानूनों से असंतोष, युवा बेरोजगारी और मुस्लिम कट्टरपंथ सभी को आग्नेयास्त्रों के उपयोग के माध्यम से सत्ता हासिल करने के साधन के रूप में निर्धारित किया जाता है। कट्टरपंथियों के अंतिम लक्ष्यों और नतीजों के बारे में जनता की समझ बढ़ाने की सख्त जरूरत है, जब्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार, सर्वेक्षण शहरी लामबंदी अभियान का पहला चरण है। इस चरण में शहरी परिदृश्यों की उनकी भौगोलिक रूपरेखा के अनुसार जाँच करना शामिल है, जिसमें यह भी शामिल है कि वे औद्योगिक या अविकसित अंतदेर्शीय क्षेत्र की सेवा करते हैं; कार्यबल की संरचना में परिवर्तन; भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों की बारीकी से जाँच; शहरों के भीतर आर्थिक असमानताएँ; और घेट्टोकरण में शामिल प्रक्रियाएँ, क्योंकि ये उनके रंगरूटों के लिए संभावित प्रजनन स्थल हैं, जिनका वे आसानी से भारतीय राज्य के हितों के विरुद्ध काम करने के लिए ब्रेनवॉश कर सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई कॉलेज परिसरों में छात्र अशांति रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के नाम पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध इन सभी संस्थानों को एकजुट करता है जिन्हें युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। एक नजदीकी जाँच से पता चलता है कि सरकार ₹लोकतांत्रिक सिद्धांतों₹ को दबाती नहीं है लेकिन एक तस्वीर इस तरह से चित्रित की जाती है।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुडे.जीवन-संकट

समस्या

**ललित गर्ग**

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है।

भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।


विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है।

हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे

## विदेश दौरे पर क्लीन एनर्जी के विषय पर संवाद करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में मना सिविल सेवा दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सोमवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सम्मान कार्यक्रम हुआ। बीडीओ ने कहा कि सिविल सेवा दिवस सिविल सेवकों के लिए नागरिकों के हित में खुद को फिर से समर्पित करने, सार्वजनिक सेवा और कार्य में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। सरकारी सेवक नीतियों के क्रियान्वयन और सुशासन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि कोई भी परीक्षा आसान नहीं होती है। लेकिन यदि समर्पण भाव से तैयारी करें, तो यह कठिन भी नहीं होती है। बीडीओ ने विद्यार्थियों को यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी, इनके सिलेबस, तैयारी के लिए पढ़ाई के घंटे आदि पर चर्चाइ की। साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर की जानकारी दी। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि लोक सेवक सरकार की व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। इनके समर्पण से ही सरकार की योजनाएं लाभुकों तक पहुंच पाती हैं। हमें इनके योगदान का हमेशा सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में निदेशक श्री राजगढ़िया ने बीडीओ को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

### भीमदेव महतो के परिजनों से मिले सांसद



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल बिजली तार की चपेट में आकर भीमदेव महतो के मौत के बाद सोमवार देर शाम उनके आवास पर परिजनों से मिले। परिजनों ने सांसद को बताया बिजली विभाग का तार जो गुजरा है वह पुल के काफी करीब है, जिसके चलते उसकी जान गई। यह विभाग की बड़ी लापरवाही है। जिसपर सांसद श्री जयसवाल ने विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की। उन्होंने साफ तौर पर कहा के विभाग की लापरवाही की वजह से एक गरीब व्यक्ति की जान गई है। आगे ऐसा पुनरावृति न हो इसके लिए विभाग फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था बनाए। मौके पर राजू चतुर्वेदी विजय जायसवाल, राजीव जायसवाल, पंकज साहा, सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, अनमोल सिंह, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद,धनंजय पुटुश, सुनील प्रसाद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### दिव्यांगों को मिलेगा यंत्रः राहुल



भुरकुंडा (रामगढ़)। स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) रांची की ओर से सोमवार को रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित दोतल्ला पंचायत भवन में वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेल की ओर से सीएसआर नोडल ऑफिसर राहुल श्रीवास्तव, सेल एम्पलाइज यूनियन के लक्ष्मण कुमार और शैलेन्द्र मंडल मौजूद थे। इस पहल के तहत व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक, स्टॉल कमोड, नी ब्रेस, फोल्डेबल वॉकर जैसे उपकरण वितरित किए गए। ये सभी यंत्र सेल रांची के सीएसआर फंड के अंतर्गत आर्टिफिशियल लिंब्स अलीमको मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन (एलिम्को) द्वारा निर्मित किए गए पंचायत स्तर पर आयोजन की अगुवाई दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने की। सत्यवंती देवी ने कहा कि यह पहल न केवल वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा देने वाली रही, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रकट करती है। सीएसआर नोडल ऑफिसर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही चिन्हित दिव्यांगों के बीच भी सेल द्वारा सहायक यंत्र का वितरण किया जायेगा।

### सर्वोदय निकेतन में मना पृथ्वी दिवस



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक वृक्ष, एक क्यू आर कोड कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के इको क्लब के छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर दर्जनों पेड़ पौधों लगाया।इको क्लब के इंचार्ज सत्य प्रकाश वर्मा, बासुदेव सोरेन और गजाला परवीन के दिशा निर्देशन में सत्यम कुमार, सौरव कुमार, आशी कुमारी, अंतरा कुमारी, फैजान रजा आदि छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर स्थित सभी पेड़ पौधों के लिए क्यू आर कोड जेनरेट करके पौधों के साथ लगाया विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता हेतु पृथ्वी का उसके मूल स्वरूप में संरक्षण होना काफी आवश्यक है।

### कुजू : महायज्ञ में उमड़ी भीड़



कुजू। तीन दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ करमा ग्राम के गंगानगर सतढेकिया में दूसरे दिन मंगलवार सुबह से सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु विभिन्न देवी देवताओं के जयघोष के साथ यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा किया।यज्ञाचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री, पंडित महेन्द्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, अशोक तिवारी ने यजमान बने विजय ठाकुर, राजेश ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेश मुंडा, धानेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर ठाकुर सपत्नीक के हाथों कई धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। सोमवार की देर रात्रि मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी का समिति ने पगड़ी पहनकर स्वागत किया।

### भुरकुंडा में पोषण पखवाड़ा संपन्न

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा संपन्न हुआ। मुखिया अजय पासवान ने पूजा देवी के पुत्र अंकुश कुमार का मुंहजुट्ठी की रश्म निभाकर की। आंगनवाड़ी सेविकाओं ने महिलाओं को पोषण और बच्चों की देखभाल से महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सुमिता देवी, पूजा पासवान, रीता देवी, अंजली देवी, मंजू देवी, अमुब्या एक्का, मानती देवी, राधिका देवी, शोभा देवी, अंजलि हालदार, मिताली बोस आदि मौजूद थे।


# हजारीबाग बीजेपी में सियासी बवाल!

## जिलाध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया में बगावत

**तानाशाही रवैया, चापलूसों की भरमार और जमीनी कार्यकर्ताओं की हो रही घोर अनदेखी : युवा**

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग की राजनीति में इन दिनों कुछ खास पक रहा है, और इसकी खुशबू अब चारदीवारी से निकलकर सीधे सोशल मीडिया की गलियों में फैल चुकी है। बीजेपी के युवा कार्यकर्ता अब खुलकर अपने ही जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। ना कोई पर्दा, ना कोई लिहाज फेसबुक पोस्ट्स में सीधे आरोपों की बौछार हो रही है। आरोप क्या हैं? तानाशाही रवैया, चापलूसों की भरमार और जमीनी कार्यकर्ताओं की घोर अनदेखी। युवा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी अब उन्हीं चेहरों के इर्द-गिर्द घूम रही है जो हां जी, हाजिर हैं की नीति पर चलते हैं। ऐसे में जिन लोगों ने दिन-रात पार्टी के लिए मेहनत की, उनकी कद्र अब गायब है। कुछ ने लिखा की सच्चे कार्यकर्ताओं की कोई पूछ नहीं, मनोबल चकनाचूर हो गया है। सबसे दिलचस्प मोर्चा सोशल मीडिया पर खुला है। हितेश रंजन ने लिखा कि जिला अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए जो सभी को साथ लेकर चले, ना भेदभाव करे, ना ही किसी को छोटा-बड़ा समझे। धीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने तो संगठन से अपील कर डाली कि समर्पित नेताओं को अवसर दिया जाए, चाहे वे किसी भी विधानसभा से हों। और कमल शंकर पंडित ने तो एक लाइन में सबकुछ कह दिया, निक्कमा अध्यक्ष, संगठन के लिए अनुभवहीन। इधर इस मुद्दे पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि मेरे कार्य और मुझसे जिला के कार्यकर्ता और प्रदेश के नेता भी संतुष्ट है। मेरे कार्यकाल में



कार्यकर्ता गण की सबसे ज्यादा भीड़ है। यही नहीं जिलाध्यक्ष के तौर पर मेरी कार्यशैली को देखते हुए मुझे अपने कार्यकाल का एक्सटेंशन भी मिल सकता है। आप हर किसी को खुश रख सकते है। ये सब विरोधियो का हथकंडा है। लेकिन सवाल बड़ा है, क्या ये किसी तूफान की आहट है या महज वक्त काटने की रणनीति? राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अगर यह असंतोष यूँ ही उबलता रहा, तो पार्टी की साख और एकता पर गहरा असर पड़ सकता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिलाध्यक्ष संवाद का रास्ता चुनते हैं या अनुशासन का डंडा चलाते हैं। जो भी हो, हजारीबाग बीजेपी में अब सियासत गर्म है और तापमान चढ़ता ही जा रहा है।

# अबुआ आवास बना रिश्वतखोरी का अड्डा

## बलिया की रूबी देवी ने खोली सिस्टम की पोल


खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/दारू।** सारकार की गरीबों के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिख रही है। दारू प्रखंड के कविलासी पंचायत अंतर्गत ग्राम बलिया की रूबी देवी की कहानी सुनकर सिस्टम की सच्चाई सामने आ जाती है। नाम योजना की सूची में दर्ज होने के बावजूद उन्हें आज तक न तो घर मिला, न कोई अधिकारिक सूचना। रूबी देवी बताती हैं कि जब वे पास के मुखिया राजेश प्रसाद से मिलने गईं, तो खुलेआम 10,000 रुपये घूस मांगा। जब उन्होंने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए पैसे देने से इनकार किया, तो उनका नाम फाइल से गायब कर दिया गया। ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाया, मगर वहां से जवाब मिला हाउसफुल हो गया, यानी अब योजना का टारगेट पूरा हो चुका है। ये सिर्फ बलिया की बात नहीं है। हजारीबाग जिले के



अधिकांश प्रखंडों से ऐसी ही शिकायतें आ रही हैं। पंचायत से लेकर जिला स्तर तक रिश्वत का खेल खुलकर चल रहा है। बिना घूस दिए योजना का लाभ मिलना लगभग असंभव हो गया है। दो से पांच हजार तक की रकम की खुलेआम मांग हो रही है।

### मनरेगा में इचाक बीडीओ मांगते हैं कमीशन : मजदूर



**हजारीबाग/ईचाक।** ईचाक बीडीओ संतोष कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्राम हदारी के मनरेगा मजदूरों का कहना है कि उन्हें कार्यालय में बुलाकर धमकाया गया, डिमांड और भुगतान में कमीशन की मांग की गई और यहां तक कहा कि मुख्यमंत्री भी मेरा कुछ नहीं कर सकते। राजकुमार मेहता सहित अन्य मनरेगा मजदूरों ने उपायुक्त हजारीबाग को एक आवेदन सौंपा है,बताया गया है कि प्रखंड कार्यालय में बुलाकर बीडीओ संतोष कुमार ने उन्हें धमकी दी, अपमानित किया और रौब दिखाते हुए कहा कि जहाँ जाना है जाओ, रांची तक मेरी पहुंच है। रास्ते में मिलोगे तो ड्राइवर से ठोकवा दूंगा। जेसीबी से गड्ढा खुदवा दूँगा, पता भी नहीं चलेगा। राजकुमार मेहता एवं अन्य मजदूरों ने उपायुक्त समेत राज्य के मुख्यमंत्री, उच्चाधिकारियों, ग्रामीण विकास मंत्री और मनरेगा उपायुक्त को भी इस पूरे मामले की प्रतिलिपि भेजी है।

## बरही अनुमंडल अस्पताल में 24 घंटे होता है इलाज : डॉ ज्ञानी

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बरही अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा के साथ 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि इमरजेंसी सेवा के लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था हमेशा उपलब्ध रहती है। ओपीडी सेवा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलती है, जिसमें रोजाना लगभग 250 से 300 मरीजों का इलाज किया जाता है। अस्पताल में 23 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है, जिनमें से 22 जांचें जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी, एचआईवी, सिफलिस आदि पूरी तरह से निःशुल्क की जाती हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच सुविधा है। डेंटल ओपीडी में रोज 20 से 25 मरीजों का इलाज होता है। अस्पताल परिसर में ही दवा काउंटर सुबह 9 से 3 बजे तक खुला रहता है, जहां उपलब्धता के अनुसार मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। नवजात शिशुओं को बीसीजी, पोलियो, आईपीवी, पीसीवी, रोटा और पेंटा जैसे टीके लगाए जाते हैं। राशन कार्डधारी लगभग 30 से 40 मरीजों को इसीजी एवं डिजिटल एक्स-रे की सुविधा निःशुल्क दी जाती है। इसके अलावा, हर मंगलवार और बुधवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवा भी



डॉ. प्रकाश ज्ञानी व अन्य

## परिजनों को मिला गुमशुदा मूकबधिर बच्चा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से एक मुकबधिर बच्चा को उसके परिजनों से मिलाया गया। मंगलवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बालक को परिजनों को सौंपा। नौ सितंबर 2024 को वात्सल्य धाम बालगृह के हाउस फादर को सूचना मिली थी कि एक मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चा कोठार ओवर ब्रिज के पास खड़ा है। हाउस फादर द्वारा संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखभाल दुखहरण महतो को इसकी सूचना दी गई। इसके पश्चात चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने तत्काल बच्चे को वात्सल्य धाम बालगृह पहुंचाया गया। 10 सितंबर 2024 को मूकबधिर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालक को बाल



गृह में आश्रय दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से बच्चे के गुमशुदगी की फोटो युक्त तस्वीर अखबार में प्रकाशित की गई। क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से 21 अप्रैल को प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष कैलाश कुमार ले बालक की मां को सुपुर्द किया गया। बच्चा अपनी मां को पाकर काफी खुश था।

## अल्ट्रासाउंड केंद्रों व अस्पतालों का औचक निरीक्षण करें : उपायुक्त

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निदेशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक



रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# बरही की बेटी आस्था को यूपीएससी में 354वां रैंक

**विधायक मनोज यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव और मुखिया प्रतिनिधि ने दी बधाई**

योगेंद्र प्रजापति

**बरही।** अगर कुछ बड़ा करने का जज्बा हो तो सही दिशा में प्रयास और मेहनत की जरूरत होती है। यह साबित कर दिखाया है बरही जरहिया गांव की बेटी आस्था शरण ने पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने पर आस्था शरण ने घर पर रहकर ही कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ यूपीएससी में परचम लहराया। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में उसने ऑल इंडिया 354वां रैंक हासिल किया है। इतिहास रचने वाली छोटे से गांव जरहिया की रहने वाली आस्था शरण ने न सिर्फ अपने परिवार, गांव बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। पूरे गांव में खुशी और जश्न का माहौल है। उसे बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दूसरे प्रयास में मिली सफलताः

बरही की बेटी आस्था शरण ने वर्ष 2024 में दूसरे प्रयास में 354वां रैंक हासिल किया है। इससे पहले वर्ष 2023 में वह यूपीएससी की परीक्षा में मेन्स में महज 9 अंकों से चूक गई थी। लेकिन उसने हार नहीं मानी, अपने दूसरे प्रयास में ही सफलता का परचम लहराया और देशभर में 354वां रैंक प्राप्त किया। छोटे से गांव में रहकर इतनी बड़ी सफलता पाने वाली आस्था शरण आज अपने सपनों को साकार करने में लगे तमाम युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं।

आस्था शरण का जन्म 28 फरवरी 1999 को हुआ था। आस्था की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय चंडीगढ़ में हुई। उन्होंने यहीं से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की।



जून 2020 में आईआईटी बीएचयू से इलेक्ट्रॉनिक्स में बीटेक किया। अमेरिकन कंपनी में 32 लाख के पैकेज पर करीब डेढ़ साल तक नौकरी की, उसके बाद नौकरी छोड़ दी और वर्ष 2022 - 23 में दिल्ली बाजीराव से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की। लेकिन पहली बार में सफलता नहीं मिली तो घर पर रहकर ही तैयारी शुरू की। आस्था के पिता शिव शरण यादव वर्ष 2024 में एयरफोर्स से रिटायर हुए हैं। आस्था अपने पिता शिव शरण की इकलौती बेटी हैं। वर्ष 2018 में उनकी मां का निधन हो गया था। आस्था शरण संयुक्त परिवार में पली बढ़ी हैं। पूरा परिवार शिक्षित है। उनके दादा दिनेश यादव गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जो डीवीसी से रिटायर हैं। उनके बड़े चाचा शंभू शरण यादव सीडब्ल्यूसी में और छोटे चाचा शशि भूषण डीवीसी में कार्यरत हैं। उनकी एक मौसी मुन्नी देवी डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में शिक्षिका हैं। आस्था ने सफलता का श्रेय परिवार और शिक्षकों को दिया है।

## एक नजर में

### बरही अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण



बरही। स्वास्थ्य विभाग की 6 सदस्यीय कमेटी ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। कमेटी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मानव संसाधन की भारी कमी है। स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है।रेडियोलॉजिस्ट एक भी नहीं है। अस्पताल में शुद्ध पेयजल की समस्या है। मरीजों के लिए कुलर की व्यवस्था नहीं है। टीम ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में जो कमियां हैं उससे राज्य सरकार को अवगत कराएगी। राज्य स्तरीय कमेटी का नेतृत्व एस आर एम के नोडल पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी और अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### टाटीझरिया में जल्द मिलेगा 108 एंबुलेंस

**हजारीबाग।** जिले में 108 एंबुलेंस की बदहाल स्थिति पर सांसद मनीष जायसवाल ने संज्ञान लिया है। सांसद के निर्देश पर मंगलवार को सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह से मुलाकात कर एंबुलेंस की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड में लंबे समय से एंबुलेंस सेवा ठप होने पर चिंता जताते हुए इसे अविलंब बहाल करने की मांग की।चौपारण, बरही, चरही, विष्णुगढ़, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमसांडी रोड और डेमोटांड़ जैसे एक्सीडेंटल जोन में एंबुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ. सिंह ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 108 एंबुलेंस को-ऑर्डिनेटर को टाटीझरिया में जल्द सेवा बहाल करने का निर्देश दिया।

### कयूम ने घायलों को वाहन से अस्पताल पहुंचाया

**बरही।** हरिजन स्कूल (करियातपुर) के समीप मंगलवार को दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मानवता दिखाते हुए पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि व अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने दोनों घायलों को अपने वाहन से बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। और दोनों घायलों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। घायलों की पहचान स्व. नंदू साव के पुत्र श्रवण कुमार 25 वर्ष करियातपुर, थाना बरही निवासी, कैलाश रविदास के पुत्र रोशन कुमार 18 वर्ष बूढ़ीडीह, थाना बरही निवासी व विकाश कुमार कोरियाडीह, थाना बरही के रूप में हुई है। श्रवण कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और रोशन कुमार एवं विकाश कुमार का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### कटकमसांडी कस्तूरबा में शुरू होगा नामांकन

**कटकमसांडी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता वार्डन खुशबू प्रबंधन ने की। बैठक में विद्यालय संबंधित कई बिंदुओं पर सर्व समिति से विस्तार रूप से चर्चा किया गया। उसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वर्ग 6 में 75 छात्राओं की नामांकन प्रक्रिया पूरा करने पर जोर दिया गया। स्कूल में एसटी कोटे से 06 एससी से 16, ओबीसी से 35, अल्पसंख्यक से 18, बीपीएलधारी 25 छात्राओं का नामांकन होगा। साथ ही वर्ग 7 में 40, वर्ग 8 में 62, वर्ग 9 में 21 छात्राओं का नामांकन की प्रक्रिया पूरा किया जाएगा। मौके पर प्रखंड प्रखंड कल्याण अधिकारी आर चंद्रा, बीपीओ गजाला कटकमसांडी बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,शिशुपाल सिंह ,मुखिया श्रुति पांडे,रेखा लेखराज यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### कटकमदाग में यंग स्टार युवा मंडल की बैठक



कटकमदाग। प्रखंड के ग्राम लुटा आंगनबाड़ी केंद्र स्थित मंगलवार को यंग स्टार युवा मंडल की बैठक हुई। बैठक में झारखंड सेवा मंडल संस्था की ओर से आए प्रतिनिधियों ने युवा मंडल से संचालित विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया व मार्गदर्शन दिए। इस संस्था की ओर से पहुंचे एलिन अर्चना लकड़ा, सुबोध कुमार ओझा व लवली कुजूर ने युवा क्लब की ओर से खेल-कूद के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व समाजिक सरोकार पर आधारित जागरूकता गतिविधियों को संचालित करने पर जोर दिया। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। नशे से होने वाले समाजिक दुष्परिणाम को बताया। दिलीप सिंह, सुखदेव महतो, संजय कुमार ओझा के अलावे युवा मंडल के अध्यक्ष सुजीत कुमार, सदस्य अमन कुमार, सत्यम कुमार राणा, संतोष कुमार, विक्रम कुमार, गोपाल राम, सुदामा राम, प्रकाश राम, सागर कुमार, अनीश राणा, आदित्य राणा, कुंदन कुमार, अजीत राणा, जितेंद्र कुमार, संतोष रजक, सनी कुमार, विशाल कुमार, विश्वजीत कुमार, दीपांशु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### फ्लैट स्टील आयात पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्र सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा के लिए फ्लैट स्टील उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लगा दी है, जो 21 अप्रैल से अगले 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य चीन, दक्षिण कोरिया और जापान से सस्ते स्टील आयात को नियंत्रित करना है, जिससे घरेलू इस्पात निर्माताओं को राहत मिले। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज द्वारा की गई जांच में पाया गया कि उपरोक्त देशों से स्टील आयात से घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान हो रहा था। गौरतलब है कि भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है, वित्त वर्ष 2024-25 में तैयार स्टील का शुद्ध आयातक देश बन गया और कुल आयात 95 लाख टन के साथ 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस फैसले का भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) और देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष और जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। उन्होंने कहा, हम सरकार के इस निर्णायक कदम के लिए आभारी हैं कि फ्लैट स्टील उत्पादों पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लगाई गई है, जो कि अव्यावहारिक कीमतों पर आ रहे आयात को रोकने के लिए बेहद आवश्यक था।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में मना पृथ्वी दिवस



रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा हुआ, जिसका थीम आवर पावर, आवर अर्थ (अवर पावर, अवर अर्थ ) के आधार पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपने सुविचार, कविता और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने प्रार्थना सभा को जीवंत और प्रभावशाली बना दिया। प्रार्थना सभा के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के कक्षा अध्यापक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने स्वयं वृक्षारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह सेना मेडल ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के प्रयास की प्रशंसा की।

## जेएमएम प्रतिनिधिमंडल की पहल पर उपायुक्त से हुई वार्ता

# एटीएम बीटीएम अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

- **खबर मन्त्र अखबार में प्रमुखता से खबर छपने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया रद्द की गयी थी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला स्तर पर आत्मा की ओर से एटीएम व बीटीएम पद पर चयनित अभ्यर्थियों की बहाली रद्द कर देने के विरोध में चयनित अभ्यर्थी समाहरणालय परिसर के आगे अनिश्चितकालीन धरना पर डटे थे। वहीं जेएमएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपायुक्त से सार्थक वार्ता के बाद धरना समाप्त हो गया। वहीं परियोजना निदेशक आत्मा रविशंकर प्रसाद बर्णवाल ने अभ्यर्थियों से मिलकर एक आम सहमति बनायी और धरना समाप्त कराया गया। वहीं उन्होंने कहा जिला अन्तर्गत संविदा आधारित बीटीएम एवं एटीएम के स्वीकृत पद के विरुद्ध वर्तमान में रिक्तपद पर विज्ञापन प्रकाशित कर नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया एक महीने के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसके बाद धरना पर बैठे अभ्यर्थियों को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया गया। वहीं इस खबर को खबर मन्त्र अखबार ने प्रमुखता छापी थी, जिसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया रद्द की गयी थी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, बैद्यनाथ मेहता, संजय पांडे, वीरेंद्र कुमार मेहता, दीपक, नवीन चंद्रवंशी के साथ-साथ धरने पर बैठे अभ्यर्थी शामिल थे।

## शिक्षाविद् कुरेश प्रसाद शर्मा ने तिलकधारी सिंह के निधन पर जताया शोक



**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा के पूर्व सांसद व कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता तिलकधारी प्रसाद सिंह का बीते सोमवार को नवजीवन नर्सिंग होम में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन पर डोमचांच के शिक्षाविद् सह भाजपा के वरीय नेता डॉ.(प्रो.) कुरेश प्रसाद शर्मा ने शोक व्यक्त किया। वहीं श्री शर्मा ने कहा कि कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह के निधन से मन दुखी है। सौम्य, शालीन, सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी तिलकधारी बाबू की कमी हम सभी को सदैव खलेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं मंजुला शर्मा के निदेशक राजनीश शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत तिलकधारी सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, साथ ही दुख की हृदयविदारक घड़ी में परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए भी प्रार्थना की।

## उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में हाथियों के द्वारा हाल के दिनों में किये गए नुकसान को लेकर कई फरियादियों ने मुआवजे की मांग की, पीड़ितों के द्वारा उपायुक्त के समक्ष गुहार लगायी गयी कि हाथियों के झुंड के द्वारा उनके घर और दुकान को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं कुछ फरियादियों ने सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रख कर उचित कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावे जनता दरबार में आम रास्ता को अतिक्रमण करने, मेरिट लिस्ट में नाम स्थगित कर देने, घर बनाने में विवाद, सड़क निर्माण में घटिया सामग्रियों का इस्तेमाल करने, भूमि विवाद आदि से संबंधित मामले आये। उपायुक्त ने जनता दरबार में आये मामलों को विभागीय पदाधिकारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं बीडीओ हुलास महतो ने फीता काटकर शिविर का उदघाटन किया। वहीं शिविर में कुल 6 यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया। उक्त जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा ने दी। वहीं ब्लड डोनेट कर रहे सीएचसी मरकच्चो के दंत चिकित्सक डॉ.चंदन कुमार ने बताया कि मानव हित में सभी युवा नागरिकों को रक्तदान करना चाहिए, जो जरूरतमंद लोगों को काम आ सके। वहीं उन्होंने बताया कि मैं अपने अबतक के जीवन काल में लगभग 100 बार रक्तदान किया हूं। वहीं ग्रामीण आलोक कुमार ने बताया कि रक्तदान करने से मनुष्य का स्वास्थ्य भी तंदरुस्त रहता है। किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। ब्लड दान करने वालों में डॉ.चन्दन कुमार, अंकित कुमार सिंह, बादल कुमार ठाकुर, रवि कुमार, आलोक कुमार, एमचंद्रा आदि शामिल हैं। मौके पर अमीत कुमार, सूरज कुमार, डॉ.दिनेश कुमार, धर्मेंद्र राम, सतीश कुमार बर्णवाल, आदित्य कुमार, गौरी शंकर सिंह, पप्पु राणा, इंद्रदेव पांडे, अर्जुन यादव, देवानन्द दास आदि मौजूद थे।

## प्रखंड प्रमुख व बीडीओ ने की विभागों की समीक्षा

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ गौतम कुमार की उपस्थिति में पंचायत समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने की। बैठक में विभागों की क्रमवार समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों से अद्यतन स्थिति पर जानकारी ली गई। वहीं भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, पेयजल एवं बिजली विभाग को विशेष रूप से सक्रिय रहने और आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं स्वास्थ्य विभाग को सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस, जरूरी दवाइयों एवं प्राथमिक उपचार की उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को खराब चापाकलों की मरम्मत एवं वैकल्पिक पेयजल स्रोतों की व्यवस्था पर कार्य करने को कहा गया। साथ ही बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ट्रांसफार्मर मरम्मत में तत्परता बरतने के निर्देश दिये। बैठक में पंचायत समिति सदस्य, उप प्रमुख राजनारायण सिंह, ग्राम पंचायतों के मुखिया सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने धरती की रक्षा का लोगों को दिया संदेश



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से चार तक के चार छात्रों ने हिस्सा लिया। वहीं बच्चों ने पौधे लगाकर और पेंटिंग के माध्यम से समाज के लोगों को पृथ्वी की रक्षा करने का संदेश दिया। वहीं उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को सराहा और कहा कि प्रदूषण के चलते ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है, धरती का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों, बच्चों और समाज के अन्य लोगों का दायित्व बनता है की मिलजुल कर पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लें। वहीं उन्होंने कहा कि पृथ्वी है तभी हमारा अस्तित्व है। इसलिए हम सब को एकजुट होकर इसकी सुरक्षा का संकल्प लेने की जरूरत है। बच्चों में पृथ्वी, संस्कृति, रुद्र कुमार, हर्षित वर्मा, दिव्यांक श्रेष्ठ, अदरीजा विश्वास, दिव्यांशी कुमारी, आराध्या, आरव, माही रानी, हर्षित कुमार, एमडी अहयान अंसारी, एमडी अनस अमन, आकाश कुमार, जिज्ञांशु कुमार, अहाना राज, मनीष कुमार, आश्वी आजमानी, सन्नी कुमार, पार्थ शर्मा, अदिति अंशिका, जसिका सेठ, सौम्या कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, आईशा सहित अन्य की प्रस्तुति सराहनीय रही। मौके पर सीमा जैन, कामिनी सहाय, सरोज पांडेय, प्रियंका गुप्ता, रूबी वर्मा, स्वीटी सिन्हा, कुंतल जेठवा, प्रियंका सिंह, सुपर्णा–डे, अनुष्का शर्मा, लवली कुमारी, सोमा पॉल सहित अन्य शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब का बिक्री तेज, प्रशासन मौन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब की बिक्री काफी तेजी से हो रही है और प्रशासन मौन है। बता दें कि परसाबाद, बाघमारा, तेतरौन, खरियोडीह, नईटांड़, सरमाटांड़, पांडू सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब की बिक्री काफी जोरों से हो रही है। वहीं लोगों ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब बिक्री होने के कारण अगल–बगल रहने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि प्रखंड के विभिन्न इलाकों में जहां अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है, वहीं पर कई सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय भी संचालित हो रहे हैं। वहीं लोगों ने बताया कि प्रखंड प्रशासन द्वारा लगातार अवैध महुआ शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती तो अवैध महुआ शराब की बिक्री नहीं होती। प्रखंड प्रशासन से छापामारी अभियान चलाने की अपील की।

## मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करें तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों, ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वहीं उन्होंने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं। वहीं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते हैं, यदि वह अपराध बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध नहीं हो। वहीं श्री कुमार ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नहीं मानें। वहीं एलएडीसीएस के अधिवक्ता नवल किशोर ने बंदियों को दिए जाने वाले अधिकारों को विस्तार से बताया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के मार्ग दर्शन में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया तथा इसके तहत दर्जनों बंदियों की जांच की गई। मौके पर अभिषेक कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, राजीव कुमार, मो.मोईउद्दीन सहित सैकड़ों बंदी मौजूद थे।

## जीएस.पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




- **पृथ्वी देती जीवनदान, आओ हम सब मिलकर करें इसका सम्मान : नितेश कुमार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ड्रॉइंग व स्पीच कम्पटीशन में भाग लिया व एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाते हुए समाज को अच्छा संदेश देने का कार्य किया। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाना, जनसंख्या वृद्धि, प्रदूषण व वनों की कटाई जैसी मुख्य समस्याओं का समाधान निकालना है, आप सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। आज के समय में बढ़ती आबादी के कारण हर दिन पेड़ों की कटाई हो रही है। इसके साथ ही हर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है, इसलिए जरूरी है कि आप अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। वहीं उपनिदेशक नीरज सिंह ने कहा कि हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद यह है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आस-पास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मो. इलियास तथा सभी शिक्षक के साथ बच्चे मिलकर विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधे लगाए। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आयुष सोनी, केशव कांत पाठक व सुमित कुमार रहे। वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान रिशु कुमार, शरगुन कुमारी, सपना यादव ने प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन



कोडरमा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच इंटर हाउस गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कविता पाठ, रोल प्ले, नाटक प्रतियोगिता एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन जैसी रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पृथ्वी की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए पृथ्वी को संरक्षित रखने के महत्व पर बल दिया और कहा कि छोटे–छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने भी अपने प्रेरणादायक संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों से हर दिन पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर छात्रों के बीच रोल प्ले, कविता पाठ, नाटक, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं मॉडर्न किड्स पैराडाइस के छात्रों ने भी पृथ्वी दिवस को शानदार तरीके से मनाया। वहीं नन्हें छात्रों ने विद्यालय परिसर में पैधरोपण किया। मौके पर सत्यभामा ठाकुर, अनुराधा सिंह, सुनीता किंडो, सलीम, कोमल घोष समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## 155वीं जयंती पर याद किए गए सोवियत क्रांति के नायक ब्लादिमीर लेनिन

### लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को देशव्यापी हड़ताल : संजय पासवान



**कोडरमा।** सोवियत क्रांति के नायक ब्लादिमीर लेनिन की 155वीं जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि देते हुए मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि लेनिन मजदूर वर्ग के विशाल हृदय में बसते हैं, वे हमारे शिक्षक हैं। उनके सिद्धांत आज भी हमारे साथ हैं, लेनिन पूरी दूनिया में सर्वहारा वर्ग के नेता हैं। मार्क्सवादी दर्शन को महान सोवियत क्रांति के माध्यम से पहली बार व्यवहार में लाते हुए, गरीब मेहनतकश मजदूर और किसान के राज्य को साकार किया। जिसके कारण पूरी दुनिया में साम्राज्यवाद विरोधी राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों को प्रेरणा प्राप्त हुई और जिसका असर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर भी पड़ा। वहीं सीटू नेता ने कहा कि क्रांतिकारी वैज्ञानिक भावना दोनों का मिलन ही मार्क्सवाद है। वहीं उन्होंने कॉमरेड लेनिन की जयंती पर सीटू मजदूर वर्ग को आह्वान किया कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमें मजदूर वर्ग की व्यापक एकता और संघर्ष को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजदूर विरोधी नीतियों और लेबर कोड (श्रम संहिता) के खिलाफ 20 मई को सीटू सहित तमाम केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनायें।

# चतरा में जिलास्तरीय पोषण पखवाड़ा का भव्य समापन

## सहायिकाओं को तैयार पोषक व्यंजनों की लगायी गयी प्रदर्शनी के लिए किया गया सम्मानित

- **समारोह में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार, महिलाओं की गोदभराई तथा हस्ताक्षर अभियान का किया गया आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत 8 अप्रैल से चल रहे पोषण पखवाड़ा का मंगलवार चतरा में जिला स्तरीय समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समापन समारोह जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, आरसीएच पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू सहित अन्य पदाधिकारी व सेविकाएं भी मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा की थीमों जीवन के पहले हजार दिन, लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे को रोकने हेतु स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए सुनहरे 1000 दिन की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी सेविकाओं को लाभार्थियों का फेस ऑथेंटिकेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया।

जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने सेविकाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान को सराहा और उन्हें अपने कार्य के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से सेवा करने की अपील की।

समारोह के दौरान बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार, महिलाओं का गोदभराई तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही सहायिकाओं द्वारा तैयार पोषक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह ने पोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा सेविकाओं की भूमिका को और सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

## खबर एक नजर में

### पृथ्वी दिवस पर चलाया गया जागरुकता अभियान, वन विभाग ने किया पौधे का वितरण



**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार मंगलवार पृथ्वी दिवस के अवसर पर हंटरगंज वन विभाग परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विधिक सहायता एवं सलाह केंद्र प्रखंड कार्यालय हंटरगंज के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हंटरगंज वन विभाग के वनपाल पवन कुमार सहित कई वनकर्मी और ग्रामीण शामिल हुए। जागरूकता कार्यक्रम में वनपाल पवन कुमार और पीएलबी कुमार विवेक रंजन एवं सरयू यादव ने पृथ्वी दिवस पर लोगों को जल जंगल और जमीन के संरक्षण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उत्प्रेरित किया। मानव की गलती के कारण पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से भी लोगों को अवगत कराया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु उत्प्रेरित किया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग के द्वारा लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया।

### प्रकृति का अत्यधिक दोहन से प्राकृतिक आपदाओं के आने का खतरा : पीएलवी मनीष रजक



**हंटरगंज/चतरा।** पृथ्वी दिवस पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देश पर पैनीकला पंचायत में जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पीएलवी मनीष रजक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती केवल संसाधन ही नहीं अपितु जीवन का आधार भी है। पर्यावरण संरक्षण में पालीथिन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने आगे बताया कि समस्त प्राणियों को प्रकृति के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य के मध्य संतुलन होने पर ही पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है। अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने वर्ष 1970 में पृथ्वी संरक्षण के लिए पृथ्वी दिवस की शुरुआत की। हमें फलों के बीजों को साफ करके अपने पास रखना चाहिए। जब भी कहीं जाएं, उन बीजों को रास्ते में डालते हुए जाएं, जिससे काफी पेड़ ऐसे ही उगाए जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सीड बम का प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें बीजों को सूखी मिट्टी में सुरक्षित रखकर जंगलों में फेंका जाता है, जिससे वन्य क्षेत्र का विस्तार हो सके। पृथ्वी को हम मां का दर्जा देते हैं, जीवित रहने के लिए यह पृथ्वी ही हमें भोजन, जल एवं वायु देती है, यदि हम प्रकृति का अत्यधिक दोहन करेंगे तो इससे प्राकृतिक आपदाएं आने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। शिविर में पीएलवी मनीष रजक के अलावे दर्जनों ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



**कुंदा (चतरा)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कुंदा में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अमौना, काशीलौंग, नवादा गांव समेत अन्य स्थानों पर आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर लोगों को बताया गया कि पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें क्या–क्या कदम उठाने होंगे। लोगों को बताया गया कि जंगलों के अंधाधुंध दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग को रोकना चाहिए वहीं भूमिगत जल को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है ताकि सभी जन जीव जंतु को अच्छा ऑक्सीजन मिले। शिविर मे अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास, अजित कुमार, प्रवीण पासवान, किरण कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### गाडिलौंग में नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर झंडा यात्रा निकाल श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**टंडवा (चतरा)।** गाडिलौंग गांव स्थित नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में 16 मई से 24 मई तक प्रस्तावित नौ दिवसीय महायज्ञ एवं भव्य मेले को लेकर मंगलवार को झंडा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाजे–गाजे के साथ झंडा यात्रा निकालते हुए पूरे गाडिलौंग और टंडवा शहीद चौक तक नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण की शुरूआत यज्ञ स्थल से हुई, जिसमें महंत त्यागी जी महाराज के नेतृत्व में सभी देवी–देवताओं के स्थानों पर पूजा–अर्चना की गई तथा नेवता दिया गया। श्रद्धालु भक्ति संगीत पर झूमते हुए पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण का संचार कर रहे थे। ग्रामीणों में आगामी महायज्ञ और मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। हजारों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए यज्ञ समिति द्वारा सुरक्षा एवं विधि–व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की सफलता में यज्ञ समिति के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गाडिलौंग गांव इन दिनों पूरी तरह धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है।

### पत्थर माइंस का एसडीओ सन्नी राज ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत इचाक गांव में संचालित पत्थर माइंस का मंगलवार को एसडीओ सन्नी राज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, खनन निरीक्षक राजेश हांसदा, अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, बीडीओ राहुल देव सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। एसडीओ द्वारा माइंस स्थल का निरीक्षण करते हुए माइंस संचालक को कई दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिया कि माइंस क्षेत्र को तार से घेराव किया जाए तथा मुख्य सड़क तक दिन में तीन बार पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, ताकि धूल–धक्कड़ से आमजन को परेशानी न हो। इसके अलावा, उन्होंने माइंस स्थल पर कॉर्केट सीट लगाने का भी निर्देश दिया ताकि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। एसडीओ ने माइंस संचालन में नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी भी दी। बताया गया कि स्थानीय ग्रामीणों ने माइंस से उत्पन्न समस्याओं को लेकर वरीय अधिकारियों को शिकायत की थी, जिसके आलोक में यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, राजस्व उप निरीक्षक पप्पू कुमार यादव सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण व इचाक में जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण एवं इचाक में मंगलवार को जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी ने औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, पिंडारकोण विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा 8 अप्रैल को एक शिक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय में की गई थी। उसी के आलोक में पदाधिकारी द्वारा विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दीपा मोनी बनर्जी ने शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों, मध्याह्न भोजन एवं बच्चों की उपस्थिति का जायजा लिया। बाद में वे उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक भी पहुंचीं, जहां उन्होंने विद्यालय के पंजी, मध्याह्न भोजन व्यवस्था, पठन–पाठन सामग्री तथा पोषण योजना से संबंधित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के समय प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र गुप्ता, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद यादव, नरेश राम, जितेंद्र कुमार पांडेय, प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह समेत अन्य शिक्षक व सदस्य उपस्थित थे।

### प्लस टू उवि में शिक्षक की व्यवस्था कर शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने की मांग



**सिमरिया।** आल इंडिया फेडरेशन ने मंगलवार को एसडीओ को आवेदन देकर मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है। फेडरेशन के जिला कमिटी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि इस विद्यालय में 1200 छात्र–छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षक बहुत ही कम हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों को सप्ताह में तीन–तीन दिन पढ़ाया जा रहा है। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने एसडीओ से विद्यालय में शिक्षक की कमी को दूर करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है, ताकि इस विद्यालय के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिल सके।

# यूपीएससी परीक्षा में ऋत्विक को 115वां और डॉ इशिका को 206वां रैंक

- अभी देहरादून में आइपीएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं ऋत्विक
- डॉ इशिका ने पहले ही प्रयास में पायी सफलता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के दो छात्र-छात्राओं को यूपीएससी 2024 की परीक्षा में सफलता मिली है। ये हैं : ऋत्विक वर्मा और डा इशिका सिंह। ऋत्विक वर्मा को यूपीएससी की परीक्षा में 115 वां रैंक मिला है जबकि डा इशिता सिंह को 206 वां रैंक मिला है। ऋत्विक लोयोला स्कूल जमशेदपुर के पूर्व छात्र और स्पर्धा प्रकाशन की प्रकाशक प्रियंका वर्मा व पूर्व वन पदाधिकारी अजय कुमार के पुत्र हैं।

ऋत्विक ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लोयोला स्कूल से करने के उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल विषय से स्नातक किया था और वे दिल्ली से ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

इससे पूर्व ऋत्विक का चयन यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 के द्वारा आईपीएस के लिए हो चुका था और वे फिलहाल सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में आईपीएस प्रोबेशनर के रूप में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय स्पर्धा प्रकाशन की पुस्तकों सहित अपनी मां प्रियंका वर्मा तथा अपने पिता और पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं स्पर्धा प्रकाशन के निदेशक अजय कुमार के मार्गदर्शन को दिया है। बता दें कि ऋत्विक के छोटे भाई वेदान्त मेहता ने भी यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया 29 वाँ रैंक पाया था और वे वर्तमान में सेना में कैप्टन के पद पर अंबाला कैंट में पदस्थापित हैं।

दूसरी ओर, शहर में पली-बढी शहर की डॉक्टर बिटिया डॉक्टर इशिका सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में अपने प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है। आयोग की परीक्षा में 206वी में रैंक लाकर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। इससे पहले इशिका एमबीबीएस की पढ़ाई कर्नाटक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से पूरी कर चुकी है। इशिका ने प्लस टू की पढ़ाई हुबली स्थित केंद्रीय विद्यालय से की थी। इशिका के पिता राजेश कुमार सिंह का टेल्को स्थित खड़ंगाझार में आवास है। ननिहाल प्रकाश नगर टेल्को में है।

वर्तमान समय में इशिका के पिता राजेश सिंह हुबली में सफल उद्योगपति के रूप में जाने जाते हैं। श्री सिंह टाटा हिताची में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इशिका की माता किरण सिंह गृहणी है एवं छोटा भाई ऋषित भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। इशिका अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं मामा मामी और घर के बुजुर्गों के आशीर्वाद को देती है।





ऋत्विक वर्मा अपने पिता अजय कुमार, मां प्रियंका वर्मा व अनुज वेदांत मेहता के साथ और अपने माता- पिता और भाई के साथ डॉ इशिका सिंह।

# करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की हुई अंत्येष्टि, आक्रोश

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी दी अंतिम विदाई, आक्रोश
- एसएसपी ऑफिस तक किया मार्च, कहा-न्याय चाहिए, अन्यथा...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की अंत्येष्टि उनके शुभचिंतकों की भारी उपस्थिति के बीच स्वर्णरेखा श्मशान घाट, भुइयांडीह कर दी गयी। उनके बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत समेत क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नेतागण व विभिन्न दलों के नेतागण उपस्थित थे। इसके पूर्व विनय सिंह की शवयात्रा आज अपरान्ह साढ़े तीन बजे आस्था स्पेस टाउनशिप स्थित उनके आवास से निकाली गई। अंतिम दर्शन करते वक्त विनय सिंह के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। उनकी धर्मपत्नी तो अंतिम दर्शन करते वक्त बेहोश होकर गिर पड़ीं। इसके बाद विनय सिंह अमर रहे के नारों के साथ शवयात्रा निकाली गयी। शवयात्रा में भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले, शिवशंकर सिंह, विनोद सिंह, क्षत्रिय संघ के प्रदेश अध्यक्ष शंभू सिंह, डा एमएस सिंह मानस, धर्मेन्द्र प्रसाद, आजसू के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, उपेंद्र सिंह मस्तान, मनोज सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

विनय सिंह की गत 20 अप्रैल को गोली मार कर बालीगुमा में हत्या कर दी गई थी। इस हत्या से क्षत्रिय समाज में आक्रोश व्याप्त है।



विनय सिंह की शवयात्रा का दृश्य, अंतिम दर्शन को देख परिजन बेहोश और एसएसपी ऑफिस मार्च करते राज सिंह शेखावत व क्षत्रिय समाज के लोग।

### विनय के हत्यारों को कड़ी सजा और परिवार को पांच करोड़ मुआवजा दे सरकार : राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत जैसे ही स्वर्णरेखा श्मशान घाट पहुंचे वहां उपस्थित क्षत्रिय समाज ने विनय सिंह के परिवार को न्याय दिलाने के पक्ष में नारेबाजी शुरु कर दी। राज शेखावत ने आते ही विनय सिंह के अंतिम दर्शन किए और इसके बाद शव को अंत्येष्टि कर दी गई। श्मशन घाट पर पत्रकारों से बात करते वक्त करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत बेहद आक्रोशित दिखे। उन्होंने कहा कि विनय सिंह करणी सेना ही नहीं पूरे क्षत्रिय समाज के धरोहर थे। उनकी हत्या से एक परिवार यतीम सा हो गया है। हमें चाहिए तो सिर्फ हत्यारों की गिरफ्तारी अन्यथा हम चैन से नहीं बैठ सकते। यह क्षत्रिय समाज की एक धरोहर की हत्या है,कोई मजाक नहीं है। अंत्येष्टि के पश्चात करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज ने एसएसपी ऑफिस तक मार्च किया। एसएसपी ऑफिस पहुंच कर सभी धरने पर बैठ गये और एसएसपी को नीचे आकर वार्ता करने की मांग करने लगे। डीएसपी भोला प्रसाद बात करने आये और सभी को मना कर एसएसपी किशोर कौशल के चैंबर में वार्ता के लिए ले गये।

## भारत स्काउट एंड गाइड का सात दिवसीय तृतीय सोपान शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड झारखंड राज्य के तत्वावधान में तृतीय स सोपान शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय आम बागान साक्षी में सात दिवसीय शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार लीडर ऑफ द कोर्स सात दिवस शिविर का संचालन किया गया इस शिविर में कुल 70 स्काउट गाइड टुडे भाग लिया सिविल में सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट डा वी बिस्टुपुर डीबीएस विच एरिया स प्लस तू स्कूल पत्तामुंडा चिन्मया विद्यालय बिस्टुपुर ने भाग लिया। इस शिविर में बच्चों का परीक्षण लिया गया ।

शिविर के आखिरी दिन ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया इस ग्रैंडपेरेंट फायर के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी, बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश भगत , स्वास्थ विभाग के पदाधिकारी कुंदन कुमार, एस एस प्लस टू पटमदा के प्राचार्य डॉ मिथिलेश, शिविर प्रधान संगीता मिश्रा, हरेंद्र ममतेश्वरी, धीरज रंजन, राजकुमार सिंह, चंद्रमणि मोदी मौजूद थे।

## बाराद्वारी जल हादसा प्रभावित पीड़ित परिवारों को मिलेगा मुआवजा : डीसी

- बाराद्वारी गांधी आश्रम जलहादसा पर विधायक पूर्णिमा साहू ने डीसी से की भेंट
- प्रभावित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास और उचित मुआवजे की उठायी जोरदार मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी स्थित देव नगर गांधी आश्रम में टाटा स्टील यूआईएसएल की हाई प्रेशर रॉ वॉटर सप्लाई पाइप फटने से हुए जल हादसे पर प्रभावित परिवारों की पीड़ा अब प्रशासनिक गलियारों तक पहुँच गई है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पीड़ित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग की। इस अवसर पर गांधी आश्रम के पीड़ित लोग भी मौजूद रहे। विधायक पूर्णिमा साहू ने उपायुक्त को अवगत कराया कि गांधी आश्रम में निवास करने वाले लोग समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं, जो रोजमर्रा की जरूरतें बड़ी मुश्किल से पूरी करते हैं। ऐसे में जल हादसे ने उनके जीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।



विधायक पूर्णिमा साहू डीसी से वार्ता करते हुए।

## टाटा मोटर्स : ड्यूटी के दौरान बाई सिक्स कर्मी टीकाराम की तबीयत बिगड़ी, मौत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के बाईसिक्स कर्मी टीकाराम मार्डी की कंपनी में काम करने के पश्चात तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद बाई सिक्स कर्मी को टेल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां यहां इलाज के दौरान सोमवार की रात बाई सिक्स कर्मी ने दम तोड़ दिया है। बाई सिक्स गर्मी के परिजनों ने टाटा मोटर्स प्रबंधन से मांग की है कि 30 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। साथ ही एक आश्रित को नौकरी दी जाए। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने बताया कि परसूडीह के प्रधान टोला के रहने वाले टीकाराम मार्डी टाटा मोटर्स में बाई सिक्स कर्मी थे। बताया जाता है कि टीकाराम मार्डी 19 अप्रैल को घर से काम करने के लिए टाटा मोटर्स आए। तो यहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रबंधन ने उन्हें इलाज के लिए टेल्को अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उनका निधन हो गया। टीकाराम मार्डी तीन भाइयों में मंझले थे। उनके घर में वही अकेले कमाने वाले थे। 10 लोगों के पालन पोषण का भार उन पर था। इसलिए परिजन जोर दे रहे हैं कि उनके एक आश्रित को नौकरी दी जाए और 30 लाख रुपया मुआवजा दिया जाए।



दिवंगत मजदूर टीकाराम मार्डी की फाइल फोटो।

## साकची गुजराती इंग्लिश स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को श्री साकची गुजराती इंग्लिश स्कूल, साकची में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करना था। शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ मौसमी के प्रेरणादायक भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों को बताया कि धरती हमारा एकमात्र घर है और इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सजग और सक्रिय नागरिक बनने का संदेश दिया।

# जादूगोड़ा के रोहित कुमार गौरव को यूपीएससी परीक्षा में मिला 518 रैंक

- विदेश सेवा में जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि बनना उद्देश्य : रोहित कुमार

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा का छात्र रोहित कुमार गौरव (34)यूपीएससी परीक्षा में उसे 518 रैंक मिला है। इधर परिणाम सुन पिता यूसिल अधिकारी रमेश सिंह समेत पूरे परिवार खुशी के आंसू छलक उठे। इधर रोहित कुमार गौरव जादूगोड़ा का दूसरा छात्र है जो यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। उसकी इस सफलता में पूरा जादूगोड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उसकी इच्छा विदेश सेवा में जानी की है ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की सकारात्मक छवि बने।

इधर जादूगोड़ा के छात्र रोहित कुमार गौरव की इस सफलताओं को लेकर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। बेटे की इस सफलता की खबर पर यूसिल लेखाअधिकारी पिता रमेश सिंह , मां ललिता देवी बहन रौशनी की आंखों में खुशी की आंसू छलक उठे।



रोहित कुमार अपनी मां, बहन और पिता के साथ।

**रोहित कुमार गौरव का परिचय :** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय का छात्र रोहित कुमार गौरव बारहवीं की परीक्षा में सेकेंड टॉपर रहा। यहां से उसने उड़ान भरी व वी आई टी वेल्लूर से इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक में बीटेक की डिग्री हासिल की फिर आईं आई एम रायपुर छत्तीसगढ़ फाइनेंस में एमबीए की पढ़ाई पूरी कर स्टैंडर्ड चार्टड बैंक, ऑफ यूनाइटेड किंगडम में 29 लाख पैकेज पर वेल्लूर में योगदान दिया। 2018 से यूपीएससी की तैयारी शुरू की व छह साल की कड़ी मेहनत के बाद इस साल उसे सफलता मिली। इस परीक्षा में 1009 बच्चों का चयन किया गया जिसमें जादूगोड़ा के रोहित कुमार गौरव को 518 वा रैंक हासिल करने में सफलता मिली।

**मोबाइल और मनोरंजन से छह साल से दूर रहा रोहित : रमेश सिंह**

अपने बेटे रोहित कुमार गौरव की सफलता पर उसके पिता रमेश सिंह समेत पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उसके पिता यूसिल में लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थापित है। वे कहते है बैंक में नौकरी करते हुए यूपीएससी की तैयारी शुरू की।बीते छह सालों में मोबाइल व मनोरंजन से दूर रहा। अंत में उसकी मेहनत रंग लाई है।

## स्पीड न्यूज

### पांच उम्मीदवारों ने लिये नामांकन पत्र

- टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन उप चुनाव

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में रिक्त हुए एक कमेटी मेंबर के सीट पर उप चुनाव प्रक्रिया के तहत मंगलवार को नामांकन पत्र का वितरण किया गया। टाटा मोटर्स के पुराने कैंटीन में चुनाव संचालन समिति के देखरेख में नामांकन पत्रों का वितरण किया। कुल पांच लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा 24 अप्रैल को नामांकन पत्र जमा लिये जायेंगे। नामांकन पत्र लेने वाले उम्मीदवारों के नाम :-अतरेश कपाही, अरविंद कुमार तिवारी, अमृत, नीरज झा, अजय कुमार है। चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या 138 है।

### शादी देखने गयी युवती के साथ छेड़खानी

**गम्हरिया।** बीते सोमवार की रात गम्हरिया प्रखंड के टेटोपोसी गांव में शादी देखने गई युवती के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर गांव के कुछ लोगों द्वारा लड़की के घर में घुसकर पूरे परिवार पर ईंट, पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस क्रम में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। बताया गया है कि इस मारपीट में एक पक्ष से पांच लोग और दूसरे पक्ष से 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। इसके अलावा करीब दस अन्य लोगों को हल्की चोटें आई है, जिसमे कई बच्चे भी शामिल हैं। घायल लोगों में मेहरू निशा, सबाना खातून, तरन्नुम खातून, यास्मीन परवीन, आफरीन परवीन, मरजिना खातून, सबनम खातून, शेख कुर्बान, समीर अंसारी, जुबेर अंसारी, जाफर अंसारी आदि शामिल है। घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए जाफर अंसारी ने बताया कि बीते रविवार को गांव के सदर की बेटी की शादी थी। उसकी बहन आफरीन परवीन और मरजीना खातून शादी देखने गई थी। शादी समारोह में शमसाद नमक युवक ने उसकी दोनो बहनों के साथ छेड़छाड़ कर दी। उसकी दोनो बहनों ने इस छेड़छाड़ की घटना के बारे में अपने घर में आकर बताया। उसके बाद उसका भाई जुबेर अंसारी युवक को समझाने गया, जिसके बाद शमसाद के साथ गांव के दूसरे लोगों ने जुबेर को धमकी देते हुए गांव छोड़ कर जाने की बात कही। तत्पश्चात, सोमवार की शाम शमसाद साहिल, लोहदा, अली असगर, हसन, पोंक, राजा एवं आलम के साथ जाफर के घर आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान बीच बचाव करने आए घर के अन्य सदस्यों पर भी उन युवकों द्वारा ईंट, पत्थर, भुजाली और अन्य धारदार हथियार से वार करना शुरू कर दिया गया जिसमें परिवार के बच्चे सहित करीब 21 लोग घायल हो गए जिसमें ग्यारह लोगों को गंभीर चोटें आई है। घटना के बाद इसकी सूचना सरायकेला थाना को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर गई जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी, जिसमे दोनों पक्षों से कुछ लोग घायल हुए हैं सदर अस्पताल में इलाज करवाया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

### डीबीएमएस कदमा की पूर्व प्रिंसिपल बगली का निधन



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा की पूर्व प्रिंसिपल मीना बगली का निधन सोमवार को हो गया। 64 वर्षीय मीना बगली ब्रेस्ट कैंसर और बोन मैरो की बीमारी से ग्रसित थी और टाटा मेन अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार बिस्टुपुर पार्वती बर्निंग घाट में कर दिया गया। सर्किट हाउस निवासी उनके पति फ्रमरोज बगली ने बताया कि घर में पारसी रीति रिवाज के अनुसार क्रिया संपन्न हो रही है। पत्नी के रिश्तेदार मुंबई एवं अन्य इलाकों से पहुंच रहे हैं और उठाला एवं प्रार्थना सभा पंजाबी आर्य समाज रीति रिवाज से संपन्न होगी।

## एक नजर में

### काटिया से खूंचीडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी में 15 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा पुल



**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के काटिया से खूंचीडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी में पुल निर्माण कार्य का ईंचागढ़ विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण एवं नारियल फोड़ विधिवत शिलान्यास किया। कहा, यह पुल बनने से यहां के लोगों का प्रखंड कार्यालय जाने में काफी दूरी कम पड़ेगी। मौके पर ओमप्रकाश लायेक, चारुचांद किस्कू, काबलू महतो, सुधीर किस्कू, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, कृष्णा किशोर महतो, सुदामा हेंब्रम, शंकर लायेक भी उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**चांडिल।** मंगलवार को दयावती मोदी पब्लिक स्कूल हुमिद के क्षात्रों ने पर्यावरण बचाव को लेकर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्कूल के क्षात्रों ने चांडिल के कदमडीह दूर्गा मंदिर प्रांगण में तथा चांडिल डेम रोड़ स्थित आदर्श कॉलोनी दूर्गा मंदिर प्रांगण में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया।

### मां तुझे सलाम संस्था ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को सौंपा छह सूत्री ज्ञापन



**जमशेदपुर।** मां तुझे सलाम संस्था की टीम ने अजहर खान की अगुवावई में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त रूप से विधवा, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन जो 1000 रुपया दिया जाता है उसे बढ़ाकर कम से कम 2000 रुपये प्रतिमाह किया जाए ताकि पेंशनधारी अपना जीवन यापन ठीक से चला सके। दूसरी कि सदर अस्पताल में बेड की 500 की जाये एवं मूलभूत सुविधाओं को भी बढ़ाया जाए। सदर अस्पताल एवं जमशेदपुर आर .इ.ओ ऑफिस में हाई मार्क्स लाइव लगाया जाए। राज्य में पहले की भांति लाल कार्ड में चीनी दिया जाए एवं अन्य राज्यों की भांति मच्छरदानी भी दिया जाए।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस आयोजित



**जमशेदपुर।** अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को विश्व में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। शेन इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दिवस की शुरूआत सुबह की प्रार्थना सभा से हुई, जिसमे बच्चों द्वारा पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया,और उसकी सुरक्षा का शपथ लिया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए, स्लोगन लिखें तथा कविता वाचन किया और पर्यावरण के सरंक्षण का संदेश दिया। सभी को पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की। प्रधानाध्यापिका डॉ केया अदक ने बच्चों को पर्यावरण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी, तथा इसके नुकसान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू ने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### राजेंद्र विद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**जमशेदपुर।** 22 अप्रैल को राजेन्द्र विद्यालय के प्रागंण में हमारी धरती के महत्व को बताते हुए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने कई कार्यक्रम किये। कक्षा 1 के नौनिहालों ने पृथ्वी के महत्व पर प्रकाश डाला। एलकेजी से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रकृति पर आधारित नृत्य, पेन्टिंग, स्लोगन लेखन और नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। कक्षा नवीं से ग्यारहवीं के बच्चों ने दूसरे ग्रह से पृथ्वी की तुलना कर मंगल ग्रह पर जीवन स्थापित करने के स्थान पर पृथ्वी पर ही जीवन को श्रेस्यकर बताया। इन कार्य क्रमों के माध्यम से बच्चे अपनी धरती मां को साफ सुथरा तथा हरा-भरा बनाए रखने का गुर सीखें। एलकेजी से लेकर पाचवी कक्षा तक के बच्चों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता तिवारी ने बच्चों को पृथ्वी के महत्व तथा इसे साफ सुथरा रखने की।

### हफीजुल को पद मुक्त करें मुख्यमंत्री : कुलविन्दर



**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि वह अपने मंत्रिमंडल से मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को बाहर करें। श्री सिंह के अनुसार कोई संवैधानिक पद में रहकर संविधान की मूल भावना के खिलाफ कैसे बयानबाजी कर सकता है। मंत्री का यह कहना कि शरीयत संविधान से ऊपर है, उसे भारत का कोई भी नागरिक स्वीकार नहीं कर सकता है? मुख्यमंत्री जी किसी मुसलमान से पूछिए क्या वह मंत्री के बयान से इत्तेफाक रखता है, उसका जवाब भी ना में होगा।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने एक करोड़ लागत की 16 योजनाओं का किया शिलान्यास



**हरिहरगंज पलामू।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को करीब एक करोड़ की लागत से कुल 16 योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें पीसीसी रोड़, आरसीसी नाली व पथ निर्माण आदि कार्य शामिल है। विधायक ने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद विस क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। पूरे विधानसभा में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, जेइ नीरज गुप्ता, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, सुशील सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, महादेव यादव, गेंदालाल यादव भी थे।

### विधायक ने 136 सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय हरिहरगंज में मंगलवार को समारोह कर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने 136 आंगनबाड़ी सेविकाओं व 2 महिला पर्यवेक्षिका के बीच राज्य सरकार से उपलब्ध कराये गये स्मार्टफोन का वितरण किया। वहीं पांच कुपोषित बच्चों के बीच पोषण किट और पांच किसानों के बीच बरोंन खाद का वितरण किया। सेविकाओं के पोषक पदार्थ से बनी प्रदर्शनी का विधायक ने स्टॉल पर पहुंचकर अवलोकन किया। इस दौरान पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं पांच बच्चों को अन्नप्राशन किया गया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनता के कार्यों का ससमय निपटारा करने का निर्देश भी दिया। मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुलाह अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीओ अभय कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीटीएम सुशील मिश्रा, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव मौजूद थे।

### 30 तक ई केवाईसी नहीं करानेवाले लाभुक राशन से होंगे वंचित : एमओ

**सतबरवा पलामू।** एमओ अरविंद कुमार ने कहा कि सभी लाभुक 30 अप्रैल तक हर हाल में राशन कार्ड को ई-केवाईसी करवा लें नहीं तो उन्हें राशन उठाव से वंचित कर दिया जायेगा। एमओ ने बताया कि केवाईसी करने का समय सीमा बीते 31 मार्च ही थी। मगर विभाग के सचिव के निर्देश पर बढ़कर 30 अप्रैल तक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में 64989 राशनकार्ड के सदस्य हैं जिसमें से 50111 सदस्यों ने अपना केवाईसी कर चुके हैं शेष बचे हुए सदस्यों का ई केवाईसी की प्रक्रिया तेजी गति से चल रही है। उन्होंने सभी लाभुकों से आग्रह करते हुए कहा है कि जिन लाभुकों का केवाईसी नहीं हो सका है वे जल्द से जल्द करवा ले ताकि आने वाले समय पर किसी प्रकार का परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

### सदीक चौक के पास सघन वाहन जांच



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सदीक चौक के पास सघन जांच अभियान चला। चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें 11 बाइक को शहर थाना परिसर में रखा गया है। 22 अप्रैल को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 08 बाइकों का चालान 21,490 आया। टोटल 31,675 रुपये आया है।

### साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के रौनक ने जीता गोल्ड




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सात कराटेकारों ने गिरिडीह झारखंड में आयोजित प्रथम साउथ एशियन कराटे चैम्पियनशिप में फाईट और काता करते हुए दो गोल्ड, सात सिल्वर, पांच ब्राउंज मेडल अपने नाम किया। इनमें संत मरियम विद्यालय के रौनक कुमार फाईट में गोल्ड मेडल और काता में सिल्वर मेडल, अनिकेत कुमार फाइट में सिल्वर मेडल और काता में ब्राउज मेडल, युवराज कोरवा फाइट में सिल्वर मेडल और काता में ब्राउज मेडल एंव पलामू मिक्सड मार्शल-आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी के आकांक्षा कुमारी फाईट में सिल्वर मेडल और काता में ब्राउज मेडल, मीरा मखारिया फाइट में सिल्वर मेडल और काता में ब्राउज मेडल, लाडली कुमारी फाईट में सिल्वर मेडलऔर काता में ब्राउज मेडल, डोली कुमारी फाईट में गोल्ड मेडल और काता में ब्राउज मेडल इत्यादि। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फुनाकोशी शोतो-कॉन कराटे आर्गनाइजेशन इंडिया के तत्वावधान में 18-19 अप्रैल को गिरिडीह टाउन हॉल में हुई थी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, बंगलादेश, वर्मा, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, इंडोनेशिया इत्यादि देश के कराटेकार हिस्सा लिया। यह टीम मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में गिरिडीह गयी थी, जबकि टीम मैनेजर दीपक कुमार और गोल्डी कुमारी को नियुक्त किया गया था।

### वायुसेना अग्निवीर में 11 तक आवेदन

**मेदिनीनगर।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। उम्मीदवार इस भर्ती के लिए 21 अप्रैल से 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए इंडियन एयर फोर्स की ऑफिसियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति पर ही प्राचार्य-बीपीओ को मिलेगा वेतन : डीसी

- पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयवार आच्छादित विद्यार्थियों की जांच के लिए बनी दो कमेटी
- विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति करायें सुनिश्चित
- एसएमएस का डेटा शत प्रतिशत से नीचे रहने पर एमडीएम ऑपरेटरों को हटाये जाने की होगी कार्रवाई
- पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों को पोर्टल पर करें अपलोड
- स्कूलों में मध्याह्न भोजन के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या की जांच अब कमेटी द्वारा की जायेगी। विद्यार्थियों के अच्छादन की कमियों को लेकर कमेटी की रिपोर्ट उपरांत संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने इसके लिए अलग-अलग दो कमेटी बनाई है। पहली कमेटी में जिला शिक्षा अधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता एवं बीईईओ तथा दूसरी कमेटी में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक को रखा गया है। उपायुक्त सह जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन समाहरणालय सभागार में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के सफल संचालन हेतु सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, समयावधी, मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की व्यवस्था, विद्यालयों में कार्यरत योग्य रसोईया-सह-सहायिका का आयुष्माण भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित किए जाने की प्रगति, निर्धारित आयुवर्ग की रसोईया-सह-सहायिका का 50 वर्ष आयु पूर्ण करने वाली रसोइया-सह-सहायिका का सर्वजन पेंशन योजना अतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन से अच्छादन, विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या, एसएमएस भेजे जाने की स्थिति, प्रखंडवार विद्यालयों द्वारा किए गए एसएमएस का अंतर, विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच एवं आईएफए दवा का वितरण, प्रखंडवार स्टीयरिंग-सह-मॉनेटरिंग कमेटी की बैठक की अद्यतन स्थिति आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उपायुक्त शशि रंजन ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का सख्त निर्देश दिया।




बैठक में उपस्थित उपायुक्त शशि रंजन व अन्य अधिकारी-पदाधिकारी।

### मई से सभी छात्रों की उपस्थिति कराने का सख्त निर्देश

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति (एसडीएमआईएस) दर्ज कराने पर ही प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित बीपीओ का वेतन भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त ने मई माह से प्रत्येक विद्यार्थियों की उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चत कराने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने मध्याह्न भोजन की समयावधि एवं पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) मेन्यू के अनुसार देने, विद्यालयवार विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन खिलाये जाने के तुरंत बाद एसएमएस भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत से कम एसएमएस भेजने की स्थिति में एमडीएम के कंप्यूटर ऑपरेटों को हटाये जाने की कार्रवाई की जायेगी। बीईईओ एवं बीपीओ भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए, 15 दिनों में प्रगति लाने का निदेश दिया। उन्होंने सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों को विभाग के अधिकृत पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने भी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने, निर्धारित समय पर एसएमएस भेजने संबंधित कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन का नियमित संचालन करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्य में धीमी प्रगति पर स्पष्टीकरण करने, प्रपत्र-क गठित करने संबंधी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम एवं मध्याह्न भोजन से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

**जेएनवी 2 जपला के नामांकन प्रभारी ने कई बीआरसीसी पर लगाया फर्जी आईडी बनाने का आरोप**

# एक ही बच्चे के दो स्थानों पर हैं नामांकन: आशमुनि प्रसाद

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** भारत सरकार शिक्षा मन्त्रालय के द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 2 के नामांकन प्रभारी आशमुनि प्रसाद ने कई प्रखण्डों के बीआरसीसी पर नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों के अपार आई डी,व स्थानांतर प्रमाण पत्रों में गलत तरीके से हेर फेर करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने बताया कि पिपरा, हरिहरगंज, उंटारी, छतरपुर ऐसे कई प्रखण्ड के बच्चे नवोदय कक्षा छः प्रवेश में परीक्षा में सफल हुए हैं। लेकिन उन्होंने बताया कि अधिकांश बच्चों का अपार आई डी, पिन कोड दूसरे स्कूल में नामांकन व स्थानांतरित प्रमाण पत्र दूसरे स्कूल से मिल रहा हैं जिससे नामांकन लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं।

**बीआरसीसी की मिलीभगत से डाटा एंट्री करने वालों की खुल रही कलई**

आगे उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां मेधावी छात्र छात्राओं की हक मारा जा रहा हैं तो दूसरी तरफ बीआरसीसी के मिलीभगत से डाटा एंट्री करने वालों की कलई खुल रही हैं। इससे जाहिर होता हैं अधिकांश बच्चे सरकारी स्कूल में नामांकित तो हैं लेकिन उसकी पठन पाठन



निजी व बड़े विद्यालय से चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को हम गम्भीरता पूर्वक जांच कर रहे हैं तथा ऐसे गलती करने वाले प्रधानाध्यापक पर भी कार्रवाई करने के लिए विभाग को लिखित सूचना दूंगा ताकि भविष्य में ऐसे गलती पर रोक लगाया जा सके।

# आग लगने से 10 एकड़ खेत में लगी गेहूं फसल जलकर खाक

- आग बुझाने में झुलसा किसान आक्रोशित किसानों ने मुख्य सड़क को किया जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के नगेशर ग्राम में 11 हजार तार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे लगभग दस एकड़ जमीन में गेहू की फसल जलकर राख हो गयी। आग बुझाने में नगेशर के अनिल सिंह आग की चपेट में आकर झुलस गये। किसान अनील सिंह, संजय सिंह उर्फ संज, मंजय सिंह, संजय सिंह, मेघनाथ मिस्त्री, सुनील मिस्त्री, आलोक सिंह, सुरेश सिंह की गेहूं आग की चपेट में आने से खाक हो गयी। इससे आक्रोशित लोगों ने पाटन पड़वा मुख्य पथ जाम कर दिया।




**बिजली ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग :** 11000 तार 440 पर गिर गया, जिससे नागेश्वर ग्राम के सभी घरों के टीवी, फ्रिज, पंखा जल गये हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि हर घर के बिजली उपकरण (लागत लगभग 20 से 25 लाख) जल गये हैं। मौके पर पाटन थाना प्रभारी लाल जी, जिप सदस्य संग्राम सिंह पहुंचे। संग्राम ने बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर मुआवजा की मांग की। अधिकारी ने देने की बात कही है। ग्रामीण आक्रोश में सड़क जाम कर दिये थे, जिसे संग्राम व सीओ की पहल पर हटाया गया।

जाम की सूचना मिलते ही पाटन पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह एवं पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव पहुंच मामले की जानकारी ली। लोगों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही जिसके बाद लोगों ने जाम हटाया। लोगों में बिजली विभाग के प्रति काफी गुस्सा था। उनका कहना था कि बिजली विभाग कभी भी क्षेत्र में ध्यान नहीं देता है। अगर विभाग जर्जर तार पोल बदल दिया होता तो अगलगी की घटना नहीं होती।

# पलामू भीषण गर्मी की चपेट में, 44 डिग्री पहुंचा तापमान

**गजेंद्र कुमार**

- पलामू भीषण गर्मी की चपेट में 44 डिग्री पहुंचा तापमान
- कड़ी धूप व गर्म हवाओं के झोंके जन जीवन कर रहा प्रभावित
- भीषण गर्मी के बावजूद प्रातःकालीन संचालित नहीं हो रहा विद्यालय



**बढ़ते तापमान को देखकर जल्द ही प्रातःकालीन संचालित होंगे विद्यालय : उपायुक्त**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पठारी जिला के रूप में जाना हाता है। इस जिला के सभी प्रखंड क्षेत्रों में पहाड़ व पत्थर पड़ते हैं। तेज धूप के कारण पहाड़, पत्थर काफी गर्म हो जाते हैं जिस कारण भी तापमान में वृद्धि होती है। वहीं दूसरी ओर प्रकृति के नेचर में बेतहाशा हो रहे परिवर्तन के कारण पलामू का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है।

मंगलवार को पलामू भीषण गर्मी की चपेट में आया। जिसका तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान, तेज धूप व गर्म हवाओं की झोंकें ने आम जनजीवन को काफी प्रभावित किया है। वहीं पशु पक्षी भी इससे अछूते नहीं हैं। पलामू में भीषण गर्मी पड़ने के कारण व लू चलने के कारण लोगों को जहां एक ओर परेशनियां होती है वहीं दूसरी ओर लू लगने के कारण मौत भी हो जाती है। भीषण गर्मी व तेज धूप व गर्म हवा के झोंकों से पशु पक्षी भी झूलसते हैं। दूसरी ओर पेड पौधे की पत्तियां भी जल जाती है।

ऐसी भीषण गर्मी पड़ने के बावजूद जिला में संचालित शिक्षण संस्थान का प्रातःकालीन न होना अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन गया है कि इस भीष्ण गर्मी में बच्चों को किस सूरत में स्कूल भेजा जाये। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशिरंजन ने कहा कि पलामू के बढ़ते तापमान को देखते हुए शिक्षण संस्थानों को अविलंब प्रातःकालीन करने का निर्देश दिया जायेगा।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि बढ़ते तापमान को देखकर लोग अपने बहुत ही जरूरत के काम को पूरा करने के लिए ही घर से बाहर निकलें। साथ ही सावधानी बरतें। बिना वजह घर से बाहर न निकलें। बच्चों, बुजूर्गों के स्वास्थ्य का देखभाल विशेष रूप से करें। पेय पदार्थ का अधिक सेवन करें।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने पिपरा में खोली पनशाला



**विश्रामपुर (पलामू)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी स्थित प्रार्थना गृह ने सोमवार को एन एच 75 किनारे पिपरा बाजार चौक के पास पनशाला खोली। जिसका उद्घाटन पंसस ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू ने किया। इससे पहले परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु और परमपूज्य गुरुदेव गुरूपद बाबा जी महाराज के चित्र समक्ष विशेष पूजा- अर्चना की। समूह के सदस्यों ने राहगीरों को लड्डू खिलाकर पानी पिलाया। गुड्डू ने कहा कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। रामलखन पांडेय ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। मौके पर विजय यादव, हलकानी राम, श्रीकांत मिश्रा, बिनोद पांडेय, चंद्रदेव साव, संजीत मिश्रा, साहेब राम, जवाहिर साव, हीरा लाल, पंकज कुमार मौजूद थे।

### संघर्ष मोर्चा ने पृथ्वी दिवस पर की विचार गोष्ठी



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में पृथ्वी दिवस पर एक विचार गोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम और संचालन संजय कुमार ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि भारत के मूल में पृथ्वी संरक्षण है। पृथ्वी दिवस धरती बचाने के प्रति लोगों को जागरूक करने का दिन है। लोगों की जरूरत बढ़ी, संसाधनों का दोहन हुआ। जीवाश्म ईंधनों के प्रति अति इस्तेमाल से ग्लोबल वार्मिंग का संकट खड़ा किया। धड़ल्ले से वनों की कटाई से आज पृथ्वी खतरे में है। मौके पर शिवनारायण शाह, कृष्णा राम, संजय मिस्त्री, राजू राम, उमेश पासवान, संजय चौरसिया, संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, उपेंद्र तिवारी, यशवंत कुमार, प्रदीप राम, विजय राम, रामयाद उरांव, मनोज सिंह ने पृथ्वी बचाने के लिए पौधरोपण की मांग की।

### बीडीओ अमित झा ने की योजनाओं की समीक्षा




**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन योजना, पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे एवं मनरेगा अंतर्गत सभी लाभुकों का मानव दिवस का भुगतान से संबंधित बीडीओ डॉ अमित झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 16 से 22 तक 344 एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत कुल 38 लंबित आवासों इस माह के अंत तक सभी पंचायत सचिव एवं स्वंसेवक को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

# हरियाणा से काम कर वापस लौट रहे नवयुवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप के वार्ड 12 के झगरुआ निवासी भिखारी भुईयां के पुत्र चंदन (18) की मौत हो गयी। वह हरियाणा में मजदूरी करता था। चार माह बाद घर वापस आ रहा था इसी दौरान पलामू एक्सप्रेस में ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी और वह बेहोश हो गया। साथियों ने गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर उसे अचेतावस्था में उतारा और रेल अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार देर रात दो बजे की है। चंदन अपने



माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना के बाद से माता पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। खबर मिलते ही निवर्तमान पार्षद संजय बैठा मृतक के परिजनों से मिला कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने दाह संस्कार के लिये अपने निजी खर्च से लकड़ी भी मंगवाया। श्री बैठा ने परिजनों को आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# माह के अंतिम शनिवार को लाल मेडिकल हॉल में बैठेंगे गैस्ट्रो एंटरोलॉजी चिकित्सक

- 26 अप्रैल को डालटनगंज में गैस्ट्रो ओपीडी, फ्री फाइब्रोस्कैन के साथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची ऑर्किड द्वारा संचालित आउटरीच गैस्ट्रो एंटरोलॉजी क्लिनिक प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को डालटनगंज में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 26 अप्रैल को लाल मेडिकल हॉल प्रकाशचंद्र जैन सेवा सदन के सामने आयोजित किया जायेगा। इसमें गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश यादव मरीजों को देखेंगे। डॉक्टर पेट, लीवर व आंतों की बीमारियों के लिए बेहतर परामर्श देंगे। इसकी जानकारी देते हुए अभिनव तिवारी ने कहा कि लाल मेडिकल हॉल में डॉक्टर द्वारा गैस, एसिडिटी, अपच, फैटी लिवर, हेपेटाइटिस, पित्त की पथरी, लिवर सिरोसिस जैसी समस्याओं एवं एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी व थेराप्यूटिक प्रक्रियाओं में अनुभवी चिकित्सक के द्वारा बेहतर ईलाज किया जायेगा। उन्होंने ऑर्किड हॉस्पिटल का उद्देश्य है हर व्यक्ति तक विश्वसनीय व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। लीवर हेल्थ की जांच हेतु फ्री फाइब्रोस्कैन टेस्ट भी उपलब्ध होगा। यह जांच फैटी लिवर, लीवर फाइब्रोसिस व सिरोसिस जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान में मददगार साबित होती है।

**भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता ने देवी धाम हैदरनगर में की पूजा अर्चना**

# सांसद बीडी राम के सार्थक प्रयास से क्षेत्र में तेज हुई विकास की गति: स्मिता आनंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद विष्णु दयाल राम की सुपुत्री सह भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ हैदरनगर पलामू स्थित देवी धाम मंदिर का दर्शन कर पूजा अर्चना करते हुए माता रानी से क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर सुश्री स्मिता ने कहा कि मातारानी की कृपा व सांसद श्री राम के सार्थक प्रयास से पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। सड़क व पुल पुलिया के निर्माण से लेकर लोकल ट्रेन के संचालन से लेकर लंबी दूरी के ट्रेन का पलामू गढ़वा में ठहराव से संसदीय क्षेत्र के नागरिकों के लिए विशेष सुविधा बहाल हो सका है। सुश्री आनंद ने कहा कि सांसद श्री राम का सपना पलामू संसदीय क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल बनाना है इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। हैदरनगर देवी धाम जाने के क्रम में बिश्रामपुर रेहला के बी मोड़ चौक पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, बिश्रामपुर अनुज पाण्डेय, शिवांश मिश्रा, विकास चौबे, मनु पांडेय आदि मौजूद थे।





देवी धाम हैदरनगर में पूजा अर्चना करतीं पलामू सांसद बीडी राम की पुत्री व अन्य।

# गृह रक्षा वाहिनी के कंपनी कमांडर रोहित कुमार को जवानों ने पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

- शत प्रतिशत रोस्टर का किया जा रहा है पालन : रामलाल सिंह चेरो

**अजीत कुमार दूबे**

**मेदिनीनगर।** गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय में पदस्थापित कंपनी कमांडर सह कर्तव्य पदाधिकारी रोहित कुमार को जवान रामलाल सिंह चेरो, पवन बैठा, कुमार सौरभ, विशाल कुमार चौधरी, भानु कुमार, संजीत दूबे समेत कई जवानों ने शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित जवान रामलाल सिंह चेरो ने कहा कि पलामू जिला में निष्पक्ष रूप से रोस्टर के तहत जवानों को डियूटी दिया जा रहा है। इससे जवानों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने अपने विभाग के वरीय पदाधिकारी से आग्रह किया है कि जवानों का पोस्ट बढ़ाया जाये ताकि गृह रक्षा वाहिनी के सभी जवानों को डियूटी मिल सके। उन्होंने कहा कि कंपनी कमांडर रोहित कुमार अपने दायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से कर रहे हैं। कंपनी कमांडर सह कर्तव्य पदाधिकारी ने कहा कि पलामू जिला के रक्षा वाहिनी के जवानों की समस्या हो तो कार्यालय में आकर समस्या रखें तत्काल उसका निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जवान बेहतर ढंग से अपना डियूटी करें। उन्होंने कहा कि रोस्टर के तहत जवानों को डियूटी वितरण किया जा रहा है। पवन कुमार बैठा ने बताया कि जिले में गृह रक्षा वाहिनी के जवानों में खुशी देखा जा रहा है। कोई भी समस्या लेकर जिला कार्यालय में जाने पर उसका निदान किया जाता है। कहा कि महिलाओं का रोस्टर शत प्रतिशत पालन किया जा रहा है। मौके पर जवान सतीश कुमार, समाजसेवी तुलसी यादव, संजय दूबे, रविंद्र पांडेय, सुरज कुमार, दीपक तिवारी समेत कई जवान शामिल थे।



कंपनी कमांडर को सम्मानित करते पवन कुमार व अन्य।

# यूपीएससीः निराशा के बाद भी सौरभ ने नहीं मानी हार, चौथी बार में सफलता ने चुमी कदम

## सौरभ ने प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई ग्रीन माउंट एकेडमी से किया, उसके बाद आईआईटी खड़गपुर से स्कॉलरशीप लेकर इंजीनियरिंग किया

खबर मन्त्र संवाददाता


मिठाई खिलाकर बधाईयां देते सौरभ के माता-पिता।

**दुमका।** मन का हारा हार है, मन का जीता जीत... हरिवंश राय बच्चन की यह कविता दुमका के 28 वर्षीय सौरभ सिन्हा ने चौथी बार यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर चरितार्थ किया।

साधारण परिवार से आए सौरभ सिन्हा ने भारतीय लोक सेवा आयोग में 49 वां रैंक हासिल कर दुमका जिला का मान बढ़ाया। सौरभ के पिता प्रियव्रत सिन्हा उर्फ पिंटू जिला अधिवक्ता संघ, दुमका कार्यालय के प्रधान क्लर्क के रूप में कार्यरत है। वेहद ही शालीन व सौम्य प्रियव्रत सिन्हा ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अन्य बच्चों के लिए संदेश देते हुए कहा कि लगन व परिश्रम से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भले ही देरी से सही लेकिन एक न एक दिन अथक प्रयास से मंजिल जरूर मिलती है।

माता विभा सिन्हा साधारण गृहणी महिला है। मंगलवार की दोपहर बेटे ने उत्तर प्रदेश के लखनउ से फोन कर यूपीएससी परीक्षा पास होने की बात कही। जिसके बाद खुशी का काई ठिकाना नहीं रहा। बताते है कि सौरभ का पुकारू नाम अंकित है। वह पढ़ाई के सिवाय किसी अन्य प्रकार के चीजों में कोई दिलचस्पी नहीं रखता था।

जब भी मौका मिलता था पढ़ाई में लग जाता था। सौरभ की प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई दुमका से हुई। इंटरमीडिएट तक ग्रीन माउंट एकेडमी, दुमका में पढ़ाई किया। उसके बाद आईआईटी खड़गपुर से स्कॉलरशीप लेकर इंजीनियरिंग किया।

पिता प्रियव्रत सिन्हा बताते है कि शुरूआत से ही यूपीएससी पास करने की हसरतें पाले रहा। वर्ष 2019 में बीटेक पास करने के बाद यूपीएससी की तैयारी में जुट गया था। पहली बार वर्ष 2019 में परीक्षा में शामिल हुए। लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई। इस बीच फिडजी कंपनी में नौकरी मिली। जिसे बाद में छोड़ तैयारी में जुटा रहा। दूसरी और तीसरी बार यूपीएससी की परीक्षा में 2021 एवं 2022 में शामिल हुआ। दोनों बार पीटी व मेंस की परीक्षा में सफल रहा। लेकिन एक बार फिर किस्मत दगा दे दिया और साक्षात्कार में विफल रहे। जिसके बाद सौरभ निराश हो गया।

इसके बाद लखनउ में ही नारायण कोचिंग संस्थान में गणित की लेक्चरर के रूप में काम करने लगा। तीसरी बार भी असफलता हासिल होने के बाद निराश सौरभ वर्ष 2023 में परीक्षा में भाग नहीं लिया। पिता प्रियव्रत बताते है कि तीसरी बार असफलता हासिल होने के बाद भी वह चुपके-चुपके तैयारी में जुटा रहा। परिवार के किसी सदस्यों को भनक तक नहीं लगने दिया। करीब दो सालों से घर नहीं आया। इसके बाद आज दोपहर फोन आया कि यूपीएससी की परीक्षा में 49 वां रैंक लाकर सफल रहा। इसके बाद खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बधाइयां और शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। परिवार के अन्य सदस्यों ने एक-दुसरे को मिठाई खिलाप सौरभ की सफलता पर खुशी जाहिर किया। सौरभ अपने परिवार का बड़ा बेटा है। सौरभ का छोटा भाई ऋषभ सिन्हा है।

सौरभ का छोटा सा परिवार है। जिसमें माता-पिता और एक छोटा भाई है। छोटा भाई ऋषभ ग्रेजुएशन कर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में जुटा है। हाल में एयरफोर्स का पहली बार परीक्षा दिया। हलांकि इस परीक्षा में असफल रहा। ऋषभ एसएससी समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुटा है।

## स्पीड न्यूज

### नगर थाना के समीप प्याऊ का उद्घाटन



गोड्डा। इस तपती गर्मी के मौसम में आमजनों और राहगीरों को प्यास से राहत देने के लिए नगर थाना परिसर के बाहर मुख्य मार्ग के समीप शीतल पेयजल की कराई गई व्यवस्था। वहीं पियाऊ का विधिवत उद्घाटन सदर एस डीपीओ अशोक प्रियदर्शी के द्वारा फीता काटकर और राहगीरों को पानी पिलाकर इसकी शुरूआत की गई। प्रशासन द्वारा आमजनों के लिए किया जा रहा यह प्रयास न केवल मानवीय संवेदनाओं को दशार्ता है, बल्कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम भी है। मौके पर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा के साथ नगर थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### पृथ्वी दिवस पर एसपी कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

दुमका। एसपी कॉलेज में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण बचाने के संकल्प के साथ कई गतिविधियों में भाग लिया। अभियान की शुरूआत एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक से हुई। जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं पर सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ केपी यादव ने की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती हमारी मां है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी को आगे आकर पर्यावरण के प्रति सजग बनना होगा। छात्रों ने भी पर्यावरणीय मुद्दों को रचनात्मक और प्रभावी ढंग से उजागर किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने ह्यहर दिन पृथ्वी दिवसह्न के रूप में मनाने का शपथ लेते हुए अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ ने इस सफल आयोजन के लिए छात्रों और आयोजकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में डॉ वेद प्रकाश सहाय, डॉ विश्वनाथ यादव, प्रो सुनील बेसरा, डॉ चंद्रशेखर रजक, प्रो सनातन मुर्मू, एवं डॉ लीना ने भी जागरूकता अभियान कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

### शिक्षक ने घर पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगा किया लिखित शिकायत

दुमका। शहर के डंगालपाड़ा निवासी शिक्षक रजी हसने ने रंगदारी नहीं देने पर चाहरदीवारी व गेट क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में लिखित शिकायत किया है। आवेदन में शिक्षक रजी हसन ने बताया कि खिजुरिया स्थित झामुमों संरक्षक गुरुजी शिबू सोरेन के आवास के पीछे बने निमार्णाधीन मकान की दीवार के पिलर और लोहे के गेट को जेसीबी मशीन से जबरन तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित शिक्षक मो रजी हसन ने बताया है कि फातिमा बीबी, रसिदा बीबी और जकीरण बीबी से जमीन लेकर मकान का निर्माण कराया था। जिसका जमाबंदी नंबर 56 नया 30 दाग नंबर 747 नया 836 है। बीते 19 अप्रैल को लगभग आठ से दस लोगों का एक समूह जेसीबी मशीन लेकर जबरन दीवार और लोहे का गेट तोड़ दिया। शिक्षक ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी मो मौईन उर्फ सोनम, खिजुरिया निवासी मो नेजाम मियां समेत अन्य को आरोपी बताया है। बताया कि उक्त आरोपियों ने रंगदारी स्वरूप एक लाख बीस हजार रुपये की मांग की थी।

## विधानसभा की पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण समिति का दो दिवसीय बोकारो दौरा संपन्न, दिये कई निर्देश

# पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर जताया असंतोष

**श्रम अधीक्षक, कारखाना निरीक्षक एवं प्रदूषण बोर्ड धनबाद के आरओ के विरूद्ध कार्यवाही की अनुशंसा का निर्देश**






खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने बोकारो परिसदन सभागार में दूसरे दिन भी कुछ विभागों एवं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने किया। उनके साथ समिति के सदस्य जिगा सुसारण होरो संजीव सरदार विधायक श्वेता सिंह उपस्थित थे। मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना शेजवलकर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष आरसीडी के कार्यपालक अभियंता एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी एवं विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। समिति ने विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के भ्रमण के दौरान इकाइयों में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर तय मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन नहीं पाया। इसे सुनिश्चित करने को लेकर प्रदूषण बोर्ड के आरओ- श्रम अधीक्षक बोकारो एवं कारखाना निरीक्षक से विभिन्न बिंदुओं/किए गए कार्यों की जानकारी ली। सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा कार्य/दायित्व में लापरवाही बरतने को लेकर कार्यवाही करने के लिए समिति ने अनुशंसा करने का निर्देश दिया। वहीं अन्य विभागों की भी समीक्षा क्रम में समिति सभापति ने पदाधिकारियों को अपने कार्य/दायित्व को ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कहीं। समिति ने क्रमवार बीएसएल डीवीसी-सीटीपीएस ईस्टर्न इंद्राणी बीपीसीएल आदि इकाइयों के प्रतिनिधियों से पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रबंधन के इंतजाम पर असंतोष जताते हुए तय मानकों का अनुपालन करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि इससे पूर्व सोमवार को खनन विभाग प्रदूषण बोर्ड वन प्रमंडल पथ निर्माण विभाग बीएसएल समेत अन्य विभागों एवं विभिन्न उद्योग प्रतिनिधियों पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण के दिशा में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई थी। झारखंड प्रदूषण बोर्ड के आरओ से साइडिंग क्षेत्रों का निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया था। इस क्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा किए गए कार्यों एवं निगरानी व्यवस्था पर समिति ने असंतोष जताया। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान काटे गए पौधों के बदले पौधरोपण की स्थिति की जानकारी ली गई। समिति ने जिले में संचालित विभिन्न सड़क निर्माण के दौरान प्राप्त अनुमति के विरूद्ध पौधरोपण की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन जमा करने को कहा। समीक्षा क्रम में बीएसएल प्रबंधन द्वारा सेक्टर 11 अंतर्गत खुले में कूड़े के निस्तारण मुद्दे पर भी चर्चा हुई। नगर सेवा विभाग एवं प्रदूषण बोर्ड द्वारा इस पर अपनी झ अपनी बात कहीं गई। समिति ने बीएसएल प्रबंधन से इस संबंध में बोर्ड एवं जिला प्रशासन के साथ किए गए पत्राचार एवं प्रदूषण बोर्ड द्वारा बीएसएल के विरुद्ध की गई कार्रवाई से संबंधित पत्राचार की कापी उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में डीसीएलआर प्रभाष दत्ता बियाडा सचिव मनोज कुमार डीपीआरओ रवि कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने रेलवे साइडिंग बोकारो एवं बियाडा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि का भी निरीक्षण किया।

## कथारा वाशरी कांट्रेक्टर एसो. के सदस्यों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** वाशरी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सदस्यों ने मंगलवार को वाशरी परिसर में मोहम्मद हाशिम की अध्यक्षता में बैठक की। संचालन बद्री नारायण मिश्रा ने किया। यहां मौजूद संगठन के सदस्यों ने कहा कि कई दशकों से संगठन से जुड़े संवेदक वाशरी प्लांट में कार्य करते आ रहें हैं। अधिकारियों एवं सीसीएल कर्मियों की तरह प्लांट कि उन्नति, मुनाफे, बेहतर उत्पादन एवं डिस्पैच के कार्य में संवेदकों का भी अहम योगदान जुडा हुआ हैं। पूर्वजों के द्वारा सीसीएल प्रतिष्ठान को दिए गए जमीनों पर प्लांट एवं कोलियरियां स्थापित होकर मुनाफा अर्जित कर रही है। किसी तरह हम प्रभावित ग्रामीण विस्थापित भी वाशरी प्लांट में संवेदक के रूप में कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। लेकिन इधर हाल के कुछ वर्षों में फंड की कमी एवं कागजाती अथवा अन्य तकनीकी कारणों की वजह से हम सभी संवेदक आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। अगर हालात एवं व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुई तो संगठन से जुड़े संवेदको के आर्थिक जीवन पर काफी प्रभाव पड़ेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कथारा वाशरी कांट्रेक्टर एसोसिएशन क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं पीओ कथारा वाशरी से मिलकर एवं पत्राचार के माध्यम से उक्त समस्या के समाधान करने की मांग रखेंगे। इस मौके पर मो गुलशरीफ, मो इम्तियाज, मो सब्बीर अंसारी, दिगंबर चौधरी, मो अबू तालिब, मो अत्ताउल्लाह, मदन सिन्हा, जगत प्रसाद वर्मा, मो. पिंटू, मो सैफ, मो मनव्वर, टुनटुन, शहीद रजा आदि लोग मौजूद थे।

## सीसीएल ढोरी क्षेत्रीय कल्याण समिति व प्रबंधन की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में जीएम रंजय सिंहा की अध्यक्षता में सर्वे और योजना बनाने के पूर्व श्रमिक प्रतिनिधियों का सुझाव लेने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में श्रमिक सदस्यों ने कहा कि सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी प्रबंधन का सहयोग करते आ रहे हैं। उत्पादन के साथ-साथ मजदूरों की सुख-सुविधा और सुरक्षा की भी जिम्मेदारी प्रबंधन की है। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक रखा। श्रमिक प्रतिनिधियों ने ढ़ोरी क्षेत्र के कॉलोनी मे क्वार्टर की मरम्मत, पेयजल, बिजली सप्लाई व साफ-सफाई के अलावे कंपनी के नियमानुसार कर्मियों व मजदूरों की प्रोन्नति, खदान और कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट, कॉलोनी में चोरी की रोकथाम हेतु व्यवस्था, शिक्षा व चिकित्सा सेवा बेहतर बनाने के लिए योजना बनायी जाय। केंद्रीय अस्पताल ढोरी में अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे, दवा, मर्चरी रूम और मरचरी वैन, स्कूल बस आदि उपलब्धता पर चर्चा की। जीएम रंजय सिन्हा ने कहा कि बैठक में उठाया गये सभी समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करते हुए निदान किया जायेगा। कहा कि मजदूरों के जर्जर क्वार्टरों की मरम्मत, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। केंद्रीय अस्पताल ढोरी में दो करोड की लागत से मरम्मत और पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराया जायेगा। जीएम सिंहा ने क्षेत्र में रहनेवाले लोगों की बुनियादी सुविधा के अतिरिक्त जितने भी जरूरी कार्य हैं, उसे किसी भी हाल में लंबित न रख कर उस पर तेजी से काम करने की योजना बनायी जा रही है। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियो को कार्य की योजना बना कर भेजने की बात कही ताकि जरूरी औपचारिकता पूरी कर कार्य के लिए फंड का आवंटन किया जा सके। सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि सीएसआर से विस्थापित, ग्रामीण व आसपास के लोगों की सुविधाओं को ख्याल में रखकर योजना को धरातल पर उतारा जाता है। इस अवसर पर पीओ राजीव कुमार, शैलेश प्रसाद व रंजीत कुमार गौतम मोहंती, मो शाहिद हुसैन, माला कुमारी, मनोज कुमार, सुरेश सिंह सीताराम उड़के, शालिनी यादव, डॉ सुरेंद्र शर्मा सहित यूनियन प्रतिनिधि ओम शंकर सिंह, राजू भूखिया, कुलदीप, जवाहरलाल यादव, मुकेश साहनी, केवल चौहान, चंद्रशेखर महतो, बबलू, शिवकुमार उपस्थित थे।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में पृथ्वी दिवस पर हुआ पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल में पृथ्वी दिवस-हमारी शक्ति हमारा ग्रह के थीम पर आयोजित कार्यक्रम में सीजीएम कुंदन कुमार के नेतृत्व में सेक्टर 05 लाइब्रेरी ग्राउंड के पास वृक्षारोपण किया गया। मौके पर जीएम नवीन प्रकाश श्रीवास्तव एके अविनाश डीजीएम पीएस सिंह के साथ वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय समुदायों- व्यक्तियों और राष्ट्रों की सामूहिक शक्ति पर प्रकाश डालता है ताकि टिकाऊ समाधानों के माध्यम से इसकी रक्षा और पुनर्स्थापना की जा सके। उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 100873 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया है। इनमें से सर्वाधिक लगभग 70000 पौधे उकरीद मोड़ के निकट जबकि 28500 पौधे सिटी कॉलेज क्षेत्र में लगाए गए। इसके अतिरिक्त आशालता केंद्र के समीप 1375 तथा बीजीएच परिसर के पास 998 पौधों का रोपण किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप टाउनशिप क्षेत्र में हरियाली को एक नया आयाम दिया गया है। संयंत्र परिसर के भीतर भी पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए 9300 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इस प्रयास ने बीएसएल की हरित पर्यावरण एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रमाणित किया है। ज्ञातव्य है कि बीएसएल द्वारा गरगा डैम के बेसिन क्षेत्र में कार्बन सिंक का सृजन किया गया है जहां पूर्व में लगभग 1.6 लाख पौधों का रोपण किया गया था। बीएसएल द्वारा उठाए गए ये पर्यावरणीय पहलें न केवल टाउनशिप एवं संयंत्र परिसर के हरित आवरण को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास और जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में भारत के संकल्पों के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी को भी दर्शा रही हैं।

## यूपीएससी : लातेहार के बिपुल गुप्ता ने 368वीं रैंक में क्वालीफाई किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज परीक्षा में लातेहार जिला के महुआडांड प्रखण्ड के चटकपुर ग्राम के रहने वाले विपुल गुप्ता (माता-पिता दीपा गुप्ता एवं पवन कुमार गुप्ता) ने 368वीं रैंक के साथ यूपीएससी क्वालीफाई किया। उनके दादाजी जयप्रकाश गुप्ता खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से सेवानिवृत है जो अभी वर्तमान में चटकपुर में ही रहते हैं। विपुल का ननिहाल रामानुजगंज में है और उनके नाना मदन प्रसाद गुप्ता एक प्रतिष्ठित व्यवसाई हुआ करते थे। विपुल के पिताजी ग्राम चटकपुर से पहले इंजीनियर हुए थे। विपुल की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा डीपीएस विशाखापट्टनम से हुई इसके बाद इन्होंने आईआईटी मद्रास से अपने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कअर की तैयारी में रहे और अंतिम परिणाम के रूप में आज घोषित परिणाम में अंतिम रूप से 368 वीं रैंक लाकर यूपीएससी क्वालीफाई किया है जो चटकपुर ग्राम ही नही पुरे महुआडांड प्रखंड के लिए बहुत गर्व का बात है। वहीं विपुल गुप्ता के क्वालीफाई किये जाने को लेकर दादा जयप्रकाश गुप्ता, दादी यशोदा देवी समेत पुरा चटकपुर ग्राम वासी भावविभोर हैं एवं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## एक नजर में

### बोकारो में साधकों ने आयोजित किया निखिल जन्मोत्सव, उत्सवमय बना रहा माहौल



बोकारो। मंत्र- तंत्र व ज्योतिष को विश्व पटल पर पुनर्प्रतिष्ठापित करने वाले निखिलेश्वरानंद जी का जन्मोत्सव बोकारो में पूरे धूमधाम के साथ सेक्टर 12 डी स्थित निखिल पारदेश्वर महादेव मंदिर में मनाया गया। साधकों ने उल्लासपूर्वक यज्ञ-हवन भजन-कीर्तन का आयोजन किया। साथ ही केक भी काटा। कार्यक्रम में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों झरिया धनबाद व अन्य जिलों से निखिल मंत्र विज्ञान परिवार के सदस्यगण सपरिवार इस जन्मोत्सव में पहुंचे। गणपति पूजन के उपरांत निखिल आवाहन और सामूहिक मंत्र-जाप का अनुष्ठान हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। तदुपरांत साधकों ने भावपूर्ण गुरु आरती निखिल आरती और समर्पण स्तुति की। इसके बाद शिष्यों ने केक काटा और गुरुदेव को समर्पणरूपी उपहार देकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान आसपास का पूरा वातावरण गुरुदेव की जय-जयकार और हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान बना रहा। कई साधकों ने अपने-अपने घरों में भी निखिल जयंती पर विशेष पूजन किए। उल्लेखनीय है कि डॉ नारायण दत्त श्रीमाली का यह सिद्धांत था कि गृहस्थ जीवन की समस्याओं के पूर्ण ज्ञान हेतु गृहस्थ बनना आवश्यक है। अनुभव प्राप्त कर ही शुद्ध ज्ञान प्रदान किया जा सकता है। उनके द्वारा रचित सैकड़ों ग्रन्थों में मनुष्य के जीवन में त्रास को मिटाकर सन्तोष और तृप्ति प्रदान करने की भावना निहित है। उनके द्वारा स्थापित अन्तर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार के साथ-साथ निखिल मंत्र विज्ञान मासिक पत्रिका पूर्ण रूप से गतिशील हैं। उनके द्वारा प्रदान किया गया ज्ञान ही इसका आधार है और ज्ञान की इस अजस्र गंगा में लाखों शिष्य सम्मिलित हैं।

### बेरमो में ग्राम पंचायत सहायता केन्द्र से संबंधित बैठक आहुत की गयी



बेरमो। बेरमो प्रखण्ड में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में ग्राम पंचायत सहायता केन्द्र से संबंधित बैठक आहुत की गई। जिसमें बेरमो प्रखण्ड के सभी पंचायतों के पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों ने भाग लिया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि पंचायत के विकास में ग्राम पंचायत सहायक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्हें आवंटित पंचायत सचिवालय भवन में प्रतिदिन पालीवार बैठते हुए आम जनों के कायों का निष्पादन किया जाना है। उन्हें मुखिया एवं पंचायत सचिव तथा अन्य से समन्वय स्थापित कर पंचायत विकास कार्य करना है। नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना एवं सभी प्रकार के आवेदन प्राप्त कर सही तरीके से भरकर संबंधित को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। पंचायत भवन की साफ-सफाई एवं सामग्रियों के रख-रखाव पर प्रकाश डाला गया। बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेरमो मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार पाण्डेय, सुबोध कुमार प्रजापति, आनन्द प्रसाद, किशुन मुण्डा, सुजिता कुमारी, उमा कुमारी, विनिता कुमारी, दीपक लोहरा पंचायत सचिव के अतिरिक्त संतोष महतो, तालेश्वर यादव, सोनी कुमारी, मो शादाब, भोला कुमार, अनिल कुमार, खुशनुदानुरी, चन्द्रवर महतो, मोतिलाल बेसरा, पिंकी कुमारी, एसएमजीशान अली, राजू प्रजापति, प्रति कुमारी, विक्की साव आदि उपस्थित थे।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी संग पंचायत समिति सदस्यों की हुई मासिक बैठक



गोड्डा। मेहरामा सह अंचल कार्यालय मेहरमा के सभागार कक्ष में मंगलवार को आयोजित प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक को निरस्त किया गया। जहां इस संबंध में प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी ने कहा कि पत्र के माध्यम से मासिक बैठक की सूचना प्रखंड के संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को कराई जाती है, लेकिन कई विभागों के प्रखंड अधिकारी बैठक में शामिल नहीं होते हैं।जिस कारण से प्रखंड क्षेत्र में विकास एवं कार्यों के बारे में जानकारियां पंचायत समिति सदस्यों को नहीं प्राप्त हो पाती है। जहां उप प्रमुख ब्रह्मदेव स्वर्णकार ने कहा कि कई मासिक बैठक में भी इस तरह का कार्य देखने को मिलता है, पत्र के माध्यम से सूचना मिलने के बाद भी कई विभागों के प्रखंड अधिकारी नहीं पहुंचते हैं। पंचायत समिति सदस्यों ने इस संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर आगामी बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारी पंचायत समिति सदस्यों के मासिक बैठक में नहीं पहुंचते हैं, तो हम सभी पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी साहब लाल हांसदा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार सिन्हा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ रीता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अंबुज मुर्मू एवं आपूर्ति विभाग से निरंजन कुमार,मो हयात,सुड़नी पंचायत के पंसस अरविंद पासवान, शंकरपुर पंचायत की पंसस प्रियंका कुमारी, सुखाड़ी पंचायत के पंसस प्रमोद कुमार कर्ण सहित सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

### पृथ्वी दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान



दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मंगलवार को विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायत में पदस्थापित पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्धरियावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इस अवसर पर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने पर सामूहिक चर्चा हुई। अपने आसपास के क्षेत्रों की साफ- सफाई रखने पर विशेष जोर देते हुए बताया कि पृथ्वी एक बहुत व्यापक शब्द हॆ इसमें जल, हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक शामिल हैं। वैसे तो कई तरीके हैं। जिससे हम अकेले और सामूहिक रूप से धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं। हमें प्रत्येक दिन को पृथ्वी दिवस मानकर उसके संरक्षण के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। पृथ्वी के संरक्षण के लिए पालीथिन के उपयोग को नहीं करनें, कागज का इस्तेमाल कम करने और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। चुकी जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी। उतना ही पृथ्वी का कचरा काम होगा। उन्होंने लोगों से गुजारिश किया कि हमें अपने जीवन काल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण की स्वच्छता एवं संतुलन बना रहे।

### डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने मनाया अर्थ दिवस




बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन और ईएम एण्ड पीसी विभाग द्वारा मंगलवार को यहां के छाय तालाब के पास अर्थ दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा वरिष्ठ जीएम पीके मिश्रा अविजीत घोष डीजीएम राजीव कुमार वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार आरपी सिंह राजीव तिवारी आशुतोष साहा अक्षय कुमार सुबोध पासवान बद्रीनारायण राठिया धनंजय कुमार निराला टीपी यादव मनीष कुमार जैनुदीन गणेश मांझी आदि डीवीसी कर्मियों और स्थानीय लोगों ने अर्थ दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान श्री शर्मा ने लोगों से अपील किया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर वह एक पेड़ अपने नाम से लगाए और उसका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है।

### बेरमो बीडीओ ने बैठक कर पंचायत सचिवालय के संचालन में पंचायत सहायकों को सौंपी जिम्मेवारी

जरीडीह बाजार( बेरमो)। पंचायतों में पंचायत सहायता केंद्र के संचालन हेतु बेरमो बीडीओ ने मंगलवार को पंचायत सहायकों के साथ अहम बैठक किया, इस दौरान प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मिथिलेश पांडेय, प्रखंड समन्वयक, सुबोध कुमार प्रजापति सहित कई पंचायत सचिव भी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने पंचायत सचिवालय के संचालन हेतु पंचायत सहायकों को कई दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने पंचायत सहायकों से कहा कि आप धरातल से जुड़े सरकार की अहम अंग हो, आपके निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक सहयोग से सरकार के समग्र विकास के संकल्प के अनुरूप पंचायतों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सकती है, सरकार ने आप सबको अहम और बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है, जिसे निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। इस संबंध में बीडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतो में पंचायत सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, इसके संचालन हेतु पंचायत सहायकों को हम जिम्मेवारी सौंपी गई है, अब ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, जाति आवासीय जन्म प्रमाण पत्र सहित ग्रामीणों की अब सारे कार्यों का निष्पादन पंचायत सचिवालय में होगा। मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायक मौजूद थे।

# सऊदी अरब के साथ संबंधों में असीम संभावनाएं : मोदी

## दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह

**प्रधानमंत्री ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व की प्रंशसा की**

एजेंसी

**जेद्दा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से आरंभ हो रही सऊदी अरब की उनकी दो दिवसीय यात्रा के पहले दोनों देशो के बीच बढ़ते संबधों की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा है कि अस्थिरता से भरी दुनिया में दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े हैं। श्री मोदी ने अरब न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मंगलवार से शुरू हो रही सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वर्ष 2016 और 2019 के बाद उनकी सऊदी अरब की उनकी यह तीसरी यात्रा है। मोदी ने सऊदी अरब को एक विश्वसनीय और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए कहा कि वर्ष 2019 से रणनीतिक साझीदार परिषद के गठन के बाद से दोनो देशो के बीच द्विपक्षीय संबध महत्वपूर्ण रूप से काफी व्यापक हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी साझीदारी में असीमित संभावनाए हैं। अस्थिरता से भरे समूचे विश्व में हमारे संबध स्थायित्व के स्तंभ की भांति मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने सऊदी क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व की प्रंशसा की और उन्हें दोनों देशो के बीच मजबूत संबधों का हिमायती और द्रष्टा करार दिया। उन्होंने कहा कि सऊदी प्रिंस ने अपने विजन 2030 के लिए पूरी दुनिया में प्रंशसा प्राप्त की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बार जब मैं उनसे मिलता हूँ तो क्राउन प्रिंस ने मेरे ऊपर विशेष प्रभाव छोड़ा है। उनकी अंतरदृष्टि, दूरदर्शी सोच की संकल्पना और अपने लोगों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए उनका जुनून काबिले तारीफ है। मोदी ने दोनों देशो के साझे आर्थिक महत्वाकांक्षाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा, कृषि एवं उवर्रकों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दोनो देशो के बीच व्यापारिक संबधों में बढ़ोतरी हुई है।

मोदी ने प्रमुखरूप से ग्रीन हाइड्रोजन और प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में सऊदी अरब और भारतीय व्यापारिक संबधों के गहरे एकीकरण पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय कंपनियां सऊदी अरब के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी पैठ बनाने में कामयाब हुई है। मोदी ने सऊदी अरब को वर्ल्ड एक्सो 2030 और फीफा वर्ल्ड कप 2034 के आयोजन की मेजबानी हासिल करने पर बधाई दी और इसे दोहरी सफलता करार दिया। प्रधानमंत्री ने दोनो देशों के बीच बढ़तें रक्षा सहयोग और दोनों देशो की सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास को बढती रणनीतिक विश्वास का संकेत करार दिया। सितम्बर 2023 में जी 20 सम्मेलन के दौरान आंरभ हुए भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक कारीडोर के बारे में मोदी ने कहा कि यह परियोजना समूचे क्षेत्र में विकास, वाणिज्य और कनेक्टिविटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से हमारे रिश्ते नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे याद है 2016 में मुझे किंग सलमान से द आर्डर आफ किंग अब्दुल अजीज सम्मान से सम्मानित किया गया था।



जेद्दा में मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मक्का के डिप्टी-गवर्नर प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ।

### जेद्दा का भारत के साथ एक विशेष संबंध रहा

जेद्दा का भारत के साथ एक विशेष संबंध रहा है। सदियों से, यह प्रसिद्ध शहर हमारे व्यापार और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान के लिए प्रमुख धमनियों में से एक रहा है। मक्का के प्रवेश द्वार के रूप में, सदियों से, हमारे तीर्थयात्री हज और उमराह के लिए अपनी पवित्र यात्रा पर जेद्दा की गलियों से गुजरते रहे हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर काम कर रहे हैं। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में भारत और सऊदी अरब और सामान्य रूप से क्षेत्र के बीच आर्थिक संबंधों को बदलने की अपार क्षमता है।



## पटना के आसमान में दिखा शौर्य का पराक्रम, सूर्यकिरण की कलाबाजियों ने रचा इतिहास

**पटना। राजधानी पटना का जेपी गंगा पथ मंगलवार को गर्व और रोमांच का गवाह बना, जब भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम ने आकाश में अद्भूत करतब दिखाए। यह नजारा सिर्फ एक एयर शो भर नहीं था, बल्कि वीरता, अनुशासन और देशभक्ति का जीवंत प्रदर्शन भी था। शौर्य दिवस की गरिमा को नई ऊंचाइयां मिली और बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाने की सराहनीय पहल भी हुई। बिहार सरकार की ओर से महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाने की पहल को एक ऐतिहासिक रंग मिल रहा है। नौ हॉक-132 जेट विमानों ने पटना के नीले आकाश को अपनी लहरदार फॉर्मेशन, लूप्स और धमाकेदार डाइव्स से सजा दिया। प्रदर्शन को देखने के लिए हजारों की संख्या में छात्र, बच्चे और आमजन सभ्यता द्वार के सामने उमड़े।**

# संसद ही सर्वोच्च, इससे ऊपर कोई नहीं : धनखड़

## संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं : उप राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए मंगलवार को कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है। धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम कर्तव्यम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही असली मालिक हैं। किसी भी लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नागरिक सर्वोच्च है क्योंकि राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों से ही निर्मित होते हैं। उनमें से प्रत्येक की एक भूमिका है। लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और स्पंदित होती है। नागरिकों के सतर्क होने से लोकतंत्र विकसित होगा और इसके मूल्यों का संवर्धन होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के विकसित होने के लिए नागरिक योगदान देता है और इसका कोई विकल्प नहीं है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ लोगों ने हाल ही में संवैधानिक पद औपचारिक या अलंकरण बताया है। यह एक गलत समझ है। उन्होंने कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी प्राधिकार की परिकल्पना नहीं है। संसद सर्वोच्च है और यही स्थिति है। हम भारत के लोग का हिस्सा लोकतंत्र में एक अणु हैं और उस अणु में परमाणु शक्ति है। वह परमाणु शक्ति चुनावों के दौरान प्रतिबिंबित होती है और इसीलिए हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं।

धनखड़ ने कहा कि संविधान का सार,मूल्य और अमृत संविधान की प्रस्तावना में समाहित है। सर्वोच्च शक्ति हम, भारत के लोग, के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री जिन्होंने आपातकाल लगाया था, उन्हें वर्ष 1977 में जवाबदेह ठहराया गया था। इसलिए इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान लोगों के लिए है और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्वाचित प्रतिनिधियों की है। संविधान के लिए वहीं अंतिम स्वामी हैं।





# शेयर बाजार में छठे दिन भी तेजी

## सेंसेक्स 187 और निफ्टी 41 अंक चढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच आरबीआई की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा-निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। केंद्रीय बैंक के इस उपाय से बीएसई के 11 समूहों में तेजी रही। इस दौरान रियल्टी 2.40, एफएमसीजी 1.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.43, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.75, कमोडिटीज 0.17, सीडी 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.27, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.61 और धातु समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.16 और जापान के निक्केई में 0.17 प्रतिशत में गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 320 अंक की तेजी के साथ 79,728.39 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,253.44 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 79,824.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,408.50 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत चढ़कर 79,595.59 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 60 अंक बढ़कर 24,185.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,072.00 अंक के निचले जबकि 24,242.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।



# बाहरी लोगों ने की मुर्शिदाबाद में हिंसा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद जिले के धूलियन क्षेत्र में वक्फ अधिनियम को लेकर भड़की हिंसा को बाहरी तत्वों की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही इस हिंसा के पीछे की साजिश को बेनकाब करेगी। मंगलवार को पश्चिम मेदिनीपुर में आयोजित एक प्रशासनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। कुछ बाहरी लोग इस हिंसा के पीछे थे लेकिन हम उन्हें और उनकी साजिश को जल्द उजागर करेंगे। मुख्यमंत्री ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 10 लाख के मुआवजे की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिनके घर हिंसा में जलाए या तोड़े गए हैं, उन्हें बांग्लार बाड़ी योजना के तहत फिर से बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल के शुरू में मुर्शिदाबाद के धूलियान नगरपालिका के दो वार्डों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध को लेकर हिंसक झड़पें हुई थीं, जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी। इनमें एक पिता-पुत्र भी शामिल थे, जिन्हें घर से निकाल कर मौत के घाट उतार दिया गया था। पुलिस ने अब तक इस मामले में 280 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# यूपीएससी में बिहार के तीन छात्र टॉप 20 में

**सीतामढ़ी के राज कृष्ण झा को आठवां और बक्सर के हेमंत मिश्रा को मिला 13 वां स्थान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में इस बार बिहार से छह उम्मीदवारों को सफलता मिली है। इसमें जमुई के तीन, सीतामढ़ी के एक, पूर्व चंपारण के एक और बक्सर के एक अभ्यर्थी शामिल हैं। तीन अभ्यर्थियों ने टॉप 20 में अपनी जगह बनाई है। सीतामढ़ी के अथरी गांव निवासी राज कृष्ण झा ने आठवीं रैंक हासिल कर बिहार का नाम रोशन किया है। राज कृष्ण फिलहाल कोल्हापुर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम में असिस्टेंट मैंनेजर के पद पर कार्यरत हैं। देश की सबसे कठिन परीक्षा में एक यूपीएससी सीएसई 2024 पास करने वाले राज कृष्ण झा की सफलता गांव ही नहीं पूरे बिहार में खुशी है। वहीं बक्सर जिले के कुसरूपा गांव निवासी हेमंत मिश्रा ने 13वां स्थान हासिल कर बिहार का नाम रोशन किया। रोशन यूपी के मिजार्पुर में एसडीएम हैं। यूपीएसपी में सफलता नहीं मिलने पर उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की और एसडीएम बन गए। नौकरी करते हुए उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और इस बार यूपीएससी की परीक्षा में 13वां स्थान हासिल किया।

**जमुई जिले में तीन छात्रों को मिली कामयाबी :** जमुई के संस्कृति त्रिवेदी, ईशा रानी और पारस कुमार ने यूपीएससी सीएसई 2024 में सफलता पाई है। त्रिवेदी को 17वां स्थान मिला है। पारस कुमार को 269वां स्थान मिला है। पारस फिलहाल जमुई में शिक्षा विभाग में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी हैं। वहीं ईशा रानी ने 384 स्थान हासिल किया है। इसके अलावा पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन के पिठवा निवासी संजीव कुमार ने भी 583वां स्थान प्राप्त किया है।

# भारत में अनंत संभावनाओं का अहसास: वेंस

**▸▸ अमेरिका के उप राष्ट्रपति बोले, भारत में मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी**
**▸▸ जल्द दोनों देशों के बीच व्यापारिक समझौता**

एजेंसी

जयपुर। संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इन दिनों भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को जयपुर में आयोजित एक बिजनेस समिट में उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों, संभावित व्यापार समझौते और भारत की जीवंत संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मैंने कई देशों की यात्रा की है, जहां अक्सर एक नीरसता महसूस होती है। लोग एक जैसे बनने की कोशिश करते हैं। बाकी दुनिया की नकल करते हैं, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। यहां एक अनूठी जीवंतता है। अनंत संभावनाओं का अहसास है। नए घर और इमारतें बन रही हैं। जीवन समृद्ध हो रहा है। भारतीय होने का गर्व और भविष्य के प्रति उत्साह यहां हर कदम पर झलकता है। उन्होंने कहा कि भारत में मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी हैं। यह ऐसी यात्रा है जो उनके लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि उनकी पत्नी के माता-पिता यहीं जन्मे थे। भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकासशील दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की वास्तुकला, इतिहास और परंपराएं अद्भुत हैं, लेकिन उससे भी अधिक प्रेरणादायक है, यहां का भविष्य के प्रति दृष्टिकोण। भारत की ऊर्जा उसके गौरवशाली अतीत और प्रगतिशील भविष्य के संतुलन में निहित है।

उपराष्ट्रपति वेंस ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि फरवरी में ट्रंप और मोदी की मुलाकात में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वेंस ने रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका भारत के साथ किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक सैन्य अभ्यास करता है। हम अत्याधुनिक तकनीकों के विकास और महान चीजों के निर्माण में मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है जो एक स्वतंत्र, समृद्ध और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए वेंस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बेहद टफ नेगोशिएटर हैं।



जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किला का भ्रमण करते अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पत्नी और बच्चे।






स्पीड न्यूज

### भागलपुर में लूट का विरोध करने पर महिला को ट्रेन से फेंका, मौत

**भागलपुर।** बिहार में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के साहिबगंज - भागलपुर रेलखंड पर मंगलवार को कामख्या - गया एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ अपराधियों ने लूटपाट का विरोध करने पर एक महिला यात्री को ट्रेन से फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सरकारी रेल पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इस रेलखंड के सबौर स्टेशन के पास मंगलवार की अहले सुबह 15620 कामख्या - गया एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य बोगी में कुछ अपराधियों ने लूटपाट करना शुरू कर दिया। इस दौरान महिला यात्री काजल कुमारी ने रुपए और मोबाइल छिनने का विरोध किया। इसके बाद अपराधियों ने उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया और मौत हो गयी।

### मप्र : नदी में गिरी जीप , आठ की मौत

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक जीप के नदी में गिरने के कारण उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिमरी गांव के समीप एक जीप सुनार नदी के पुल पर से अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। उसमें सवार एक बच्चा समेत आठ लोगों की मौत हो गयी।

### बिहार में सीएम पद की वैकेंसी नहीं है : मांझी

**गया।** केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है। श्री मांझी ने खरखुरा मुहल्ले में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान श्री यादव पर हमला बोला और कहा वह इंडिया गठबंधन के संयोजक हो सकते हैं लेकिन मुख्यमंत्री के दावेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का लगातार विकास हो रहा है।

### उप महापौर को भी मिलेंगी महापौर की तरह सुविधायें

**पटना।** बिहार के नगर निगमों में अब उप महापौर को महापौर की तरह ही सुविधायें मिलेंगी। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद नगर निगम,नगर परिषद के उप महापौर,उप मुख्य पार्षद को वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।इसके अलावा, जिन नगर निकायों में उप महापौर,उप मुख्य पार्षदों को कार्यालय कक्ष, कार्यालय उपस्कर एवं कार्यालय परिचारी उपलब्ध नहीं है, उन्हें अब ये सभी सुविधायें मिलेंगी।

### अमृतसर में बिश्नोई गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**अमृतसर ।** पंजाब की अमृतसर पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े चार युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच पिस्तौल और कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार युवकों की पहचान शिवम, जशनदीप, नवदीप, और उज्वल के रूप में हुई है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि यह एक बड़ी कामयाबी है, क्योंकि ये युवक हत्या की साजिश रच रहे थे, लेकिन समय रहते पकड़े गए।

### अमरेली में विमान क्रैश, पायलट की मौत

**अमरेली ।** गुजरात के अमरेली में मंगलवार दोपहर एक निजी कंपनी का विमान क्रैश हो गया है। जानकारी के अनुसार, विमान में कुल दो लोग मौजूद थे। विमान उड़ा रहे पायलट की दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लेन क्रैश होने पर तेज धमाका हुआ और उसमें आग लग गई। इस दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।